CMYK

सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 29.1
न्यूनतम : 23.3

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-99 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 27 सितम्बर 2025
04 रबीउल आखिर 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

शुद्धता की परंपरा

मराठा साम्राज्य की धरती से।

अब लखनऊ में

२७ सितम्बर २०२५, शाम ५.३० बजे।

भव्य उद्घाटन समारोह के अतिथी

सन्माननीय अतिथि
श्री. दानीश आज़ाद अंसारी जी
(मा. राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार)

मुख्य अतिथि
श्री. ब्रजेश पाठक जी
(मा. उपमुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार)

सेलिब्रिटी अतिथि
सुष्मिता सेन
(बॉलीवुड अभिनेत्री)

0% कटौती*
पुराने सोने के एक्सचेंज पर

५०% फ्लैट छूट*
सोने के गहनों की बनवाई पर

१००% फ्लैट छूट*
हीरे के गहनों की बनवाई पर

PNG
JEWELLERS

*शर्तें लागू, ऑफर २७ सितम्बर से २६ अक्टूबर २०२५ तक उपलब्ध।

४/३००, पत्रकारपुरम के पास, विवेक खंड, गोमती नगर, राजीव गांधी वार्ड, जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश - २२६०१०. संपर्क: +९१ ९०४४१ ८२१६६

टोल फ्री नं: १८०० २३३ ५००५ (सुबह ११ – शाम ७) www.pngjewellers.com I info@pngadgil.com

INDIA I USA

CMYK

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने टॉपर छात्रा को सौंपी जिले की कमान

जनसुनवाई में दहेज उत्पीड़न पर दिए कड़े निर्देश

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शारदीय नवरात्रि पर जिले ने देखी नारी शक्ति की चमक। मिशन शक्ति 5.0 के तहत इंटरमीडिएट टॉपर यशी रस्तोगी शुक्रवार को पूरे जिले की कमान संभालती नज़र आईं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और अनिल कुमार रस्तोगी की मौजूदगी में यशी को पुष्पगुच्छ और प्रमाणपत्र भेंट कर एक दिन का डीएम बनाया। डीएम ने अपनी कुर्सी पर यशी को बिठाते हुए 1 दिन की डीएम का प्रमाण पत्र, स्कूल बैग और मिशन शक्ति स्पेशल किट देकर सम्मानित किया डीएम के तौर पर यशी ने जनसुनवाई में फरियादियों की शिकायतें सुनीं और दहेज उत्पीड़न के एक मामले पर अफसरों को तुरंत न्याय दिलाने के निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, इस कुर्सी पर बैठना मेरे लिए गर्व का क्षण है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के आशीर्वाद से संभव हुआ। मैं खुद को इस पद के लायक नहीं मानती, लेकिन यह अनुभव जिंदगीभर याद रहेगा यशी ने बेटियों से अपील की पढ़ो-लिखो, आगे बढ़ो और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहो। बालिकाएं व महिलाएं अन्याय के खिलाफ बेखौफ आवाज़ उठाएं। बताते चलें कि बेहजम स्थित राजरानी माता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा यशी ने इंटरमीडिएट में जनपद टॉप कर पहले ही जिले का नाम रोशन किया है डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के साथ ही मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिला स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, न्याय दिलाना और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने जैसे मुद्दों पर जनपद भर में विविध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। आने वाले दिनों में महिला स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय से जुड़े कई नवाचार कार्यक्रम और गति पकड़ेंगे, ताकि नारी शक्ति को और सशक्त बनाया जा सके। यशी की एक दिन की डीएम की ताजपोशी न सिर्फ बालिकाओं के लिए प्रेरणा बनी बल्कि नारी सशक्तिकरण की बुलंद मिसाल भी पेश कर गई। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव, तहसीलदार मितौली दिनेश कुमार मौजूद रहे।

बरेली में हुआ बड़ा बवालः उपद्रवियों ने किया पथराव, तोड़फोड़, पुलिस ने किया लाठीचार्ज, मची भगदड़, कई दर्जन उपद्रवी हुऐ गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

बरेली। आई लव मोहम्मद पोस्टर को लेकर विरोध प्रदर्शन ने शुक्रवार को बरेली की फिजा बिगाड़ दी। पुलिस प्रशासन के अनुमति रद्द करने और लाख समझाने के बावजूद नफरती मौलाना तौकीर रजा नहीं माने। उनके बुलावे पर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आये। पुलिस ने उन्हें रोकने और समझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। भीड़ में शामिल कुछ खुराफाती तत्वों ने प्रदर्शन की आड़ में पुलिस और बाजार में दुकानदारों पर पथराव शुरू कर दिया। दुकानों में तोड़फोड़ होने लगी। हालात को काबू करने के लिये पुलिस ने उपद्रवियों पर लाठीचार्ज कर दिया। डीआईजी अजय साहनी के नेतृत्व में एसएसपी अनुराग आर्य, डीएम अविनाश सिंह, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी अंशिका वर्मा, एसपी मुकेश मिश्रा, एसपी अकमल खान की टीमों ने शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये बलपूर्वक भीड़ को सड़कों से खदेड़ दिया। बरेली शहर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। बवाल और उपद्रव की सूचना पर शहर के बाजार बंद होने लगे। आलमगिरीगंज, बांसमंडी, सिविल लाइंस, बड़ा बाजार, कुतुबखाना, बिहारीपुर में दुकानों के धड़ाधड़ शटर गिरने लगे। इस्लामिया मैदान से लौटते वक्त उपद्रवियों ने कुमार टॉकीज के पास और आजमनगर में भी पथराव कर दिया। जिस पर पुलिस ने बलपूर्वक उन्हें खदेड़ दिया। लोग वहां से फरार हो गए। पुलिस ने दो दर्जन से ज्यादा उपद्रवियों को हिरासत में ले लिया है।

खलील स्कूल के पास प्रदर्शनकारियों ने बैनर-झंडे लेकर करी नारेबाजी

आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर मौलाना तौकीर रजा की कॉल पर शुक्रवार को भीड़ सड़कों पर उतरी। मस्जिदों से निकलकर लोग हाथों में तख्तियां और झंडे लिए नारेबाजी करते हुए इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान की ओर बढ़ने लगे। जैसे ही भीड़ खलील तिराहे पर पहुंची, पुलिस ने रोका तो माहौल गरमा गया। जिस पर भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। दो बाइकें तोड़ी गईं और एक दुकान पर तोड़फोड़ की गई। अचानक हुए बवाल से पूरे इलाके में भगदड़ मच गई। सड़क पर चारों ओर चप्पलें, पत्थर और टूटे वाहनों के शीशे बिखरे पड़े थे। अफरातफरी का आलम यह रहा कि खलील तिराहे से लेकर बिहारीपुर चौकी तक हालात बेकाबू हो गये। जिसे पुलिस ने बड़ी कोशिश के बाद संभाला।

आंसू गैस के गोले छोड़े, पुलिस ने किया बल प्रयोग, भीड़ खदेड़ी गयी

स्थिति को बिगड़ते देख पुलिस ने बल प्रयोग किया और उपद्रवियों को दौड़ाकर खदेड़ा। कई बार भीड़ लौट-लौटकर आती रही, लेकिन पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए उन्हें तितर-बितर कर दिया। कुछ देर तक इलाका संग्राम भूमि में तब्दील रहा। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे और फ्लैगमार्च निकालकर इलाके में सख्ती बढ़ा दी।

डीआईजी अजय साहनी और एसएसपी अनुराग आर्य उन्होंने हालात पर नज़र रखते हुए पुलिस बल को निर्देश दिए और हर गली-चौराहे पर पुलिस तैनात कर दी। देखते ही देखते खलील तिराहा और आसपास का इलाका छावनी में तब्दील हो गया।

शहर में अफवाहों और भीड़ की दहशत, बसें भी रोकी गईं

श्यामगंज, कोहाड़ापीर और आसपास के इलाकों से होकर गुजरने वाली रोडवेज बसों का संचालन रोक दिया गया। दुकानों के शटर गिरा दिए गए।

भीड़ की हरकतों ने शहर में दहशत फैला दी। पुलिस ने बार-बार घोषणा की कि किसी को कानून हाथ में लेने की इजाज़त नहीं दी जाएगी।

शहर में उपद्रव की अफवाहों ने बाजार बंद करवा दिया। दरअसल पुलिस प्रशासन की अनुमति न होने के बावजूद बरेली का बार बार माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाला नफरती मौलाना तौकीर रजा के फरमान पर भीड़ ने जबरन इस्लामियां मैदान में घुसने की कोशिश की। मौलाना की इस जिद ने पूरे शहर को अशांति के मुहाने पर ला खड़ा कर दिया। पुलिस की तत्परता और बल प्रयोग से हालात तो काबू में आ गए, लेकिन इलाके में तनाव और दहशत अब भी कायम है।

रंजिश के चलते घर में लगायी आग

लखीमपुर-खीरी। भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा में एक परिवार के जागरण से लौटने पर उन्हें अपना घर जला हुआ मिला। शिवम पुत्र छोटेलाल ने बताया कि 24 सितंबर की रात को वह परिवार के साथ जागरण देखने गया था। घर पर उनका भाई राजकुमार अकेला था रात के समय कुछ पड़ोसी रंजिश के चलते घर में घुस आए। उन्होंने घर में आग लगा दी, जब राजकुमार ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे बांधकर मारपीट भी की।इस हमले में राजकुमार के सिर में गंभीर चोटें आईं। आग में घर में रखे 20 हजार रुपये नकद, 10 क्विंटल गेहूं, कपड़े और अन्य सामान जलकर राख हो गया। जब शिवम घर पहुंचा, तब तक सब कुछ जल चुका था और उसका भाई बंधा हुआ था। किसी तरह भाई जलने से बच गया। शिवम ने आरोपियों के नामजद तहरीर पुलिस को दी है। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके का मुआयना किया।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। थाना खीरी पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 620/25 धारा 87/137(2)/64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त मो0 नसीर उर्फ बवलू पुत्र मो0 शकील निवासी ग्राम भीराघासी थाना व जिला खीरी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

शनिवार को आयोजित होगा संपूर्ण समाधान दिवस

लखीमपुर-खीरी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस लखीमपुर सदर तहसील के स्थान पर मितौली तहसील में होगा आयोजित।

राजेश कुमार सिंह ने संभाला कोतवाली सदर का चार्ज

लखीमपुर-खीरी। कोतवाली सदर से हटाए गए इंस्पेक्टर हेमन्त राय, नवागत कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने संभाला कोतवाली सदर का चार्ज।

जनपद के सभी स्कूलों में 30 सितम्बर को रहेगा दशहरे का अवकाश

लखीमपुर-खीरी। जनपद के सभी स्कूलों में 30 सितम्बर को दशहरे का अवकाश रहेगा स्थानीय अवकाश- जिलाधिकारी द्वारा दिये गए आदेश के क्रम में।

सेवा पर्व पर होगा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत गांधी जयन्ती कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किये जाने हेतु तीनों वर्गों में पृथक-पृथक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप क्रमशः रूपये 51 हजार, 21 हजार एवं 11 हजार की धनराशि उपलब्ध करायी गयी है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि प्रत्येक जनपद से प्रथम स्थान प्राप्त चित्रकलाओं में से प्रत्येक वर्ग के लिये राज्य स्तर पर उत्कृष्ट तीन चित्रकलाओं के पुरस्कार हेतु प्रत्येक वर्ग के लिए राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार 02 लाख द्वितीय पुरस्कार 01 लाख 51 हजार तथा तृतीय पुरस्कार 01 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृति प्रदत्त की गयी है।

कार्यक्रम के कुशलता से आयोजन हेतु मुख्य विकास अधिकारी को नोडल एवं उनके सहयोगार्थ जिला विद्यालय निरीक्षक को सह-नोडल नामित किया गया है। जूनियर वर्ग कक्षा 09 से 12, सीनियर वर्ग कक्षा डिग्री कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, जन सामान्य के कोई भी व्यक्ति जोकि चित्रकला में दक्ष हो या चित्रकला में भाग लेने का इच्छुक हो प्रतिभाग कर सकते है। 27 सितम्बर को जूनियर वर्ग, सीनियर वर्ग एवं आम जनमानस हेतु रेनबो पब्लिक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा। पेंटिग के लिए आवश्यक सामग्री प्रतिभागी को स्वयं लानी होगी।

पुलिस प्रशासन की चाक चौबन्द व्यवस्था के चलते जुमे की नमाज शांति पूर्ण ढंग से संपन्न

पुलिस ने नगर की मुख्य जामा मस्जिद को पुलिस छावनी में किया तब्दील

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिलेंभर में जुमे की नमाज को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। कानपुर व बरेली में आई लव मौहम्मद को लेकर हुए विवाद व बवाल के दृष्टिगत डीआईजी, एसएसपी समेत आला अधिकारियों ने मस्जिद पर कड़े सुरक्षा बंन्दोबस्त किए थे। इस दौरान एक असामाजिक तत्व ने आई लव मौहम्मद का पोस्टर लगाकर शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की चाक चौबन्द व्यवस्था के चलते वह अपने मन्सूबे में कामयाब नहीं हो सका। पुलिस ने उस असामाजिक तत्व को तुरंत हिरासत में ले लिया। जुमे की नमाज को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कडे बन्दोबस्त किए गए थे। नगर की मुख्य जामा मस्जिद को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। जुमे की नमाज के दृष्टिगत जनपद सहारनपुर में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्रोन कैमरों व सोशल मीडिया के माध्यम से सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। डीआईजी अभिषेक सिंह, एसएसपी आशीष तिवारी, एसपी ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा, एडीएम सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी खुद जामा मस्जिद पहुंचकर मोर्चा संभाले हुए थे।

पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जुमे की नमाज शांति पूर्ण ढंग से अदा कराई गई। जुमे की नमाज को लेकर डीआईजी अभिषेक सिंह ने पूर्व में ही पीस कमेटी की मीटिंग कर सभी धर्म गुरूओं से समन्वय स्थापित कर वार्ता की और जनपद में भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया। डीआईजी के निर्देश पर संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार पैदल गश्त की गयी। इसके अलावा एसएसपी आशीष तिवारी ने जुमे की नमाज को देखते हुए रात्रि में पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया। जनपद सहारनपुर में 1500 पुलिसकर्मियों को संवेदनशील व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर तैनात किया गया। इसके बावजूद भी एक असामाजिक तत्व ने आई लव मौहम्मद का पोस्टर लेकर क्षेत्र की शांति व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के चलते उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।

सफाई कर्मियों का धरना निगम प्रांगण में तीसरे दिन भी जारी

सहारनपुर। भारतीय सफाई मजदूर संघ एवं उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले सफाई कर्मियों ने भवन स्वामित्व समेत अन्य मांगों को लेकर तीसरे दिन भी नगर निगम प्रांगण में जमकर प्रदर्शन कर धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए सोनी आजाद वाल्मीकि ने कहा कि जनता रोड वाल्मीकि कॉलोनी 65 वर्षो से बसी हुई है उसे समय उत्तर प्रदेश हरिजन समाज कल्याण विभाग के द्वारा शासनादेश आदेश जारी करते हुए सिटी बोर्ड को निर्देश दिए कि सफाई कर्मियों के लिए भवन बनाने हेतु निशुल्क भूमि उपलब्ध कराएगी। कर्मचारियों को भवन बनकर देगा। भवनो का स्वामित्व का अधिकार सफाई कर्मियों को देगा। शासन आदेश के क्रम में तत्कालीन पालिका बोर्ड की अध्यक्ष राजदुलारी गर्ग के द्वारा भवन के स्वामित्व का अधिकार स्थानांतरित करने के लिए बोर्ड प्रस्ताव संख्या 454 सर्वसम्मति से 1996 पारित हुआ, जिसको नगर निगम करने को तैयार नहीं है। उत्तर प्रदेश से सफाई मजदूर संघ के मंडल महामंत्री बृजमोहन चिनालिया ने कहा कि शासन आदेश अनुसार सफाई कर्मी को 20000 रूपये वेतन दिया जाए और उन पर हो रहे शारीरिक-मानसिक उत्पीड़न पर रोक लगाई जाए। यदि अधिकारी अपना रवैया नहीं बदलते हैं, तो उसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। इस अवसर पर रघुवीर चंदेल, प्रीतम सिंह प्रेमी, धीरज आजाद, अनुज बोहत, शिव कुमार, रोहित पहेवल, अशोक तेश्वर ,रिंका प्रधान, सोमपाल ढिलौड, बिट्टू वाल्मीकि, मनमोहन सूद, राकेश सफाई नायक, रामकुमार, प्रमोद सुधा, करण आदिवाल, सुनील रतन खेड़ी, कवल दास, तेजपाल आदि मौजूद रहे।

सिर्फचार दिन और मिलेगी टैक्स में 15 प्रतिशत छूट

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। हाउस टैक्स-वाटर टैक्स जमा कराने वाले करदाताओं के लिए टैक्स में छूट प्राप्त करने के लिए सिर्फ चार दिन बाकि रह गए हैं। टैक्स पर दी जा रही 15 प्रतिशत छूट केवल तीस सितंबर तक ही मिल सकेगी।

कर निर्धारण अधिकारी सुधीर शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि चालू वित्त वर्ष की टैक्स डिमांड पर 15 प्रतिशत की दी जा रही छूट 30 सितंबर के बाद नहीं दी जायेगी। उन्होंने बकायादारों से तीस सितंबर तक अपना टैक्स जमा कराकर टैक्स में छूट का लाभ उठाने की अपील की है।

कर निर्धारण अधिकारी ने कहा कि जिन लोगों को जीआईएस सर्वे के नोटिस मिले हैं, उन्हें यदि लगाये गए टैक्स पर कोई आपत्ति है तो कार्यालय आकर स्व कर मूल्यांकन (सेल्फऐसेसमेंट) का फार्म भरें और बिल प्राप्त कर टैक्स जमा कराएं। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर के बाद इन पर भी छूट नहीं दी जायेगी। उन्होंने बताया कि बड़े बकायादारों की सूची भी तैयार की जा रही है। कर निर्धारण अधिकारी ने ऐसे बकायादारों से समय से टैक्स जमा कराने का अनुरोध किया है ताकि भवन सील व कुर्की की कार्रवाई से बचा जा सके।

कम प्रगति वाले गांवों का रोस्टर बनाकर फैमिली आईडी बनाने का कार्य तेजी से करेंः डीएम

विद्युत बिल में सुधार हेतु लम्बित आवेदनों का त्वरित किया जाए निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने उद्यान अधिकारी को एकीकृत बागवानी विकास मिशन एवं पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों को लक्ष्य के सापेक्ष समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्युत विभाग को विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन की पेंडेंसी को त्वरित निस्तारण के भी निर्देश दिये। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पोर्टल को प्रतिदिन देखा जाए। फसल बीमा योजना के दावों की जानकारी ली तथा जिला कृषि अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित होने पर नारागजी व्यक्त की। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी सीएम डैशबोर्ड की बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें अन्यथा कार्रवाई

की जाएगी।

मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि पीएम एवं सीएम आवास योजना को लक्ष्य के सापेक्ष समय से कार्य को पूर्ण किया जाए जिससे रैकिंग प्रभावित न हो। निर्माण योजनाओं के संबंध में उन्होने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी को जल जीवन मिशन की प्रगति की दिन-प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी में कम प्रगति पर सभी विकासखण्ड अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने एवं सचिवों का संवेदीकरण करने को कहा। उन्होने जिन गांवों में प्रगति नहीं हुई है उन ग्राम सचिवों से वार्ता करने तथा कार्य न करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने तथा अवगत कराने के निर्देश दिए। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को कहा कि खराब प्रगति वाले गांवों का रोस्टर बनाकर कार्य किया जाए तथा ऐसे विकासखण्डों को भी चिन्हित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी बैठक में सही तथ्यों के साथ जानकारी लेकर आएं। पर्यटन विभाग की प्रगति हेतु कार्यदायी संस्थाओं के साथ अलग से बैठक कराने को कहा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढाने हेतु आमजनों को प्रोत्साहित करने के लिए रणनीति बनाने को कहा। पेंशन के संबंध में उन्होने निर्देश दिए कि कोई भी आवेदन पेंडिंग न रहे। समय रहते इसको पूर्ण कर लिया जाए ताकि पात्रों को योजना का लाभ समय से मिल सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, डीएफओ शुभम सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कृषक बन्धुओं को कृषि विभाग की योजनाओं की दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। विकास खण्ड स्तरीय रबी 2025 कृषि निवेश मेला एवं प्रदर्शनी तथा उत्तर प्रदेश मिलेट्स (श्री अन्न) पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें कृषकों को कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने का आह्वान किया गया।

जनपद के विकास खण्ड सरसावा के ब्लॉक प्रांगण में आयोजित कृषि विभाग की कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम प्रगतिशील कृषक अशोक कुमार की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम एसएमएस सदर अमित कुमार ने सभी को कार्यक्रम के उद्देश्यों से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम में एनएस बादल ने कृषि विभाग द्वारा चलाई गई विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। खंड तकनीकी प्रबंधक छत्रपाल सिंह ने राजकीय कृषि निवेश केंद्र सरसावा पर उपलब्ध रबी फसलों की बुवाई हेतु सरसों, चना, मटर मसूर की निशुल्क मिनी किट एवं इसकी जनसेवा केन्द्रों से बुकिंग तथा अन्य कृषि निवेशों की जानकारी दी। डा.सूर्यकांत राठी ने कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पारदर्शी योजना एवं यंत्रों की टोकन व्यवस्था के बारे मे जानकारी दी।

सहायक विकास अधिकारी कृषि अनिल कुमार ने पराली प्रबन्धन के बारे मे कृषकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम मे कृषि विज्ञान केंद्र से आए डॉ.रविंद्र तोमर ने मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत रागी या मंडुवा, सांवा,कोंदों, कंगनी आदि श्रीअन्न के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं सभी किसान भाइयों से श्रीअन्न को अपने भोजन में पुनः सम्मिलित करने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छता कार्यक्रम के विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रगतिशील किसान रविंद्र तौगड़िया ने पशुओं में लगने वाले विभिन्न प्रकार की बीमारी, रोग एवं उनके नियंत्रण और वर्तमान समय में मच्छरों व चूहों के नुकसान से बचने के देशी उपाय बताएं।

कार्यक्रम में विकासखंड सरसावा के विभिन्न ग्रामों से आए प्रगतिशील कृषक अशोक कुमार, गदरहेडी, राम कुमार, चरण सिंह, बिडवी, गुलाब सिंह आलोक कुमार, अगवानहेडा, रामेश्वर, सैदपुरा, ऋषि पाल, झरौली, ,जसमैर सिंह, शाहजहांपुर, जयपाल सिंह, रवि अलीपुरा, धनपाल सिंह, बोन्सा एवं श्रीमती कुन्ता, श्रीमती बाला, श्रीमती मंजू आदि लगभग ढाई सौ पुरुष एवं महिला कृषक उपस्थित रहे।

इस दौरान अमरीश राणा, पुष्पेन्द्र, ओमकुमार प्रधान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएस बादल एवं छत्रपाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

एण्टी रोमियों पुलिस टीम ने दबोचे आठ मनचलें

सहारनपुर। थाना मिर्जापुर की एण्टी रोमियो पुलिस टीम ने मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत आठ मनचलो को गिरफ्तार किया है। थाना मिर्जापुर प्रभारी सुनील नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके नेतृत्व में थाना मिर्जापुर पुलिस की एन्टी रोमियो टीम ने ग्राम मिर्जापुर पोल में भ्रमण के दौरान आठ मनचलो शहजाद पुत्र रियासत निवासी ग्राम ततारुपुर थाना गंगोह, राणा पुत्र राशिद, शौहल पुत्र राशिद, अनीस पुत्र शहीद निवासीगण बाला माजरा थाना गंगोह, साबिर पुत्र जाहिद निवासी ग्राम मिर्जापुर पोल थाना मिर्जापुर, जुल्फान पुत्र इरफान, इस्तकार पुत्र रफीक व इन्तजार पुत्र रफीक निवासीगण ग्राम मिर्जापुर पोल थाना मिर्जापुर को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया। श्री नागर ने बताया कि मनचलो ने अपनी गलती को स्वीकार करते हुए भविष्य में कोई ऐसा अपराध न करने का आश्वासन दिया है।

महिलाएं आपातकाल में हेल्पलाइन का उपयोग करेंः श्रुति

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत निगम में अनेक कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज नगर निगम में एक महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रचार प्रसार के लिए अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, सहायक नगरायुक्त जेपी यादव, कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी व महिला कर्मचारियों ने एक वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा निगम परिसर में ही एक महिला हेल्प डेस्क की भी शुरुआत की गयी। महिलाओं ने मिशन शक्ति के रुप में एक ग्रुप सेल्फी भी ली।

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में महिला कर्मचारियों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनके समाधान के उपाय सुझाए गए और पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 आदि के सम्बंध में जानकारी दी गयी। अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव ने महिलाओं से सरकार द्वारा महिला कल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी ने महिलाओं को बताया कि महिला सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा अनेक हेल्पलाइन शुरु की गयी है, जो बहुत प्रभावी है, शिकायत पर 24 घण्टे के भीतर समस्या का समाधान हो जाता है। किसी भी आपातकालीन स्थिति में वे उनका उपयोग कर सकती हैं। निगम की सभी महिला कर्मचारियों ने मिशन शक्ति के रुप में एक ग्रुप सेल्फी ली और बाद में मिशन शक्ति के प्रचार प्रसार के लिए एक वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

निगम परिसर में एक महिला हेल्प डेस्क की स्थापना भी की गयी। अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव व कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी ने रिबन काटकर हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पार्षद नीरज शर्मा, मुकेश गक्खड़, स. राजेंद्र सिंह कोहली, संजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 29.1
न्यूनतम : 23.3

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-99 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 27 सितम्बर 2025
04 रबीउल आखिर 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

गृह मंत्री कोलकाता में नवरात्र के रंग में रंगे

■ **अमित शाह ने बंग संस्कृति मंच के पंडाल का भी किया उद्घाटन**

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को नवरात्र के रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने कोलकाता में संतोष मित्रा स्क्वायर सर्बोजनिन दुर्गोत्सव समिति के दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उन्होंने 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के लिए देवी दुर्गा से प्रार्थना की है ताकि सोनार बांग्ला का निर्माण हो सके। इस पर टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने पलटवार किया। उन्होंने भाजपा पर बंगाली विरोधी होने और राज्य को धन की कमी से जूझने का आरोप लगाया।

उत्तर कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन करते हुए शाह ने रवींद्रनाथ टैगोर के सुरक्षित और समृद्ध बंगाल के सपने को याद किया। उन्होंने कहा कि मैं सरकार की कामना करता हूं कि वह इस सपने को साकार कर सके। मैंने मां दुर्गा से प्रार्थना की है कि इस चुनाव के बाद एक ऐसी सरकार बने जो सोनार बांग्ला का निर्माण कर सके। हमारा बंगाल एक बार फिर सुरक्षित, समृद्ध, शांतिपूर्ण और समृद्ध बने। हम कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की कल्पना के अनुरूप बंगाल का निर्माण कर सकें। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बंगाल के विकास के माध्यम से हम मोदीजी के विकसित भारत के सपने को पूरा कर सकते हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने साल्ट लेक में भाजपा समर्थित पश्चिम बंग संस्कृति मंच में एक अन्य पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने ईश्वर चंद्र विद्यासागर को श्रद्धांजलि अर्पित की। शाह ने कहा कि विद्यासागर जी ने अपना पूरा जीवन शिक्षा, बंगाली भाषा और महिला सशक्तीकरण के लिए समर्पित कर दिया। करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से मैं उन्हें नमन करता हूं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कोलकाता में हाल ही में बारिश के चलते हुई मौतों पर भी दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्सव की शुरुआत में हमने एक बहुत ही दुखद क्षण का अनुभव किया। 10 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। मैं उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिनकी मृत्यु हो गई।

टीएमसी नेता ने किया पलटवार : अमित शाह के बयान पर टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने पलटवार किया। टीएमसी नेता ने केंद्र पर बंगाल को दो लाख करोड़ रुपये का बकाया नहीं देने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा ने लगातार राज्य के प्रतीकों का अपमान किया है। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि अमित शाह बताएं कि वे हमें मिलने वाले दो लाख करोड़ रुपये कब जारी करेंगे।

शाह ने पटना में की बैठक

■ **चुनाव प्रभारी समेत भाजपा के कई दिग्गज मौजूद**

पटना। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को पटना पहुंचे। वह वीर चंद पटेल मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह समेत कई मंत्री, सांसद, विधायक और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि बैठक में बिहार विधान सभा चुनाव को लेकर संगठन की मजबूती, प्रत्याशियों के चयन और चुनावी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा हो रही है।

इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह चंपारण भी गये थे, जहां उन्होंने कई नेताओं और कार्यकर्ताओं से बातचीत की। यह बैठक बेतिया स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित की गई थी। इस बैठक में पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान और सारण के सांसद, विधायक, विधान पार्षद, जिला अध्यक्ष, कार्यसमिति सदस्य व विधानसभा प्रभारी शामिल हुए।

कुशीनगर ने एयरपोर्ट पर 16 मिनट तक रुके : बिहार के बेतिया पश्चिमी चंपारण चुनावी सभा में शामिल होने के लिए शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। करीब 16 मिनट वह रूके और पार्टी नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। इसके बाद हेलीकाप्टर से वह बेतिया के लिए रवाना हो गए। इसको लेकर डीएम, एसपी अलर्ट रहे,चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था।

बिहार की 75 लाख महिलाओं को दस-दस हजार की आर्थिक सहायता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत बिहार की 75 लाख महिलाओं को दस-दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता आज दे दी गई। इससे बिहार की 75 लाख महिलाओं को अपना स्वरोजगार शुरू करने या उसे आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले इसे एनडीए का एक बड़ा चुनावी दांव माना जा रहा है। लेकिन आर्थिक-सामाजिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह योजना केवल एक चुनावी दांव मात्र नहीं है, इससे बिहार में महिलाओं की सामाजिक स्थिति में भी बड़ा बदलाव आएगा।

■ **सामाजिक व्यवस्था में भी आएगा बदलाव**

प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार, दोनों ही नेताओं की राजनीति में महिलाओं के सशक्तिकरण योजनाओं की अहम भूमिका रही है। मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने का काम किया है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी अनेक योजनाओं से प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण का काम किया है। इसी तरह मुख्यमंत्री नीतीश ने जीविका दीदी योजना, पोशाक योजना, नौकरियों और पंचायतों में आरक्षण देने जैसी योजनाओं के जरिए महिलाओं को मजबूत करने का काम किया है।

लेह-लद्दाख हिंसा में एक्शन : पुलिस ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को किया गिरफ्तार

■ **गृह मंत्रालय ने हिंसा के लिए वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया**

नई दिल्ली। लेह हिंसा मामले में पुलिस ने शक्रवार बड़ी कार्रवाई करते हुए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बुधवार को लेह हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, आगजनी और लोगों के घायल होने की खबर भी सामने आई थी। सोनम वांगचुक को डीजीपी एस,डी, सिंह जामवाल के नेतृत्व वाली लद्दाख पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख को अलग राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर आंदोलन के समर्थकों द्वारा किये गए हिंसक विरोध प्रदर्शन के दो दिन बाद यह गिरफ्तारी हुई है। इस प्रदर्शन में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 अन्य घायल हो गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एस डी सिंह जामवाल के नेतृत्व में पुलिस दल ने अपराह्न 2.30 बजे वांगचुक को हिरासत में लिया। वांगचुक पर लगाए गये आरोपों के बारे में अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हिंसा का कारण बने उकसावे के लिए वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया है।

वांगचुक 'लेह एपेक्स बॉडी' (एलएबी) के वरिष्ठ सदस्य हैं। एलएबी, कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के साथ मिलकर पिछले पांच सालों से इन मांगों के समर्थन में आंदोलन चला रहा है। हालांकि, मांगों के समर्थन में भूख हड़ताल का नेतृत्व कर रहे वांगचुक ने इन आरोपों से इनकार किया है।

भारत को दुर्लभ खनिज तत्वों के उत्पादन में बनना होगा आत्मनिर्भर : मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए भारत को दुर्लभ खनिज तत्वों (आरईई) के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाएगा।

राष्ट्रीय भू-विज्ञान पुरस्कार 2024 समारोह में बोलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए भारत के लिए यह बहुत जरूरी है कि वह दुर्लभ खनिज तत्वों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बने। उन्होंने बताया कि ये तत्व वास्तव में कम नहीं हैं, लेकिन इन्हें पहचानने और अलग करने की प्रक्रिया बेहद जटिल है। यदि देश में स्वदेशी तकनीक विकसित हो जाए, तो यह चुनौती काफी हद तक आसान हो सकती है।

आई लव मोहम्मद के बैनर लेकर सड़कों पर उतरे लोग

■ **बरेली में बवाल, तोड़फोड़ और हंगामा तौकीर रजा नजरबंद**



बरेली। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बरेली में मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। शहर के अलग-अलग इलाकों में आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर बैनर लेकर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे। इस दौरान खलील स्कूल के पास कुछ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की। पुलिस ने स्थिति पर काबू पाने के लिए लाठी पटकीं। साथ ही मौलाना तौकीर रजा को नजरबंद कर लिया गया है। डीआईजी रेंज बरेली अजय कुमार साहनी ने कहा कि नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कुछ शरारती तत्व माहौल खराब करना चाहते थे, उन्हें खदेड़ दिया गया है।

श्यामगंज में पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान एसपी क्राइम से नोकझोंक भी हुई, लेकिन जुलूस के रूप से भीड़ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ती गई। स्थिति को देखते हुए श्यामगंज में पुलिस ने दुकानें भी बंद करा दी गई।

गुरुवार शाम से ही शहर भर में बढ़ा दी गई थी चौकसी

इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के एलान के बाद से शहर में गहमागहमी का माहौल है। मौलाना ने आई लव मोहम्मद मामले में डीएम के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने की बात कही है। ज्ञापन में लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से शामिल होने की अपील की। इसके मद्देनजर गुरुवार शाम से ही शहर में चौकसी बढ़ा दी गई थी।

नौमहला मस्जिद के बाहर भी सैकड़ों लोग जुटे। लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं, खलील स्कूल के पास प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। प्रदर्शनकारियों को शांत कराने के लिए पुलिस ने लाठियां पटकीं तो भगदड़ मच गई।

शुक्रवार को सुबह से ही इस्लामिया मैदान और बिहारीपुर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। श्यामगंज मंडी वाले रोड पर बैरिकेडिंग करने के साथ भारी फोर्स तैनात की गई। सैलानी इलाका बंद रहा। दोपहर होते-होते लोग घरों से निकलने लगे। जुमे की नमाज के बाद लोग जुलूस के रूप से नारेबाजी करते हुए सड़कों पर निकले। इस दौरान कुछ लोगों ने हंगामा और तोड़फोड़ शुरू कर दी। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने शक्रवार सुबह एक वीडियो जारी कर कहा था कि मीडिया जो खबरें चल रही हैं, वह सरासर गलत हैं। पुलिस प्रशासन के साथ कुछ मुखबिरों ने मिलकर साजिश रचकर यह काम किया है।

दिवाली में मुफ्त सिलिंडर, छूटे छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

यूपी कैबिनेट के फैसले

■ **सेमी कंडक्टर इकाई में होगा 3700 करोड़ का निवेश**

लखनऊ। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। इसमें 22 प्रस्ताव पेश किए गए। सभी पर मुहर भी लग गई। बैठक में तय हुआ कि उज्ज्वला योजना के तहत दो सिलिंडर मुफ्त मिलेंगे। इससे 1.86 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। इसके तहत पहला सिलिंडर दिवाली में दिया जाएगा। यूपी सेमी कंडक्टर नीति के तहत फॉक्सकॉन को स्थान परिवर्तन की मंजूरी दी गई। जिला खनिज न्यास नियमावली को भी मंजूरी मिल गई है। 70 प्रतिशत निधि पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य आदि में खर्च होगी। जबकि 30 फीसदी बुनियादी विकास, शिक्षा आदि में खर्च होगा। इसके अलावा भूतत्व और खनिकर्म के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। वस्त्र नीति 2017 के तहत एक टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क योजना को मंजूरी दी गई है। पीपीपी मॉडल पर 50 एकड़ जमीन पर बनेगा। एक पार्क में 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत होली-दीपावली अवसर पर 1 करोड़ 86 लाख लाभार्थी परिवारों को पिछले वर्ष की तरह ही दो निशुल्क एलपीजी गैस सिलिंडर प्रदान किए जाएंगे। इस संबंध में लाए गए प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

पर्यटन विभाग की ओर से पिछले दिनों अपने यहां विभिन्न पदों का पुर्नगठन व नए पदों का सृजन किया गया था। इसके अनुसार जिला पर्यटन अधिकारी के 50 फीसदी पद लोक सेवा आयोग से सीधी भर्ती से भरे जाएंगे। जबकि, 50 फीसदी पद मौलिक रूप से नियुक्त अपर जिला पर्यटन अधिकारियों में से पदोन्नति से भरे जाएंगे। प्रदेश सरकार ने राज्य में सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इसमें लगभग 3706.12 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत प्रस्ताव में यह कहा गया है कि अतिरिक्त वित्तीय भार, जिसमें स्टांप और निबंधन शुल्क में संभावित 100 प्रतिशत वृद्धि और भूमि लागत में हुई वृद्धि शामिल है, इसे ध्यान में रखते हुए निवेशक को 75 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। कैबिनेट ने छात्रवृत्ति से छूटे छात्रों के लिए दोबारा पोर्टल खोलने के लिए मंजूरी दे दी है। इस फैसले से कुल 4 लाख 88 हजार 544 छात्र लाभांवित होंगे। इनमें सबसे ज्यादा अल्पसंख्यक छात्र हैं।

अब बिना किसी भेदभाव के विद्यार्थियों को मिलता है लाभ : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के चार लाख छात्र-छात्राओं को दिवाली गिफ्ट देते हुए छात्रवृत्ति वितरित की। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सितंबर के महीने में मिल रही है। इसकी सभी विद्यार्थियों को बधाई। पहले जो छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च में मिलती थी अब सितंबर में मिला करेगी। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो हमने 2016-17 और 17-18 की छात्रवृत्ति एक साथ दी। मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक तौर पर कई विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक प्रदान किया।

राहुल गांधी को हाईकोर्ट से झटका, चुनौती याचिका रद्द

■ **अमेरिका में भारत के सिखों पर की गई टिप्पणी मामला**

प्रयागराज। अमेरिका में सिखों को लेकर की गई कथित टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने इस संबंध में की गई शिकायत को खारिज करने के संबंध में दाखिल पुनरीक्षण अर्जी खारिज कर दी है। ऐसे में अब वाराणसी के न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल की गई शिकायत पर सुनवाई होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने दिया है।

वाराणसी निवासी नागेश्वर ने राहुल के अमेरिका में सिखों को लेकर दिए बयान के आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष कंप्लेन फाइल किया था। 28 नवंबर 2024 को कोर्ट ने कंप्लेन खारिज कर दी। कहा कि यह मामला अमेरिका में दिए गए बयान से जुड़ा है। यह उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। इसके बाद वादी ने अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष अदालत) के समक्ष निगरानी याचिका दाखिल की। 21 जुलाई 2025 को अदालत ने याचिका स्वीकार कर ली और न्यायिक मजिस्ट्रेट को नए सिरे से मामले को सुनने के लिए भेज दिया। इस फैसले के खिलाफ राहुल ने हाईकोर्ट में पुनरीक्षण अर्जी दाखिल की थी।

मीडिया में खबरों के आधार पर दी गई है अर्जी

राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी ने दलील दी कि घटना की तिथि का उल्लेख नहीं है। मीडिया खबरों के आधार पर अर्जी दी गई है। ऐसे में याची पर केस नहीं बनता है। वहीं अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने दलील दी कि राहुल का बयान देश को विभाजन की ओर ले जा रहा है।

मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल में अफस्पा की अवधि बढ़ी

नई दिल्ली। देश के पूर्वोत्तर इलाके में शांति कायम रखने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा आदेश जारी किया है। केंद्र सरकार ने मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश में अफस्पा की अवधि छह महीने के लिए बढ़ा दी है।

गृह मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि सरकार ने पांच जिलों के 13 पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर पूरे मणिपुर को छह महीने के लिए अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। वहीं नगालैंड के नौ जिलों और पांच अन्य जिलों के 21 पुलिस थानों में अफस्पा की अवधि छह महीने के लिए बढ़ाई गई है। वहीं अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों और एक अन्य जिले के तीन पुलिस थानों में अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र की अवधि छह महीने बढ़ाई है। तीनों राज्यों के विशेष क्षेत्रों में अशांत क्षेत्र का विस्तार 1 अक्टूबर से छह महीने के लिए प्रभावी होगा। यह कानून अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों और राज्य के नामसे जिले के असम की सीमा से लगे तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू किया गया।

त्योहारी सीजन — अब पहले के मुकाबले जिम्मेदारी और सुरक्षा पर होगा ज्यादा फोकस

भारतीय एयरलाइन कंपनियों पर बढ़ेगी सरकारी निगरानी

■ **आने वाले समय में एयरलाइंस ने करीब 2,000 नए विमान ऑर्डर किए हैं**

नई दिल्ली। देश में त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चली है। ट्रेनों के टिकट फुल होने के बाद यात्रियों के पास अब फ्लाइट का विकल्प बचा है। टिकट महंगे होने के बावजूद लोग घर जाने के लिए फ्लाइट का सहारा ले रहे है। इस बीच नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने भारत में विमानन क्षेत्र में तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए एयरलाइंस पर सख्त निगरानी रखने की जरूरत बताई है। डीजीसीए से जुड़े अफसरों का कहना है कि,भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानान बाजारों में से एक है। आने वाले दिनों में हजारों नए विमान आने वाले है, लेकिन जून में हुए एयर इंडिया हादसे ने सुरक्षा मानकों पर निगरानी को और सख्त कर दिया है। ऐसे सरकार ज्यादा जिम्मेदारी, ज्यादा सुरक्षा निगरानी और ज्यादा जनशक्ति पर फोकस कर रही है।

देश में पिछले एक दशक में वाणिज्यिक विमानों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। जबकि आने वाले समय में एयरलाइंस ने करीब 2,000 नए विमान ऑर्डर किए हैं। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में विमानों के संचालन के लिए सुरक्षा और नियामक ढांचे को मजबूत करना जरूरी होगा, ताकि बढ़ते हवाई यातायात के साथ किसी तरह की चूक न हो।

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की विमानन एजेंसी की त्रैवार्षिक महासभा मॉन्ट्रियल में आयोजित हुई। इसमें नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए है। इस महासभा में भारत के एविएशन सेक्टर को लेकर भी चर्चा हुए। इसमें सामने आया कि भारत का विमानन बाज़ार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वालों में से एक है। लेकिन जून में हुए एयर इंडिया विमान हादसे ने सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे में 260 लोगों की मौत हुई थी, जो पिछले एक दशक में सबसे बड़ी दुर्घटना मानी जा रही है।

सरकारी प्रारंभिक रिपोर्ट में संकेत मिला है कि टेकऑफ़ के तुरंत बाद विमान के फ्यूल इंजन स्विच लगभग एक साथ रन से कटऑफ मोड में चले गए, जिससे पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई और यह हादसा हो गया। दरअसल, भारतीय विमानन क्षेत्र इस समय पायलटों की कमी का सामना कर रहा है। हाल ही में संसद की एक समिति ने चेतावनी दी कि हवाई सुरक्षा नियामक में स्टाफ की कमी सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। जुलाई में नियामक द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय एयरलाइंस में 263 सुरक्षा संबंधी चूक दर्ज की गई है।

हालांकि वर्तमान में भारत के विमानन बाज़ार में इंडिगो और एयर इंडिया एयरलाइंस का दबदबा है, लेकिन बढ़ती यात्रा मांग नई एयरलाइंस के लिए अवसर पैदा कर रही है। डीजीसीए अधिकारियों का कहना है कि, जिस रफ्तार से इस सेक्टर की वृद्धि हो रही है, उसमें और एयरलाइंस के लिए जगह है। अगर नए प्लेयर्स आते हैं, तो निश्चित ही उन्हें अवसर मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ के आंकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष 2024 में भारत में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर रिकॉर्ड 17.4 करोड़ यात्रियों ने उड़ान भरी, जबकि चीन में यह संख्या 73 करोड़ रही है।

यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष प्रो. कीर्ति ने दिया इस्तीफा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (यूपीईएसएससी) की अध्यक्ष प्रोफेसर कीर्ति पांडेय ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए आयोग के वरिष्ठ सदस्य को फिलहाल कार्यभार सौंपा गया है।

प्रो. पांडेय ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पद से त्यागपत्र दिया है। उनके इस फैसले को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसे में जब कई परीक्षाएं संभावित हैं। आयोग के अध्यक्ष के इस्तीफा देने से तैयारियों पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

नगर की सरकार आपके द्वार अभियान

एक बार फिर से सही समय बताएगी घंटाघर की घड़ी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। इस बार नगर की सरकार आपके द्वार अभियान का स्वरूप बदला नजर आया। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार एवं नगर निगम की टीम के साथ वार्ड भ्रमण की जगह दुर्गा पूजा से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चौक में घंटाघर की बंद पड़ी घड़ी को चालू कराने का निर्देश दिया।

शुक्रवार को महापौर ने निरीक्षण की शुरुआत सरयू तट अयोध्या से की। यहां उनके साथ अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत कुमार, निर्माण खंड के सहायक अभियंता राजपति यादव, जोनल अधिकारी अयोध्या धाम अशोक कुमार गुप्त भी थे। महापौर ने मूर्ति विसर्जन स्थल का जायजा लिया और वहां सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही श्रद्धालुओं के बैठने के लिए कैंप स्थापित करने निर्देश दिए।

उन्होंने विसर्जन स्थल पर कुर्सी-मेज, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल के लिए स्थापित जल प्याऊ की

सफाई कराने एवं टैंकर खड़ा करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं पुरुष शौचालय तथा महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए बनाए गए कॉटेज का भी निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के करने की हिदायत दी। महापौर ने फ्लोटिंग वैरीकेडिंग को भी समय से व्यवस्थित कर लेने की हिदायत दी।

अयोध्या के बाद महापौर चौक पहुंचे। यहां नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएम शुक्ल के साथ उपसभापति राजेश गौड़ भी मौजूद थे। नगर आयुक्त ने चौक में नए शौचालय बनवाने का आदेश दिया। महापौर ने घंटाघर का निरीक्षण किया और मरम्मत कराकर घड़ी चालू करान का निर्देश दिया। महापौर ने चौक की प्रकाश व्यवस्था को और सुदृढ़ करने को कहा। उन्होंने पुरानी सब्जी मंडी जाने वाले रास्ते पर लगे जलप्याऊ के सामने से अतिक्रमण हटाने तथा शौचालय के संबंध में मुख्य मार्ग पर साइनेस लगाने का निर्देश दिया।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि जीआईसी के मैदान में घास की सफाई के लिए मशीनों की संख्या बढ़ाकर दो दिन के अंदर घास की कटाई सुनिश्चित कराने, घास को गौशाला भिजवाने, 24 घंटा पहले प्रकाश की व्यवस्था का निर्देश दिया। यहां पार्षद हरिश्चंद्र के साथ ओवर ब्रिज के सर्विस मार्ग का जायजा लिया और उसे ठीक करने को कहा। उन्होंने जीआईसी गेट के बगल कच्ची नाली को मिट्टी से ढकने की हिदायत दी।

नगर की सरकार आपके द्वार अभियान का आखरी पड़ाव निर्मली कुंड रहा महापौर ने विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के बैठने के लिए शेड स्थापित करने, सफाई, पेयजल, प्रकाश, शौचालय तथा स्वास्थ्य शिविर लगाने के साथ ही दोपहिया वाहनों की पार्किंग करने का प्रबंध करने का निर्देश दिया।

पूर्व राज्यपाल व पूर्व उपमुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

अयोध्या। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में अयोध्या जनपद को गर्व का क्षण मिला, जब जिला रायफल क्लब के कोच शनि कुमार वर्मा को उनकी निशानेबाजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कलराज मिश्र तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय संस्थान द्वारा किया गया था, जिसमें राष्ट्रीय विचारधारा और अंत्योदय पर आधारित विचार साझा किए गए। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, राज्य मंत्री जेपीएस राठौर, विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण चौधरी और पार्टी प्रवक्ता संजय चौधरी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।सम्मान प्राप्त करने के बाद शनि कुमार वर्मा ने कहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्म मानववाद का दर्शन आने वाली पीढ़ियों को भी सदैव प्रेरित करता रहेगा।

अयोध्या में नौवां दीपोत्सव

योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में बनेगा इतिहास

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या इस बार नौवां दीपोत्सव के अवसर पर ऐसी दैदीप्यमान छटा बिखेरने जा रही है, जो इतिहास रच देगी। रामायण काल से ही अयोध्या दीपों की रोशनी से जगमगाने की परंपरा का साक्षी रही है। जब भगवान श्रीराम चौदह वर्षों का वनवास पूर्ण कर माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे थे, तब नगरवासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से दीपावली का पर्व अयोध्या की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान बन गया। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार नौवां दीपोत्सव ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप में आयोजित होने जा रहा है। पहली बार यह आयोजन श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के पास आया है, जिसके अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जयेंद्र कुमार के अनुसार इस बार नौवां दीपोत्सव को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की तैयारी है। राम की पैड़ी और अयोध्या के घाटों पर इस बार 26 लाख दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। मानो त्रेता युग की वही अद्भुत छटा पुनः जीवित हो उठेगी, जब नगरवासियों ने दीपों की कतारों से अयोध्या को आलोकित किया था। जलते हुए दीप न केवल भगवान श्रीराम के स्वागत का प्रतीक होंगे, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश भी देंगे। नौवां दीपोत्सव के अवसर पर खास बात यह है कि पहली बार अयोध्या के 41 प्रमुख मठ-मंदिरों को सजाया जाएगा। इनमें हनुमानगढ़ी, दशरथ महल, कनक भवन, कौशलेश कुंज, अशर्फी भवन और दिगंबर अखाड़ा जैसे मंदिर शामिल हैं। इन मंदिरों को आधुनिक लाइटों, झालरों और रंग-बिरंगी रोशनियों से इस प्रकार सजाया जाएगा कि पूरी रामनगरी स्वर्ग की भांति आलोकित दिखे। 990 झालरों का उपयोग किया जाएगा, जिनमें प्रत्येक में 1000 बल्ब होंगे। यह दृश्य अयोध्या को मानो त्रेता से कलियुग तक जोड़ने का काम करेगा। नौवां दीपोत्सव के दौरान रामायण से जुड़ी सांस्कृतिक झांकियां, रामलीला और धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित होंगे। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा, अध्यात्म और संस्कृति का विराट उत्सव होगा। देश-विदेश से आए श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का दीपोत्सव अब केवल राज्य का नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर का आयोजन बनने की ओर अग्रसर है। परिषद की टीमें दिन-रात जुटी हैं ताकि इस दीपोत्सव की भव्यता को विश्व स्तर पर स्थापित किया जा सके। इस बार का दीपोत्सव केवल रोशनी का नहीं, बल्कि अयोध्या की रामायणकालीन परंपरा से लेकर आधुनिक युग की आध्यात्मिक चेतना तक की निरंतरता का प्रतीक बनेगा।

गंगा ग्राम मंगलसी में स्वच्छता अभियान और पौधरोपण का आयोजन

अयोध्या। जिला गंगा समिति अयोध्या के तत्वावधान में ÷स्वच्छता ही सेवा अभियान÷ के तहत ब्लॉक सोहावल के गंगा ग्राम मंगलसी स्थित पुराने घाट पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों ने छात्राओं को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। इसके बाद घाट की सामूहिक सफाई की गई। मुख्य अतिथि ग्राम सचिव इच्छा राम प्रियदर्शी, विशिष्ट अतिथि रमेश कुमार बीडीसी, कुलभूषण साहू अध्यक्ष, दाना पानी सेवा संस्थान, श्वेता साहू जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे सहित कई शिक्षक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।श्वेता साहू ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की।

एक राष्ट्र एक चुनाव समर्थन में यूथ सम्मेलन

अवधनामा संवाददाता

कुमारगंज-अयोध्या। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आशा भगवान बक्श सिंह पी जी कालेज पूरा बाजार में एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में यूथ सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों व युवाओं को एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के साथ जोड़ते हुए विभिन्न कार्यक्रम एवं अभियानों की योजना बनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ नील मणि सिंह और अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अयोध्या महानगर ,अंकुर सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव प्रणाली से सरकारी धन की बचत होगी और मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। नागरिकों को केवल एक बार मतदान का अवसर मिलेगा और सरकारी कर्मचारियों को भी एक बार ही चुनावी ड्यूटी करनी होगी। इससे शैक्षणिक संस्थानों और अन्य कार्यों पर अनावश्यक प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस विषय पर अपने परिवार और समाज को भी जागरूक करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलमणि सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन एक दूरदर्शी विचार है, लेकिन इसे लागू करने से पहले सभी पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श और राजनीतिक सहमति की आवश्यकता है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संयोजक अयोध्या रमन सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का उद्देश्य देश में चुनाव की बार-बार होने वाली प्रक्रिया को सरल और व्यवस्थित बनाना है। इससे समय, पैसा और प्रशासनिक संसाधनों की बचत होगी इसके लिए हम सब को एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए लोकमत तैयार करना है ताकि भारत को वैभवशाली और विकसित राष्ट्र बनाने की इस मुहिम में आम जनमानस की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

प्रधानाध्यापिका बनी विद्यालय की छात्रा ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवाला मऊ में आज नारी शक्ति के सम्मान में विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा दिव्या चौधरी को विद्यालय का प्रधानाध्यापिका बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में विद्यालय की शिक्षकाओं ने एक दिन की प्रधानाध्यापिका दिव्या चौधरी का बुके भेंटकर स्वागत किया ।यह पूछे जाने पर कि हेडमिस्ट्रेस बनने पर आपको कैसा लग रहा है,इस पर दिव्या चौधरी ने कहा कि ये पद सबसे ज्यादा सम्मानित पद है,मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।इस पद पर बैठने पर जिम्मेदारी का बोध हो रहा है।सर्वप्रथम मेरी प्राथमिकता 6 से 14 वर्ष के बच्चों का शत-शत नामांकन कराना है। नियमित उपस्थिति के लिए हम अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों की नियमित उपस्थिति बनाएं। हमारा लक्ष्य कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे।

हम उन्हें रुचि पूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें जिससे बच्चों का मन विद्यालय में हमेशा लगा रहे।और उनका ठहराव विद्यालय में नियमित बना रहे । साथ ही यह भी सुझाव दिया कि घर की महिलाओं को शिक्षित होना जरूरी है यदि घर की महिला शिक्षित होगी तो बालिकाओं की शिक्षा के लिए जागरूक रहेगी।एक दिन की प्रधानाध्यापिका दिव्या चौधरी ने स्टाफ को सुझाव देते हुए कहा कि अर्धवार्षिक परीक्षाएं निकट हैं ऐसी दशा में हमें पाठ्यक्रम को समय से पूर्ण करना होगा जिससे बच्चों को अद्वार्षिक परीक्षा में कोई कठिनाई न हो सके। इस अवसर पर दिव्या चौधरी ने कहा की विद्यालय को स्वच्छ रखने के साथ-साथ ही हमें अपने आसपास का वातावरण भी स्वच्छ रखना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जो भी योजनाएं हैं उन्हें समय पर पूर्ण किया जाए तभी उनका उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा । दिव्या चौधरी ने कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर और आत्मरक्षा के लिए रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए । इस अवसर पर विद्यालय में चल रही शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया और बच्चों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

भगवती जागरण का हुआ आयोजन

मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता) ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित दुर्गा मंदिर मढीटोला मे चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव मे बीती रात्रि मां भगवती का भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें माता के गुणगान के साथ झांकियां भी प्रस्तुत की गई। रात भर चले जागरण में सभी श्रद्धालु माता के गुणगान सुन झुमते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी की ज्योति प्रज्वालित कर की गई। एम जे नवरंग जागरण म्यूजिकल ग्रुप लखनऊ के गायकों ने माँ दुर्गा के एक से बढ़कर एक भजन गाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता) माताएं बच्चों के संतुलित आहार पर ध्यान दें, हेल्दी डाइट न मिलने पर बच्चों को एनीमिया, पेट दर्द और संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। यह बातें बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार करते हुए केजीएमयू के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 गोविंद पांडेय ने बच्चों व अभिभावकों को बताया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 गौरव सिंह ने कहा कि बदलती ऋतु में खान-पान और साफ सफाई की कमी के कारण बच्चों में पेट दर्द, एनीमिया, खांसी बुखार और संक्रामक रोग की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। वर्षा ऋतु के बाद डेंगू मलेरिया टाइफाइड जैसे बुखार रोग बढ़ते हैं, बुखार पीड़ित बच्चों की तत्काल जांच और विशेषज्ञ डॉक्टरों से उपचार कराएं। स्वास्थ्य परीक्षण में लगभग एक दर्जन बच्चे एनीमिया और फुंसी व पेट दर्द की समस्या में पाए गए जिनका उपचार किया गया। लगभग 170 बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गई। संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने सभी को स्वस्थ्य रहने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने चिकित्सकों का स्वागत किया। शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, सरिता यादव ,प्रिया मौर्य, पूनम रत्नाकर, अर्चना, प्रिंसी वर्मा, पलक कनौजिया तथा कर्मचारी जियालाल, सरोज, सरस्वती सहित कई अभिभावको ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

प्रशासन द्वारा जबरन किसान की खेत मे पानी टंकी बनाये जाने को लेकर किसानों में आक्रोश

उस्मानपुर गाँव मे भाकियू श्रमिक जनशक्ति की किसान महापंचायत आयोजित

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। किसानो पर हो रहे जुल्म के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति द्वारा तहसील हैडगढ़ के थाना कोठी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझियावा पोस्ट उस्मानपुर में किसान महापंचायत आयोजित की गई। सगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव व राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद सलमान मौजूद रहे। किसान महापंचायत में मुख्य मुद्दा इसी क्षेत्र में प्रशासन द्वारा किसान की खेत मे अवैध पानी की टंकी बनाये जाने का है। जबकि पानी की टंकी बनाये जाने को लेकर सगठन की तरफ से हैडगढ़ एसडीएम से शिकायत कर निष्पक्ष पैमाईश भी कराई गई थी। गाटा संख्या 196 रक्बा 0,5850 हे0 है जो कि अब्दुल कलाम पुत्र वाहिद खान के नाम से दर्ज जिनकी कुछ जमीन पर पानी टंकी का निर्माण लेखपाल व ग्राम सभा द्वारा जबरन

करवाया जा रहा है जबकि पानी टंकी का प्रस्ताव गाटा संख्या194 में किया गया है और टंकी का निर्माण गाटा संख्या 196 हो रहा है जिससे किसान ने 24 सितम्बर 2024 को उपजिलाधिकारी कोट हैदरगढ़ में पक्की पैमाईश के लिए (धारा 24) किया गया था जिसकी पैमाईश 7 जनवरी 2025 को आरआई शिवकुमार व आरआई बांकेलाल ने जमीन की नाप की व पत्थर गढ़वाकर निशान दही करवाया गया उसके बाद भी जमीन की नाप करवाई गई व तीसरी बार ऋृ साहूजी व लेखपाल राहुल कनौजिया ने जमीन की नाप की और 25 फरवरी 2025 को रिपोर्ट लगाई उसमें कुछ बिंदु गलत किए गए है लेखपाल की गलती पर पर्दा डालने के लिए जो बिन्दु रिपोर्ट में गलत किए गए है उसको सही कराने के लिए किसान ने दिनांक 5 मार्च 25 को उपजिलाधिकारी को लिखित में दिया गया उसके बावजूद भी 25 मार्च 2025 को उपजिलाधिकारी ने लिखित में दिया है कि पैमाईश नहीं हो सकती वहां जबकि 4 बार टीम गठित करके भेजा गया है व पैमाईश करवाई गई है। बताते चले कि जब जमीन पैमाईश नहीं हो सकती थी तो बेगुनाह किसान अब्दुल कालम के पालेसर को अवैध बताकर लेखपाल राहुल कनौजिया ने क्यों तुड़वा दिया था। सगठन ने प्रशासन को ज्ञापन सौपकर माँग की है कि उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए खेत को खाली करवा कर पीड़ित किसान को न्याय दिया जाये। किसान महापंचायत की अध्यक्षता सगठन के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास ज़ैदी ने किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी कमलेश यादव, राष्ट्रीय महासचिव मो सलमान, राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्येंद्र मौर्या, प्रोग्राम के आयोजक मो आसिफ़ युवा जिला अध्यक्ष, मो साजिद, मो आकिल आदि किसान मौजूद रहे।

पोषण पंचायत कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्या ने दिए दिशा निर्देश

बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता) शुक्रवार को बंकी ब्लाक के सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में पोषण पंचायत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मोटापा की समस्या, वोकल फॉर लोकल, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल, शिशु एवं बाल आहार प्रथाएं, पुरूष सहभागिता, महिलाओ, किशोरियों और बच्चों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए जागरूक किया गया। उक्त पोषण पंचायत में कुपोषित महिलाओं, बच्चों के लिये पुष्टाहार विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मोटे अनाज व घरेलू चीजों के अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के विषय में महिला थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं पर व्यापक चर्चा की और सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हर हाल में पात्रों को दिलाया जाए। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाए।

गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई

बंकी विकास खंड के सभागार में आयोजित पोषण पंचायत कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्या द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, खंड विकास अधिकारी बंकी डॉ संस्कृता मिश्रा, महिला थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह, एडीओ सूरज सिंह, जिला समन्वयक प्रशिक्षण विनीता मिश्रा, सीडीपीओ अनिल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

स्व. यादवेंद्र सिंह की पेंटिंग का अनावरण

सिसवा बाजार (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता) उत्तर प्रदेश विधानसभा के सेंट्रल हाल में शुक्रवार को सिसवा के पूर्व विधायक, प्रदेश सरकार में मंत्री रहे तथा विधानसभा उपाध्यक्ष पद पर आसीन रहे राष्ट्रीय राजनीति के पुरोधा स्व. यादवेंद्र सिंह की स्मृति में लगाई गई पेंटिंग का अनावरण किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पेंटिंग का अनावरण कर स्व. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में स्व. यादवेंद्र सिंह के सुपुत्र, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक शिवेंद्र सिंह सपरिवार उपस्थित रहे।

अफवाह के दौरान गोली चलने से कई घायल

- एसडीएम सदर को कार्यवाही हेतु किया निर्देशित
- घायलों को दी सांत्वना, दोषी के विरुद्ध कार्यवाही का दिया आश्वासन

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। ग्राम सभा लक्ष्मीपुर एकडंगा के टोला पुरुषोत्तमपुर में रात्रि 9.30 बजे के आसपास गांव में चोरो के आने का शोर-शराबे क बीच गोली चलने की घटना में घायलों से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल लिया। जिलाधिकारी ने सिटी सेंटर अस्पताल पहुंचकर नवर्दा पत्नी सीताराम उम्र लगभग 50 वर्ष, गीता पुत्री अनिरुद्ध उम्र 14 वर्ष तथा प्रतिमा उम्र 17 वर्ष का हालचाल लिया। जिलाधिकारी महोदय ने घायलों से संपूर्ण घटना की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से भी मरीजों का हाल जाना। चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं और उनका इलाज चल रहा है। जिलाधिकारी महोदय ने चिकित्सकों को घायलों के समुचित इलाज के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने घायलों को आश्वस्त किया कि दोषी के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने घायलों के परिजनों से भी बात की और उन्हें उचित इलाज और दोषी के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर आश्वस्त किया। जिलाधिकारी महोदय ने एसडीएम सदर को भी आवश्यक कार्यवाही के सन्दर्भ में निर्देशित किया।

घायलों ने जिलाधिकारी महोदय को बताया कि गांव में रात में चोरी और ड्रोन उड़ने की अफवाह को लेकर सभी लोग एक जगह खड़े थे। इसी दौरान किसी व्यक्ति द्वारा गोली चलाई जाती है और इन सभी को गोली के छर्रे लगते हैं, जिससे सभी घायल हो जाते हैं। सभी घायलों को सिटी सेंटर हास्पिटल में भर्ती कराया गया। प्रतिमा को बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में रिफर कर दिया गया है।

इस अवसर पर एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार, सिटी हास्पिटल की चिकित्सक डॉ ज्योत्सना, डा0 प्रमोद पाण्डेय उपस्थित रहे।

गौवंशों की मौत से विहिप आक्रोशित

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। मदनपुर गांव में बड़ी संख्या में गौवंशों की मौत और उनकी देखरेख में घोर लापरवाही को लेकर विश्व हिंदू परिषद की जिला इकाई ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। विहिप जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि 25 सितम्बर 2025 को विहिप एवं बजरंग दल की संयुक्त टीम ने मदनपुर आश्रम स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि गौशाला प्रबंधन की गंभीर लापरवाही के चलते सैकड़ों गौवंशों की मृत्यु हो चुकी है। मृत पशुओं को बिना पोस्टमार्टम कराए गौशाला परिसर में ही दफना दिया गया और उसका कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं है।

श्री सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान गौशाला परिसर में कई गौवंश मृत एवं अर्धमृत अवस्था में पड़े मिले, जिन्हें कुत्ते, कौए और अन्य पशु-पक्षी नोच रहे थे। बड़ी संख्या में बीमार, घायल एवं कुपोषित गौवंश भी देखे गए। विहिप की मांग है कि मदनपुर आश्रम प्रकरण में सभी जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही आश्रम से जुड़े बैंक खातों और ग्राम प्रधान की अवैध संपत्तियों की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त, लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय एवं दंडात्मक कार्रवाई की भी मांग की गई। इस मौके पर विहिप और बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली, दिए आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक द्वारा साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के बाद पुलिस लाइन का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि शुक्रवार की सुबह एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में परेड की सलामी ली गई। परेड के दौरान वहां मौजूद समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों की परेड, अनुशासन एवं शारीरिक क्षमता की भी समीक्षा की गई तथा उन्हें बेहतर प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त होने वाली शिक्षा एवं अनुशासन ही भविष्य में कुशल पुलिसकर्मी बनने की नींव है। पुलिस अधीक्षक ने यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव व साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात कैंटीन, क्लास रूम, बैरक, व्यायामशाला, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, आवासीय परिसर एवं पुलिस लाइन भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता व साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन संगम कुमार, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नैना घोष बनी जिला विद्यालय निरीक्षक बाराबंकी

बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता) प्रदेश मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे सौ दिवसीय मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग की कार्ययोजनानुसार बालिकाओं को प्रमुख प्रशासनिक पदों पर एक दिन आसीन करते हुए एक्पोज़र देने के अंतर्गत कु0 नैना घोष कक्षा 12 की छात्रा को एक दिन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक तथा राजकीय जिला पुस्तकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष की कुर्सी कु0 अल्पना यादव को सौंपी गयी। दोनों छात्राओं ने इस अवसर पर आने वाले लोगों से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया, दायित्वों को समझने का प्रयत्न किया। कार्यालय का निरीक्षण किया और स्टाफ के साथ मीटिंग की। इस अवसर पर अपना अनुभव शेयर करते हुए कु0 अल्पना यादव ने कहा, कि इस कुर्सी पर बैठ कर हमें यह एहसास हुआ कि इस कुर्सी तक पहुँचने के लिए हमें और अधिक मेहनत और लगन की आवश्यकता है, ताकि हम एक दिन कामयाब होकर इस कुर्सी के वास्तविक हकदार बनें। कु0 नैना घोष ने अपना अनुभव शेयर करते हुए, कि मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है, कि मैंने अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया हो। यह अनुभव अत्यंत सुखद था। मुझे लगता है, कि इस प्रशासनिक ओहदे तक पहुँचने के लिए मुझे अपना लक्ष्य फिर से निर्धारित करना होगा।

दुर्गा पूजा पर्व को लेकर एसडीएम व इंस्पेक्टर ने किया पैदल गस्त

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी विवेकानंद मिश्रा व शोहरतगढ़ इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी ने पुलिस बल के साथ शोहरतगढ़ कस्बे में पैदल गस्त कर सुरक्षा सहित मेला व्यवस्था का जायजा लिया। शोहरतगढ़ एस.डी.एम. ने पुलिस बल के साथ पुलिस पिकेट, खुनुवा मार्ग, प्रेम गली, सब्ज़ीमंडी, भारत माता चौक, जामा मस्जिद मार्ग, गोलघर, रामजानकी मंदिर मार्ग सहित विभिन्न मार्गो पर स्थापित होने वाली प्रतिमा स्थल, जुलूस मार्गों की स्थिति देखी और संभावित भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आयोजकों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी विवादित स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें।

बताते चले दशहरा एवं दुर्गा पूजा पर्व को लेकर जनपद प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है और कस्बे की वर्तमान स्थिति को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की नजरे लगातार बनी हुई है। इस दौरान एसडीएम विवेकानंद मिश्रा, इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी, का. प्रभाकर यादव, दिनेश आदि मौजूद रहे।

सीएम ने डीबीटी के माध्यम से 396602 छात्र- छात्राओं को रुपये 89.96 करोड़ का वर्चुअल हस्तांतरण किया

तहसीलों में छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री, उप्र योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से वर्चुवल रूप से समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र वितरण समारोह के अन्तर्गत 396602 छात्र-छात्राओं को 89.96 करोड़ का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से उनके आधार लिंक खातों में किया गया।

शुक्रवार को जनपद के सभी तहसीलों में छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जनपद स्तर पर राजकीय कन्या इण्टर कालेज, तेतरी बाजार, नौगढ़ में सांसद जगदम्बिका पाल एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा, तहसील बांसी के राजकीय इण्टर कालेज, पचमोहनी बांसी में विधायक बांसी जयप्रताप सिंह, तहसील शोहरतगढ़ में शिवपति इण्टर कालेज में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित यादव, चेयरमैन नगर पंचायत श्रीमती उमा अग्रवाल, तहसील इटवा में माता प्रसाद जयसवाल इण्टर कालेज में विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय तहसील डुमरियागंज में राजकीय इण्टर कालेज परसा जमाल में अभिषेक कुमार, प्राचार्य राजकीय परसा जमाल इण्टर कालेज द्वारा छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जनपद के पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तगर्त कक्षा (9-10) मे सामान्य वर्ग 406 एवं अनुसूचित जाति में 948, अनुसूचित जाति कक्षा (11-12) - 486, सामान्य वर्ग कक्षा (11-12) - 302, पिछड़ा वर्ग (9-10) में - 3828, कक्षा (11-12) में - 1246 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के कक्षा (9-10) में - 483, कक्षा (11-12) में - 216 छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। जनपद मे सामान्य वर्ग/अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक वर्ग के कुल - 7915 छात्र/छात्राओ को छात्रवृत्ति धनराशि उनके आधार लिंक खाते मे डीबीटी के माध्यम से प्रेषित की गई। अवशेष छात्रो के खाते मे छात्रवृत्ति की धनराशि विभिन्न चरणो मे उनके आधार लिंक खाते मे शासन द्वारा निर्गत समय-सारणी के अनुसार प्रेषित की जायेगी, सभी छात्र/छात्राए अपना आधार कार्ड अपने बैंक खाते मे एनपीसीआई से लिंक करा कर डीबीटी चालू करा ले, ताकि अगले चरण में जब छात्रो के खाते मे शासन द्वारा छात्रवृत्ति की धनराशि प्रेषित की जाये तो ट्रान्जेक्शन फेल न हो। कार्यकम मे जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आदि अन्य सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिला जज, डीएम, एसपी व सीजेएम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिला जज, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व सीजेएम ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान भोजनालय, बैरकों तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार मे निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पायी गयी। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए इसके लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । साथ ही जिला कारागार में आने वाले प्रत्येक नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एवं आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

मलगहिया गांव में विकास के नाम पर हो रहा फर्जी भुगतान

विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलगहिया गांव में विकास के नाम पर किया जा रहा जमकर भ्रष्टाचार

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलगहिया गांव में विकास के नाम पर ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा किया जा रहा भ्रष्टाचार परत दर परत सामने आ रही है। जानकारी अनुसार गांव में संचारी रोग व स्वच्छता हेतु ब्लीचिंग पाउडर चूना छिड़काव आदि के नाम पर पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। फिर भी जगह जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नहर के आसपास पिच सड़क में राबिश पटाई के नाम पर करीब साठ हजार का भुगतान किया गया है। आंगनबाड़ी बाउंड्री वॉल मरम्मत के नाम पर करीब अस्सी हजार रूपए का फर्जी तरीके से भुगतान करने की बात कही जा रही है। वहीं कन्सन्ट्रेशन एमबी करने वाली जेई रेनू वर्मा का कहना है कि बाउंड्री वॉल का कोई स्टीमेट व एमबी नहीं हुआ है।

ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट के नाम पर भुगतान किया गया है जबकि ज्यादातर लाइटें खराब पड़ी हुई है। प्राथमिक विद्यालय में शौचालय मरम्मत कार्य, ठेला गाड़ी, स्टेशनरी, नाली निर्माण आदि के नाम पर धन निकासी तो की जा रही है लेकिन उसका कोई लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ज्यादातर विकास कागजों में सिमट कर रह गया है। जमीनी स्तर पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच उच्चाधिकारियों से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। उक्त संबंध में खंड विकास अधिकारी बढ़नी का कहना है कि मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जायेगी।

आगंनवाडी कार्यकत्रियों का पोषण भी पढाई भी विषयक प्रशिक्षण संपन्न

अवधनामा संवाददाता, बांसी सिद्धार्थनगर। ब्लॉंक के आजाद सभागार में शुक्रवार को आगंनवाडी कार्यकत्रियों का पोषण भी पढाई भी विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यकत्रियों ने रैली निकाल कर पोशण के प्रति लोगों को जागरूक उक्त अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम वर्मा ने कहा कि पोशण का कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के दिन से ही चल रहा है। यह कार्यक्रम 17 सितम्बर से 17अक्टूबर तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि कार्यकत्रियां अब इसी तरह की रैली गांवों मे निकाल कर पोशण के प्रति संदेश देंगी। श्रीमती वर्मा ने कहा कि कुपोषण का मुख्य कारण बाहरी आहार है बाहर के खाने पीने की चीजों से लोगों को बचना चाहिए। बाहर का खाद्य तेल व चीनी के प्रयोग से बचना चाहिए।कार्यक्रम में प्रोग्राम मैनेजर शोकेश कुमार ने कार्यकत्रियो को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया।

इटवा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम : योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर सीओ पुलिस ने सुरक्षा का दिलाया भरोसा

पुलिस ने हेल्पलाइन और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी लोग रहे मौजूद

एजाज़ सिद्दीक़ी

इटवा सिद्धार्थनगर। इटवा थाना क्षेत्र के महादेव घुरहू में महिला सशक्तिकरण पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन महादेव के प्राथमिक विद्यालय में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राएं महिलाएं शामिल हुईं। जिसमें क्षेत्राधिकारी इटवा सुबेन्दु सिंह व प्रभारी निरीक्षक इटवा श्याम सुन्दर तिवारी ने जागरुक किया।

शुक्रवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में जागरूक करना था। अभियान का लक्ष्य महिलाओं को सशक्त बनाना और कुपोषित बच्चों की मदद करना है, ताकि उन्हें हिंसा व शोषण मुक्त वातावरण मिल सके।

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी इटवा सुबेन्दु सिंह व प्रभारी निरीक्षक इटवा श्याम सुन्दर तिवारी भी उपस्थित रहे। सीओ पुलिस सुबेन्दु सिंह ने छात्राओं व शिक्षिकाओं व महिलाओं को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि छात्राओं की उपलब्धि समाज की उपलब्धि है। सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रयास कर रही है, और किसी भी समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने को कहा। प्रभारी निरीक्षक इटवा श्याम सुंदर तिवारी ने भी सुरक्षा का आश्वासन दिया। महिला कांस्टेबल अल्का त्रिपाठी व बृजमा निषाद ने छात्राओं को सरकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन और सुकन्या योजना के बारे में बताया। उन्होंने महिला सहायता के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी, जिनमें वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और चाइल्ड लाइन 1098 शामिल हैं।

इस दौरान एंटी रोमियो स्क्रायड टीम ने क्षेत्र में चेकिंग की और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। टीम ने वर्तमान में फैल रही ड्रोन और चोर की फर्जी अफवाहों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी निरीक्षक श्याम सुन्दर तिवारी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में किसी भी प्रकार की समस्या या संकट का सामना होने पर बेझिझक पुलिस की मदद लेने की सलाह दी। इस मौके पर एसआई आरके शाही, एसआई नागेन्द्र सिंह, कांस्टेबल रवीश, संजीव कुमार, राकेश मौर्या, अमित बर्मा, सहित विवेक श्रीवास्तव, पप्पू गौड़, राधे , शिव नरायन मिश्रा, मुन्नी देवी प्रतिमा, लीलावती, महुरा साहित क्षेत्रीय लोगों की उपस्थित रही।

धनुष यज्ञ और लक्ष्मण परशुराम संवाद ने रामलीला में बांधा समा दर्शक मंत्रमुग्ध

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर,अम्बेडकरनगर। श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य रामलीला कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। समिति अध्यक्ष संजीव मिश्र, उपाध्यक्ष राम संजीवन यादव, मीडिया प्रभारी विकाश निषाद समेत पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से पूजन की। वहीं, आचार्य रामदौर मिश्र ने वैदिक मंत्रों के पाठ से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण धनुष यज्ञ और लक्ष्मण-परशुराम संवाद के मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री राम के रूप में शाश्वत दुबे और लक्ष्मण के रूप में रौनक दुबे ने शानदार अभिनय से समां बांध दिया। रामकिशोर राजभर, केशव श्रीवास्तव और विनय मिश्र सहित अन्य कलाकारों ने आरती के दौरान श्री राम के जयकारों से भक्ति-भाव का संचार किया।

कार्यक्रम की सफलता में उपाध्यक्ष राधेश्याम शुक्ल, आशाराम मौर्य, सुशील अग्रवाल, अतुल जायसवाल, दिलीप यादव एवं अशोक जायसवाल के योगदान की सराहना की गई। सुरेंद्र सोनी द्वारा आयोजित झाँकी तथा संदीप अग्रहरि के तत्वावधान में मानस गंगा प्रियंका पांडे के कथा वाचन ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। शहर के नागरिकों एवं उपस्थित जनता ने इस भव्य आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

दशहरा व दिपावली को मद्देनजर रखते हुए पुलिस ने किया पैदल गश्त

अवधनामा संवाददाता, बांसी सिद्धार्थनगर। कोतवाली पुलिस द्वारा चल रहे त्यौहार दशहरा व दिपावली को मद्देनजर रखते हुए शांति व्यवस्था के दृष्टिगत नगपालिका क्षेत्र में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा का अहसास दिलाया। पुलिस ने आमजन से संवाद स्थापित कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील करते हुए। पुलिस ने नगरपालिका क्षेत्र मुख्य मुख्य चौराहे पर पैदल गश्त की। प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि माहौल बिगाड़ने वालों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर रामनारायण दुबे, एस आई विजय प्रकाश दीक्षित, हेडकास्टेबल सुनिल दुवे, योगेंद्र यादव, कास्टेबल सुशील यादव, देवेन्द्र सिंह, शैलेश कुमार, रितेश सिंह, सुर्य प्रकाश सिह सामिल रहे।

मुख्यमंत्री योगी ने किया आह्वान, खेत का पानी खेत में ही रोकें किसान

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। मुख्यमंत्री योगी ने किया आह्वान, खेत का पानी खेत में ही रोकें किसान प्रदेश सरकार भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल को खेतों में रोकने के लिए विशेष कार्यक्रम चला रही है। भारतीय संस्कृति में पुरखों की सबसे पुरानी भू-जल संरक्षण विधि खेत के ऊपर मेड, मेड़ के ऊपर पेड़, वर्षा बूंदे जहाँ गिरे, वहीं रोंके। जिस खेत में जितना पानी रूकेगा, वह खेत उतना अधिक उपजाऊ होगा।

मानव जीवन की सभी आवश्यकताएं जल पर निर्भर है तभी तो जल ही जीवन कहा गया है। हमारे पुरखों ने भोजन के लिए अनाज की आवश्यकता के दृष्टिगत एक स्थान पर फसल उगाया गया होगा, फसलें पैदा की गई होगी। जमीन समतल कर खेती योग्य बनाया गया होगा। अनाज पैदा करने के लिए खेत का निर्माण तय हुआ होगा, तभी से मेड़बन्दी जैसी जल संरक्षण की विधि का आविष्कार हुआ होगा। यह हमारे देश के पुरखों की विधि है जिनसे खेत खलिहान का जन्म हुआ है। जिन्होंने जल संरक्षण की परम्परागत प्रमाणित सरल सर्वमान्य मेडबन्दी विधि का आविष्कार किया है।

मेड़बन्दी से खेत में वर्षा का जल रूकता है, और भू-जल संचय होता है। इससे भू-जल स्तर बढ़ता है और गाँव की फसलों का जलभराव के कारण होने वाले नुकसान से बचाता है। भूमि के कटाव के कारण मृदा के पोषक तत्व खेत में ही बने रहते है, जो पैदावार के लिए आवश्यक है। नमी संरक्षण के कारण फसल में घास फूस के सड़ने से खेत को परम्परागत जैविक खाद की ऊर्जा प्राप्त होती है। मेड़बन्दी से एक ओर जहाँ भूमि को खराब होने से बचाव होता है वहीं पशुओं को मेड़ पर शुद्ध चारा, भोजन प्राप्त होता है। इसे मेड़बन्दी, चकबन्दी, घेराबन्दी, हदबन्दी, छोटी मेड़बन्दी, बडी मेड़बन्दी तिरछी मेड़बन्दी सुविधानुसार जैसे अलग क्षेत्रों में अलग नामों से जाना जाता है। धान, गेहूं की फसल तो केवल मेड़बन्दी से रूके जल से ही होती है।

हमारे देश के पूर्वज जल रोकने के लिए खेत के ऊपर मेड़, मेड़ के ऊपर फलदार, छायादार औषधीय पेड़ लगाते थे। जिसकी छाया खेत में फसल पर कम पड़े जैसे बेल, सहजन, सागौन, करौंदा, अमरूद, नीबू, बेर, कटहल, शरीफा आदि के पेड़ लगाये जा सकते हैं। यह पेड़ इमारती लकड़ी आयुर्वेदिक औषधियों, फलों के साथ अतिरिक्त आय भी देती है। इन पेड़ों की छाया खेत में कम पड़ती है। इनके पत्तों से खेत को जैविक खाद मिलती है, पर्यावरण शुद्ध रहता है। मेड़ के ऊपर हमारे पुरखे अरहर, मूंग, उर्द, अलसी, सरसों, ज्वार, सन जैसी फसलें पैदा करते रहे हैं जिन्हें पानी कम चाहिए। जमीन सतह से ऊपर हो, मेड़ से अतिरिक्त उपज की फसल ले सकते हैं। मेड़बन्दी से ऊसर भूमि को उपजाऊ बनाया जा रहा है। जहाँ जल संकट है उसका एकमात्र उपाय है वर्षा जल को अधिक से अधिक खेत में मेड़बन्दी के माध्यम से रोकना चाहिए।

छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया

जलालपुर अंबेडकरनगर। आज के तकनीकी युग में मोबाइल फोन का हमारे जीवन में काफी महत्व है छात्र-छात्राओं को भी विभिन्न पाठ कर्मों की जानकारी में यह सहायक होता है। प्रदेश सरकार ने इसी उद्देश्य को लेकर छात्राओं को टेबलेट वितरण की योजना चलाई है छात्रों को इसका सदुपयोग करना चाहिए उक्त बातें पूर्व सांसद रितेश पांडे ने सावित्री श्रीनाथ महाविद्यालय रसूलपुर बाकरगंज में छात्रों को टेबलेट वितरण के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि हर चीज के दो पहलू होते हैं हमें टैबलेट का सदुपयोग करते हुए अपने ज्ञान को बढ़ाना चाहिए साथ ही पुस्तकों का भी अध्ययन करना चाहिए महाविद्यालय के प्रबंधक शैलेश मिश्रा ने समस्त आगंतुकों का स्वागत करते हुए छात्रों से टैबलेट के सदुपयोग की अपील किया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जगत नारायण शुक्ला प्रबंधक लल्लन जी ब्रह्मचारी इंटर कॉलेज भरतपुर नोडल अधिकारी यादवेंद्र मिश्रा सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीएम एवं एसपी ने किया फ्लैग मार्च/पैदल गश्त, दिलाया सुरक्षा का भरोसा

अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा त्यौहार नवरात्रि/दुर्गा पूजा, दशहरा व जुमें की नमाज के दृष्टिगत व जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु शुक्रवार को सदर थाना के कस्बा में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया गया तथा आमजनमानस से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। शुक्रवार को डीएम डॉ0 राजा गणपति आर एवं एसपी डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा जुमें की नमाज व त्यौहार नवरात्रि/दुर्गा पूजा, दशहरा/विजयदशमी के दृष्टिगत जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आम जनमानस से संवाद स्थापित किया गया तथा सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार, विश्नजीत सौरयान, एएसपी/क्षेत्राधिकारी सदर थाना प्रभारी निरीक्षक यातायात प्रभारी, महिला थानाध्यक्ष मय टीम तथा थाना स्थानीय अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

नपं डुमरियागंज में स्वास्थ्य टीम के साथ किया संचारी रोग नियंत्रण की बैठक

अवधनामा संवाददाता, डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। आगामी माह अक्टूबर, 2025 में प्रस्तावित संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की तैयारी को लेकर नगर पंचायत डुमरियागंज के कार्यालय सभागार कक्ष में लिपिक सैश्न हसन ताकीब रिजवी, बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर एवं सफाई नायकों के साथ अभिमुखीकरण बैठक/प्रशिक्षण आहूत की गयी। लिपिक सैश्न हसन ताकीब रिजवी द्वारा सफाई नायकों को तैयार किए गए माइक्रोप्लान के हिसाब से वार्डों में विशेष साफ सफाई अभियान चलाते हुए जल जमाव की समस्या को दूर करने, समस्त नाला/नालियों की सफाई, फागिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव आदि को लेकर विशेष जिम्मेदारी दी गयी। बेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आये बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर ने सभी सफाई नायक को आगामी माह अक्टूबर, 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत होने वाले तैयारियों के बारे में जागरूक करते हुए संचारी रोग से बचाव के उपाय बताया गया साथ ही बच्चों को उनके सही उम्र पर टीका लगवाए जाने की जानकारी दी गई। इस बैठक में महंथ मिश्रा, अर्पित द्विवेदी सहित सभी सफाई नायक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

आदर्श बार एसो. द्वारा तहसील में हुआ फलाहार कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। शारदीय नवरात्रि की चतुर्थी के पावन अवसर पर डुमरियागंज तहसील सभागार में आदर्श बार एसोसिएशन डुमरियागंज के तत्वावधान में फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी राजेश कुमार ने मां भगवती के चित्र पर पूजन-अर्चन कर किया। इस अवसर पर तहसील के अधिकारी, अधिवक्ता और अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र पाठक एवं महामंत्री शैलेन्द्र रावत ने बताया कि फलाहार कार्यक्रम धार्मिक सद्भाव का प्रतीक है, जो सभी धर्मों के लोगों के बीच आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर तहसीलदार रवि कुमार यादव, नायब तहसीलदार विष्णु प्रसाद सिंह, अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र विश्वकर्मा, मिथिलेश यादव, सुनील कुमार, विपुल पाठक, अमित सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

रमवापुर नानकार में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को शोहरतगढ़ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रमवापुर नानकार में गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रमवापुर नानकार के पंचायत भवन में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा जा रही ब्लॉक स्तरीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सचिव कामेश्वर मिश्रा ने कहा कि गाँव की समस्याओं के निस्तारण के लिए ही शासन स्तर पर ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि गांव में ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा सके।

साथ ही उन्होंने कहा कि 21 दिनों के अंदर ही जन्म-मृत्यु पत्र हेतु आवेदन करें, ताकि आप लोगों को बेबजह भागदौड़ न करनी पड़े। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से राशनकार्ड, फैमिली आईडी, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना आदि योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

रेलवे स्टेशन पर महिलाओं को दी गई सुरक्षा और योजनाओं की जानकारी

अवधनामा संवाददाता, गोंडा। मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत शुक्रवार को रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन गोंडा और जीआरपी गोंडा की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टेशन पर उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में टीम ने महिलाओं को आत्मरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की। विशेष रूप से 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1090 (महिला हेल्पलाइन), 181 (महिला सहायता नंबर) तथा 112 (आपातकालीन नंबर) के उपयोग के बारे में बताया गया। जीआरपी अधिकारियों ने कहा कि रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

स्वच्छता अभियान के तहत टांडा चेयरपर्सन शबाना नाज़ से झाड़ू लगा दिया स्वच्छता का सन्देश

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार स्वच्छुतस्व स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक के अंतर्गत दिनांक 25.09.2025 को नगर क्षेत्र टांडा के समस्त वार्डो में जनप्रतिनिधियों सभासद नागरिकों से स्वच्छता में श्रमदान के साथ श्रीमती शबाना नाज अध्यक्ष महोदय और अरविंद त्रिपाठी उपजिलाधिकारी/अधिशाषी अधिकारी द्वारा कार्यक्रम स्वयं झाड़ू और सफाई कार्य करके किया गया और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई समस्त वार्डो में सभासद जनप्रतिनिधिगण नागरिकों द्वारा स्वच्छता में श्रमदान के साथ सफाई कार्य गई अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी द्वारा नागरिकों से अपने गली मोहल्ले और घरी के पास स्वच्छता बनाए रखने वृक्षारोपण करने प्लास्टिक का प्रयोग न करने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की अपील की गई और मिस्त्री लाल आर्यकन्या इंटर कॉलेज टांडा में छात्राओं द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यकम के अंतर्गत स्वच्छता पर रंगोली कार्यक्रम में पूरा प्रतिभाग किया गया।

उक्त कार्यक्रम में नगर पालिक परिषद टांडा के शमशाद जुबेर कर अधीक्षक आशीष कुमार चौहान जलकल अभियंता सलमान खान राजस्व निरीक्षक निशांत पांडेय कार्यालय अधीक्षक हरिश्चंद पाठक मेट मोहम्मद हुसैन मोहम्मद सुहेल मोहम्मद इदरीश मोहम्मद रब्बानी मोहम्मद अहमद शकील अहमद परवेज अहमद महेंद्र कुमार सफाई नायक और सफाई कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

यूएन में ट्रंप की मसखरी

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप का जैसा अगंभीर व असामान्य व्यवहार नजर आया, उससे कहीं से नहीं लगा कि वे विश्व की एक महाशक्ति का नेतृत्व कर रहे हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया में युद्धों को समाप्त करने के लिये सिर्फ बयानबाजी नहीं, ठोस रणनीति व गंभीर प्रयासों की जरूरत होती है। संयुक्त राष्ट्र में डोनॉल्ड खुद को लगातार जबरदस्ती एक शांति के मसीहा के तौर पर पेश करते रहे हैं। उन्होंने दावा दोहराया कि उनके नेतृत्व में दुनिया में सात युद्धों को समाप्त किया गया। दावा कि उन्होंने संघर्ष को नियंत्रित करने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन किया। जबकि इसके विपरीत उनके भाषण का सार कुछ और ही दर्शाता है। साफ नजर आया कि एक ऐसा नेता जो स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक सहयोग के स्तंभों को ही कमजोर कर रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि पूंजीपति सरोकारों के अनुरूप उन्होंने 'जलवायु परिवर्तन को अब तक का सबसे बड़ा धोखा' बताकर खारिज कर दिया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों से पूरी दुनिया में जन-धन की व्यापक क्षति हो रही है। इसके चलते सूखे, बाढ़ व विनाशकारी तूफानों से पूरी दुनिया की खाद्य सुरक्षा खतरे में नजर आ रही है। जो मानव जीवन को लगातार संघर्षमय बना रहे हैं। ट्रंप का शांति बनाये रखने के दावे करना और जलवायु परिवर्तन की वास्तविकता को नकारना, उनके विरोधाभासी व्यवहार को ही दर्शाता है। साथ ही उनकी बयानबाजी के खोखलेपन को ही उजागर करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि उन्होंने विश्वव्यापी प्रवासन को 'राष्ट्रों को नष्ट करने वाली' शक्ति बताकर निंदा की, जो मानवता के खिलाफ दुर्भावना ही कही जाएगी। बेहतर भविष्य और सुखमय जीवन की तलाश में प्रवासन सदियों से मानव इतिहास का हिस्सा रहा है। जिसने विभिन्न समाजों को नया आकार दिया है और प्रगति को नई गति दी है। निस्संदेह, प्रवासियों को खतरे के रूप में पेश करना जेनोफोबिया को बढ़ावा देना है। जो वैश्विक समुदायों को विभाजित करने की कुत्सित कोशिश है। ऐसे संघर्ष को रोकने के बजाय इस तरह की गैरजिम्मेदार बयानबाजी सामाजिक आक्रोश और विभाजन को ही जन्म देगी। कालांतर ये विकसित राष्ट्रों में आए प्रवासियों के विरुद्ध नस्लीय हिंसा को बढ़ावा देगा। निस्संदेह, प्रवासियों के लिये अपने दरवाजे बंद करने से शांति सुनिश्चित नहीं होती। आज जब आधुनिक तकनीक व संचार क्रांति के चलते दुनिया के एक गांव में तब्दील होने की बात कही जाती है तो यह सोच नितांत अतार्किक व मानवीय मूल्यों की विरोधी ही है। वहीं दूसरी ओर संयुक्त राष्ट पर ट्रंप का हमला करना और इसे 'अप्रभावी और पाखंडी करार देना' उनके कथित शांतिदूत होने के दावे को कमजोर करता है। माना कि संयुक्त राष्ट्र संघ की अपनी सीमाएं हैं, लेकिन आज के संघर्षरत विश्व में यह एकमात्र वैश्विक निकाय है, जो संवाद, मानवीय राहत और शांति स्थापना के लिये कारगर विकल्प प्रस्तुत करता है। खुद को शांति के संरक्षक के रूप में प्रस्तुत करते हुए, इस पर अनुचित तरीके से हमला करना, उन्हीं संस्थाओं को कमजोर करना है, जो दुनिया को युद्ध के संकट से बचाने का काम करती हैं। बहरहाल, घटनाक्रम का भारत के लिये स्पष्ट सबक है कि हमें वाशिंगटन के साथ मजबूत संबंध बनाये रखते हुए, अलगाववादी-संशयवादी राजनीति में नहीं फंसना चाहिए। इसके बजाय, भारत को बहुपक्षवाद, जलवायु नेतृत्व और समावेशी वैश्विक शासन पर दुगनी गति से जोर देना चाहिए। शांति को केवल सैन्य संयम तक सीमित नहीं किया जा सकता। इसके लिये साझी मानवीय चुनौतियों से मुकाबले के लिये सहयोग की आवश्यकता है। ट्रंप के संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए गए भाषण ने एक अन्य विरोधाभास को भी उजागर किया, कि एक तरफ तो यह नेता युद्धों को समाप्त करने के नाम पर वाहवाही लूटने का श्रेय लेने हेतु तमाम तरह के प्रपंच करता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर भविष्य में युद्धों को भड़काने वाली परिस्थितियों को हवा भी देता है। यदि हम दुनिया में सही मायनों में शांति स्थापना की आकांक्षा रखते हैं तो उसके लिये एकजुटता की जरूरत होती है न कि खोखले नारों की।

गांधी को आने दो

मृदुला श्रीवास्तव

'वर्मा सर, आप तो पूरे दफ्तर में अपने ईमानदार कार्यों के लिए मशहूर हैं, शायद इसीलिए आपने अपने कमरे में गांधी जी की तस्वीर लगा रखी है। पर दो-दो क्यों? एक आपकी आंखों के सामने लटकी है और दूसरी आपके पीठ के पीछे। ऐसा क्यों?' अधीनस्थ शर्मा जी अपने बॉस वर्मा जी से पूछ रहे थे। 'वो इसलिए शर्मा जी कि मेरे सामने बैठा आगंतुक मेरे पीछे लगी गांधी जी की तस्वीर को देखकर झूठ न बोले।' 'और आपके सामने? उसका क्या रहस्य है?' 'रहस्य?' वर्मा जी कैसे बताते अपनी कारिस्तानी को, कि जब मैं झूठ बोलता हूं तो निश्चित रहता हूं कि झूठ बोलते समय गांधी जी मुझे देख नहीं रहे हैं। चूंकि दस में से आठ झूठ तो रोज मैं, बोल ही लेता हूं। इसलिए अंडर दि टेबल काम करते हुए मैं कभी-कभी चपरासी को बुलाकर कुछ आदेश देता हूं। फिर चपरासी दो घंटे में लौटता है, बस इस बीच मैं अपने दो-तीन ठेके, दलालों के साथ झूठ बोलते-बोलते निपटा ही देता हूं। 'सब कुछ सीक्रेट है शर्मा जी, सीक्रेट।' वर्मा जी कैसे यह और बताते कि मुझे तस्वीर पर लदी धूल से दरअसल कोई दिक्कत नहीं है। बस जब मुझे झूठ बोलना होता है तो उससे पहले ही मैं चपरासी को बुलाकर अपने सामने वाली इस तस्वीर को साफ करने को कहता हूं। शर्मा जी बिना कुछ कहे सब कुछ समझ गए। सभी सरकारी कर्मचारी चूंकि अक्सर एक ही मिट्टी के बने होते हैं, इसलिए एक-दूसरे को समझने के लिए उन्हें ज्यादा बोलना नहीं पड़ता। इसलिए बोले 'समझ गया, समझ गया, सरज्तभी शायद आपके सामने वाली तस्वीर पर धूल नहीं दिखती है, पर आपके पीछे वाली धूल से भरी है, फिर अचानक बोले, 'वर्मा जी, आज चाय-वाय नहीं पिलाएंगे क्या?' 'नहीं, नहीं शर्मा जी, अभी नहीं, अभी मीटिंग चालू हैज्पहले गांधी को आने दो। फिर पिलाएंगे चाय आपको। वो क्या है न, हमारे देश के खासकर किसी भी सरकारी दफ्तर में वैसे भी तीन ही तो काम दरअसल ठीक से होते हैं, उनमें पहला है चाय पीने का काम, दूसरा मीटिंगें करने का और तीसरा काम है कमेटी बनाने का।' वर्मा जी यह सब सोच रहे थे, पर बोले कुछ और। वो दरअसल सोच रहे थे कि शर्मा जी आपके आने से अभी थोड़ी देर पहले ही तो मैंने ढाई करोड़ का एक ठेका दिया है, अंडर दि टेबल। बीस परसेंट की बात तय हुई है। इसलिए चपरासी को गांधी जी की तस्वीर साफ करने भेजा है, गांधी जी को हटाना जरूरी है भई, ऐसे कामों को अंजाम देते हुए। पर बोले कुछ और। बोले, 'हां-हां क्यों नहीं, रुकिए-रुकिए, चाय पीकर जाइएगा।' थोड़ी देर में चपरासी ने गांधी जी की तस्वीर, दबे पांव कुर्सी पर चढ़कर, दीवार पर लाकर टांग दी थी। शर्मा जी फिर एक बार में इसलिए भी सब कुछ समझ गए थे कि थोड़ी देर पहले ही वे खुद भी तो एक घोटाले की फाइल बड़े बॉस से ओके करवाकर आए हैं। गांधी जी की तस्वीर वापस कमरे में लटकते ही दफ्तर का वह कक्ष चाय की चुस्कियों और ठहाकों से गूंज रहा था। तभी साथ बैठे शुक्ला जी बोलेज्'सर, जब तक गांधी मात्र चाय की चुस्कियों के साथ हमारी मीटिंग्स और सम्मेलनों का विषय बने रहेंगे, तब तक आप चाहे जितने मर्जी दो अक्तूबर मना लो, गांधी का नाम लेना भी बेमानी हैज्सर! मैं अब चलता हूं। यहां बैठना अब मुझे कुछ भारी लग रहा है।' समर्थन में वर्मा जी को अपनी बड़ी-सी गंजी खोपड़ी हिलाते और खीसें निपोरते देखा-पाया गया, पर यह भी देखने में आया कि उनकी आंखें गांधी जी की उस तस्वीर से रिसते आंसुओं को देखकर पता नहीं क्यों, अनायास कुछ झुक सी भी गई थीं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

विश्व पर्यटकों के लिये अनंत संभावनाओं का देश है भारत

ललित गर्ग

विश्व पर्यटन दिवस- 27 सितम्बर, 2025 इस बात का स्मरण कराता है कि पर्यटन केवल मनोरंजन का साधन भर नहीं है, बल्कि यह किसी भी राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार स्तंभ है। इस वर्ष की थीम कुछ स्रोतों में 'पर्यटन और हरित निवेश' या 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' बतायी जा रही है जिसका उद्देश्य पर्यटन को स्थिरता और समावेशिता के साथ बढ़ावा देना है। यह थीम स्थायी पर्यटन के लिए हरित निवेश की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है, जो समुदायों और ग्रह दोनों के लिए फायदेमंद है। जिसके माध्यम से, पर्यटन में वैश्विक सहयोग और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसमें हरित निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को कम करना शामिल है। यह दिवस मनाते हुए भारत की पर्यटन संभावनाओं पर चिन्तन-मंथन करना जरूरी है। क्योंकि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में पर्यटन की संभावनाएं अनंत हैं। यहाँ हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर गोवा और अंडमान के समुद्र तटों तक, काशी और बोधगया की आध्यात्मिक आभा से लेकर अजमेर और पुष्कर की आस्था तक, केरल के बैकवाटर्स से लेकर राजस्थान के रेगिस्तान तक हर अनुभव अपने आप में अद्वितीय है। यही कारण है कि भारत का पर्यटन उद्योग आज नई उड़ान भर रहा है और वैश्विक मानचित्र पर अपनी पहचान बना रहा है।

विश्व पर्यटन दिवस दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिये तो आमंत्रित करता ही है, लेकिन भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण दुनिया के पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षक का केन्द्र बन रहा है। जो जीवन में खुशियां एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर भी करता है। आर्थिक विकास और सांस्कृतिक कूटनीति को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल बदलते समय के साथ विश्व पर्यटन दिवस नई पहलों, नीतिगत सुधारों और क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले दिन के रूप में विकसित हुआ है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन, विश्व मानवता को बल देना, युद्धमुक्त वातावरण और विविध वैश्विक सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देकर विश्व समुदायों को सशक्त बनाना है।

भारत में पर्यटन के आर्थिक प्रभाव बेहद व्यापक हैं। यह भारत की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है और करोड़ों लोगों के लिए रोजगार का सबसे बड़ा साधन बन चुका है। गाँवों और कस्बों तक पर्यटन का असर पहुँच रहा है, जिससे स्थानीय हस्तशिल्प, लोककला और खानपान को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। विदेशी पर्यटक न केवल हमारी संस्कृति और आध्यात्मिकता से प्रभावित होते हैं। पर्यटन के सामाजिक प्रभाव भी उल्लेखनीय हैं। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम बनकर विभिन्न धर्मों, भाषाओं और परंपराओं के

बीच सद्भाव और भाईचारे को बढ़ाता है। महिला सशक्तिकरण और युवा उद्यमिता को पर्यटन ने नया आयाम दिया है। होम-स्टे, गाइडिंग, हस्तशिल्प और लोक-कलाओं में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। यही नहीं, ग्रामीण पर्यटन ने गाँवों को विकास के नए अवसर प्रदान किए हैं और पलायन की समस्या को कम करने की क्षमता दिखाई है। राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से भी पर्यटन भारत की सॉफ्ट पावर को मजबूत करता है। 'इनक्रेडिबल इंडिया' और 'देखो अपना देश' जैसे अभियानों ने भारत की वैश्विक पहचान को और गहरी किया है। हाल के वर्षों में भारत ने जी-20 जैसे आयोजनों के जरिए अपने पर्यटन स्थलों की भव्यता और सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया, जिससे न केवल राजनीतिक विश्वास बढ़ा बल्कि भारत की सांस्कृतिक शक्ति का विस्तार भी हुआ। पड़ोसी देशों के साथ बौद्ध और आध्यात्मिक सर्किट की योजनाओं ने भारत को एशिया का आध्यात्मिक केंद्र स्थापित करने में मदद की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यटन को भारत की शक्ति बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने 'भारत जोड़ो यात्रा', 'देखो अपना देश' अभियान और 'प्रोजेक्ट आध्यात्मिक सर्किट' जैसी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन को जन-आंदोलन का रूप दिया है। योग और आयुर्वेद को विश्वभर में लोकप्रिय बनाने के उनके प्रयासों ने भारत को हेल्थ और वेलनेस टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बना दिया है। मोदी सरकार स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स, हवाई अड्डों का विस्तार, चारधाम परियोजना, उच्च गति रेल और 'भारतमाला' जैसी योजनाएं पर्यटन को नई सुविधाओं से जोड़ रही हैं। प्रधानमंत्री का यह मानना है कि भारत का हर गाँव और हर शहर अपने आप में एक अनोखा पर्यटन स्थल है और उसकी कहानी दुनिया तक पहुँचाई जानी चाहिए। आज जब डिजिटलाइजेशन ने पर्यटन को नई दिशा दी है, ऑनलाइन टिकटिंग, वर्चुअल टूर और एआई आधारित यात्रा मार्गदर्शन ने पर्यटन को आधुनिक युग से जोड़ दिया है। सस्टेनेबल टूरिज्म पर जोर देकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रकृति और संस्कृति दोनों की सुरक्षा बनी रहे। मिलेनियल्स और नई पीढ़ी अनुभव-आधारित और साहसिक पर्यटन की ओर आकर्षित हो रही है और भारत इस अवसर को भुनाने में आगे बढ़ रहा है।

भारत विश्व स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाजार बनने के लिए तैयार है। भारत में पर्यटन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा घरेलू बाजार बनने की उम्मीद है। 2023 में, भारत में पर्यटन पर होने वाला खर्च 2019 के 127 बिलियन डॉलर से बढ़कर 174 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। सबसे ज्यादा पर्यटक तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित 5 राज्यों में गए, जहाँ कुल मिलाकर 65 प्रतिशत पर्यटक आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता से धार्मिक पर्यटन को नये पंख लगे हैं, अयोध्या में बना भगवान श्रीराम का मन्दिर एवं प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने धार्मिक पर्यटन के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। धार्मिक पर्यटन आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ऐसी सभी जगहों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं, सड़क और एयर कनेक्टिविटी, आने वालों की सुरक्षा और सेवा दी जा रही है। भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं।

राष्ट्रीय नीतियां और जनसंख्या का अतिरेक, विकास की धीमी गति

शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है। खासकर महिला शिक्षा जनसंख्या नियंत्रण में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। शिक्षित महिला न केवल स्वयं जागरूक होती है बल्कि पूरे परिवार को बेहतर दिशा देती है। युवा शक्ति को सही दिशा तभी मिल सकती है जब उन्हें काम मिले। सरकार को कौशल विकास योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देना होगा।

संजीव ठाकुर

जनसंख्या किसी भी राष्ट्र का आधार होती है। यह न केवल समाज के ढाँचे को आकार देती है बल्कि आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विकास को भी दिशा देती है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2023 में चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। यह स्थिति भारत के लिए दोहरी चुनौती है। एक ओर हमारे पास दुनिया की सबसे बड़ी श्रमशक्ति और विशाल उपभोक्ता वर्ग है।

दूसरी ओर, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की कमी हमें इस जनसंख्या लाभांश (डेमोग्राफिक डिविडेंड) को बोझ में बदलने की ओर धकेल सकती है। इतिहास साक्षी है कि जब भी किसी राष्ट्र ने अपनी जनसंख्या सही दिशा दिखाई है तो उसे राष्ट्र ने विकास की धारा को अपना कर एक विकसित राष्ट्र बनाया है। लेकिन जब यही जनसंख्या अनियंत्रित हो गई, तो वह गरीबी, बेरोजगारी और नियत संसाधनों के ह्रास का कारण बन कर देश को अन्य देशों की तुलना में काफी पीछे ढ़केल दिया है।

भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में जनसंख्या का प्रश्न केवल आँकड़ों का ही नहीं बल्कि विकास के पैमाने का भी है। देश की 65 प्रतिशत जनसंख्या युवा जनसंख्या है यह स्थिति भारत को दुनिया की सबसे बड़ी श्रमशक्ति प्रदान करती है। यदि इन्हें सही शिक्षा और प्रशिक्षण मिले तो यह जनसंख्या भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने में सहायक हो सकती है।

अधिक जनसंख्या का मतलब बडी उपभोक्ता शक्ति और संभावनाएं। यही कारण है कि वैश्विक उपभोक्ता कंपनियाँ भारत को अपनी सामग्री बेचने का सबसे बड़ा बाज़ार मानती हैं। विशाल जनसंख्या के कारण यहाँ वस्तुओं और सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है, जिससे उद्योग-धंधों को लगातार निरंतर प्रोत्साहन मिलता है।

अधिक लोग, अधिक विचारधारा, बड़ी आबादी के बीच से नई सोच, तकनीकी आविष्कार और सृजनशीलता के अवसर बढ़ते हैं। भारतीय युवाओं की प्रतिभा ने आईटी, स्टार्टअप और वैज्ञानिक अनुसंधान में विश्व पटल पर भारत की साख मजबूत की है।

विविध जनसंख्या भारत की सांस्कृतिक शक्ति है। अलग-अलग भाषाएँ, परंपराएँ और जीवनशैली समाज को गतिशील और समृद्ध बनाती हैं। यही विविधता भारत को विश्व मंच पर बहुलता में एकता का संदेश देने योग्य बनाती है।

भारत की सबसे बड़ी और गंभीर समस्या यह है कि हर साल। लाखों युवा श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं, परंतु उनके लिए पर्याप्त रोजगार के संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं परिणाम स्वरूप बड़ी आबादी बेरोजगार रह जाती है या असंगठित क्षेत्र में कम आय पर काम करती है। बेरोजगारी तथा अत्यधिक जनसंख्या का सीधा असर परिवार की आय पर पड़ता है। बड़ी संख्या में लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन बिताने को विवश हैं। यही गरीबी अशिक्षा और कुपोषण को जन्म देती है, जिससे विकास का चक्र धीमा पड़ जाता है।

भूमि, जल, ऊर्जा और खनिज जैसे प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं। लेकिन बढ़ती जनसंख्या इनके अति-दोहन का कारण बनती है। जल संकट, भूमि क्षरण और ऊर्जा की कमी जैसी समस्याएँ तेजी से सामने आ रही हैं बढ़ती जनसंख्या का बड़ा हिस्सा रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन करता है। इससे महानगरों में झुग्गी-झोपड़ियाँ बढ़ती हैं, यातायात और प्रदूषण की समस्या गहराती है तथा जीवन स्तर गिरता है।

जनसंख्या वृद्धि का सबसे बड़ा दुष्परिणाम पर्यावरण पर पड़ता है। प्रदूषण, वनों की कटाई, कचरे का बढ़ता ढेर और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन ये सभी अनियंत्रित आबादी के प्रत्यक्ष नतीजे हैं। जब जनसंख्या का बड़ा हिस्सा बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित रह जाता है तो समाज में असंतोष, तनाव और अपराध बढ़ने लगते हैं। यही स्थिति सामाजिक असमानता और असुरक्षा को जन्म देती है। चीन ने जनसंख्या नियंत्रण में वन चाइल्ड पॉलिसी जैसी कठोर नीतियों का सहारा लिया, जबकि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के चलते जागरूकता और परिवार नियोजन पर जोर दिया गया है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों और अशिक्षित वर्गों में अभी भी जागरूकता का स्तर कम सरकारी कार्यक्रमों और जनसंचार माध्यमों के जरिए छोटे परिवार के लाभ समझाना आवश्यक है। गर्भनिरोधक साधनों की उपलब्धता और प्रचार-प्रसार बढ़ाना होगा।

शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है। खासकर महिला शिक्षा जनसंख्या नियंत्रण में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। शिक्षित महिला न केवल स्वयं जागरूक होती है बल्कि पूरे परिवार को बेहतर दिशा देती है।

युवा शक्ति को सही दिशा तभी मिल सकती है जब उन्हें काम मिले। सरकार को कौशल विकास योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देना होगा। स्टार्टअप और लघु उद्योग इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

शहरों पर बोझ कम करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आधारभूत सुविधाओं का विकास आवश्यक है। इससे पलायन रुकेगा और संतुलित विकास होगा। जनसंख्या को उत्पादक संसाधन बनाने के लिए स्वास्थ्य सुविधाएँ सुलभ और किफ़ायती बनानी होंगी। कुपोषण और मातृ-शिशु मृत्यु दर घटाने पर विशेष ध्यान देना होगा। भारत के लिए जनसंख्या एक दोधारी तलवार है। यदि इसे सही दिशा, शिक्षा और रोजगार मिले तो यही जनसंख्या हमें विश्व शक्ति बनाने का सबसे बड़ा आधार बन सकती है। लेकिन यदि यह अनियंत्रित और अशिक्षित रही तो यही जनसंख्या गरीबी, बेरोजगारी और अशांति का सबसे बड़ा कारण भी बन सकती है। अतः आवश्यकता है कि हम इसे केवल बोझ न मानें, बल्कि अवसर के रूप में देखें और नियंत्रण, शिक्षा और विकास के माध्यम से इसे राष्ट्र की शक्ति में परिवर्तित करें।

आधुनिक जीवनशैली में हृदय विकार का खतरा चरम पर

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

हृदय रोग विश्व भर में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या हैं। हमारे देश में तो यह चरम पर हैं, एक-दो दशक पहले तक यह समस्या केवल अमीर बुजुर्गों के हिस्से आनेवाली मानी जाती थी, परंतु देश में अब इस बीमारी ने अत्यधिक तेजी से पैर पसारे हैं। बच्चे और जवान भी इसके शिकार हो रहे हैं। देश में प्रदूषण और मिलावटखोरी ने समस्त जीवसृष्टि के लिए खतरा बढ़ाया है और मनुष्य का आलस्य, लालच, निकृष्ट दर्जे का खाना, आधुनिक जीवनशैली व मानसिक तनाव ने बीमारियों को मौत के तौर पर आमंत्रित किया हैं। देश में खुद युवा अवस्था में हृदय रोग चिकित्सक भी हृदय रोग से जान गंवाने की घटनाएं हो रही हैं। इस साल 2025 के लिए विश्व हृदय दिवस की थीम है ÷एक भी धड़कन न चूकें।÷ यह थीम हमारे हृदय स्वास्थ्य को गंभीरता से लेने के लिए एक सशक्त अनुस्मारक है, जो हृदय रोग के प्रारंभिक चेतावनी संकेतों के प्रति सक्रिय रहने और जाँच में देरी न करने, स्वस्थ आदतों और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप पर जोर देता हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। 2022 में, अनुमानित 19.8 मिलियन लोगों की हृदय रोग से मृत्यु हुई, जो वैश्विक स्तर पर होने वाली कुल मौतों का लगभग 32 प्रतिशत हैं। इनमें से 85 प्रतिशत मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण हुई। संयुक्त राज्य अमेरिका में हर 34 सेकंड में एक व्यक्ति हृदय रोग से मरता है और 2023 में, हृदय रोग से 9,19,032 लोगों की मृत्यु हुयी, अर्थात हर तीन मौतों में से एक। अधिकांश हृदय रोगों को तंबाकू सेवन, अस्वास्थ्यकर आहार (नमक, चीनी और वसा में उच्च) और मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, द्वेष, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, चिंता, अवसाद, मिलावटखोरी, शराब का हानिकारक सेवन और वायु प्रदूषण जैसे व्यवहारिक और पर्यावरणीय जोखिम कारकों को संबोधित करके रोका जा सकता हैं। हृदय रोग का जल्द से जल्द पता लगाना महत्वपूर्ण है ताकि परामर्श और दवा के साथ प्रबंधन शुरू किया जा सकें।

दिल्ली के आकाश हेल्थकेयर द्वारा किए गए पाँच-वर्षीय अध्ययन से पता चला है कि कोविड-19 महामारी के बाद से हृदय रोग के मामले दोगुने हो गए हैं, और आपातकालीन मामलों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं। 2020 से 2023 के बीच भारत के अस्पतालों से प्राप्त आँकड़ों से पता चलता है कि हृदय रोग के 50 प्रतिशत मरीज़ 40 वर्ष से कम आयु के हैं, जो कि बेहद ही गंभीर विषय हैं। पिछले 4-5 वर्षों में युवाओं में इसके मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैं। उच्च रक्तचाप (24 प्रतिशत), मधुमेह (10 प्रतिशत), और डिस्लिपिडेमिया (39 प्रतिशत) जैसे जोखिम कारक शामिल हैं। इसके अलावा, धूम्रपान (36 प्रतिशत), अत्यधिक शराब का सेवन (16 प्रतिशत), अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि (11 प्रतिशत) और खराब आहार गुणवत्ता (12 प्रतिशत), व्यक्तिगत एवम कार्य-संबंधी तनाव, मनोसामाजिक कारक, और जीवन की घटनाएँ (32 प्रतिशत) जो अंतःसंवहनी घनास्त्रता एवम परिणामस्वरूप, हृदय संबंधी घटनाओं के जोखिम को बढ़ाती हैं। इसके अलावा, आनुवंशिक कारक और सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ स्थिति को अधिक जटिल बना देती हैं। दुनिया भर में तंबाकू से संबंधित हृदय रोग से 1.9 मिलियन मौतें होती हैं।

गुजरात के जामनगर शहर के 41 वर्षीय जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव गांधी का उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रिपोर्टों के अनुसार, डॉ. गांधी ने अपने करियर में 16,000 से ज़्यादा हृदय शल्य चिकित्साएँ की थी। अभी हाल ही में, 39 वर्षीय हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ग्रैडलिन रॉय का चेन्नई के एक अस्पताल में ड्यूटी के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। एक 39 वर्षीय दंत चिकित्सक, फिटनेस के प्रति उत्साही और गोवा में 32 किमी की मैराथन में भाग लेने वाले की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। फिट और तंदरुस्त रहनेवाले फिल्मी सेलिब्रेटी पुनीत राजकुमार, सिद्धार्थ शुक्ला, राजू श्रीवास्तव, गायक केके और अभी 42 वर्षीय शेफाली जरीवाला की मृत्यु का कारण भी हृदय विकार ही रहा। कुछ माह पूर्व महाराष्ट्र के कोल्हापुर के एक प्रसिद्ध युवा कुश्ती खिलाडी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कर्नाटक में एक 28 वर्षीय व्यक्ति की क्रिकेट मैच में जीत का जश्न मनाते समय और एक शादी समारोह में मंगलसूत्र बांधने के तुरंत बाद 25 वर्षीय दूल्हे की मृत्यु हो गई। विभिन्न हिस्सों में व्यायाम के दौरान भी युवाओं की मृत्यु के मामले सामने आए हैं।

अब तो छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी हृदय विकार से जान गंवाने की खबरें अत्यधिक बढ़ गयी हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि, देश में हर साल 14 साल से कम उम्र के सैकड़ों बच्चों की दिल का दौरा पड़ने या हृदय रोग से मृत्यु होती हैं। राजस्थान के सीकर स्थित एक स्कूल में 9 साल की एक बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अलीगढ़ के एक 14 साल के लड़के की स्कूल की खेल प्रतियोगिता की तैयारी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। कुछ दिन पहले ही, महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक 10 साल का बच्चा अपने घर के सामने खेल रहा था, अचानक तबीयत खराब होने पर, वह घर गया और अपनी माँ से पिने के लिए पानी माँगा और माँ की गोद में ही दम तोड़ दिया। इससे पहले, महाराष्ट्र के नासिक में 6 साल की एक स्कूली बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

वायु प्रदूषण के कारण हर साल 7 मिलियन लोगों की मृत्यु होती हैं, तथा इस्केमिक हृदय रोग इन मौतों के प्रमुख कारणों में से एक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान हैं, कि हर साल लगभग 4.2 मिलियन असामयिक मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। वायु प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोग; जो सड़कों, रेलमार्गों, बंदरगाहों या औद्योगिक क्षेत्रों के पास रहने या काम करने वाले लोग, जंगल की आग के धुएँ के संपर्क में आने वाले लोग, धूम्रपान न करने वाले वयस्कों और बच्चों पर अप्रत्यक्ष धूम्रपान के धुएँ के संपर्क में आने से स्वास्थ्य प्रभाव हानिकारक और असंख्य हैं। अप्रत्यक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने से हृदय रोग और स्ट्रोक, फेफड़ों का कैंसर, अचानक शिशु मृत्यु सिंड्रोम, गंभीर अस्थमा के दौरे और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। कई अध्ययनों ने वायु प्रदूषण और हृदय स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। जब लोग प्रदूषित हवा में साँस लेते हैं, तो उसके सूक्ष्म कण फेफड़ों में गहराई तक जाकर रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इससे हृदय संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें शामिल हैं÷ रक्तचाप में वृद्धि, हृदय गति में गड़बड़ी, दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ना, एथेरोस्क्लेरोसिस, और असुरक्षित आबादी पर प्रभाव।

हृदय विकार के कारण तेजी से होनेवाली असमय मौतों की गति को अधिक जागरूकता, बेहतर जाँच और जीवन रक्षक उपायों की बढ़ती उपलब्धता द्वारा काफी हद तक कम करने में कारगर साबित हो सकते हैं। आधुनिक जीवनशैली अगर हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं तो ऐसी जीवनशैली को त्यागना ही बेहतर हैं।

शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 733 अंक टूटा, निफ्टी 24700 के नीचे

नई दिल्ली। शेयर बाजार लगातार छठे दिन लाल निशान पर बंद हुआ। शुक्रवार को बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की बड़े टैरिफ की घोषणा के बाद आई। उन्होंने कहा कि दवाइयों पर 100 फीसदी, किचन कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी पर 50 फीसदी, फर्नीचर पर 30 फीसदी और भारी ट्रकों पर 25 फीसदी आयात कर लगाया जाएगा। नए टैरिफ 1 अक्टूबर, 2025 से लागू होने वाले हैं। इस घोषणा के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों में भारी गिरावट देखी गई।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 733.22 अंक या 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,426.46 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 827.27 अंक या एक प्रतिशत गिरकर 80,332.41 पर आ गया। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 236.15 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,654.70 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 4 पैसे बढ़कर 88.72 (अनंतिम) पर बंद हुआ। 19

सितंबर से सूचकांक में गिरावट जारी है और लगातार छह सत्रों में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। शुक्रवार तक छह सत्रों में सेंसेक्स 2,587.50 अंक या 3.16 प्रतिशत तक गिर चुका है।

फार्मास्यूटिकल दवाओं पर 100 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ लगाने के कदम के बाद अधिकांश फार्मा शेयरों में गिरावट आई, जिससे बीएसई हेल्थकेयर सूचकांक 2.14 प्रतिशत नीचे आ गया। वॉकहार्ट के शेयरों में 9.4 प्रतिशत की गिरावट आई। इस सप्ताह आईटी शेयरों में भारी बिकवाली हुई।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख ने कहा कि भारतीय बाजार में एशियाई बाजारों की तरह ही भारी गिरावट देखी गई। दवा कंपनियों पर नए टैरिफ लगाने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, जिससे दवा कंपनियों के शेयर भारी गिरावट में आ गए। इस बीच, एक्सेंचर के कमजोर दिशानिर्देशों और नौकरियों में कटौती ने आईटी खर्च में कमी को उजागर किया। एआई-आधारित विकास उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा, जिससे तकनीकी शेयरों में व्यापक बिकवाली हुई। वैश्विक अनिश्चितता के बीच निवेशक सतर्क बने हुए हैं और निकट भविष्य में घरेलू निवेश और खपत पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटरनल, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक सबसे ज्यादा गिरावट में रहीं। वहीं लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज को लाभ हुआ।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

बेंगलुरु। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारत में पर्यावरण संरक्षण और लोगों की सेहत के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। 2015 में शुरू किए गए टोयोटा एनवॉयरमेंटल चैलेंज 2050 (टीईसी 2050) की 6 चुनौतियों के आधार पर, टीकेएम कार्बन उत्सर्जन को कम करने, अपने उत्पादों, विनिर्माण प्रक्रियाओं और पूरी सप्लाई चेन में स्थायी तरीके अपनाकर बदलाव ला रहा है। साथ ही, यह प्राकृतिक संसाधनों को बचाने और प्रभावी परियोजनाओं के जरिए समुदायों को बेहतर बनाने का काम कर रहा है। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस हमें याद दिलाता है कि पर्यावरण की गुणवत्ता और लोगों का स्वास्थ्य आपस में जुड़े हैं। स्वच्छ हवा, पानी, प्रभावी कचरा प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण को बढ़ावा देकर, यह दिन पर्यावरण की रक्षा के महत्व को दर्शाता है। टीकेएम की पर्यावरण के अनुकूल पहलें उत्सर्जन और संसाधनों को बचाने के साथ-साथ स्वस्थ समुदायों को बढ़ावा देती हैं। पृथ्वी के लिए सम्मान (रेस्पेक्ट फॉर द प्लैनेट) के सिद्धांत के साथ, टीकेएम ने अपने उत्पादों, उत्पादन प्रक्रियाओं और सामुदायिक कार्यक्रमों में नए विचारों और स्पष्ट लक्ष्यों को शामिल किया है, ताकि ठोस और बड़े पैमाने पर परिणाम मिल सकें।अपनी राय व्यक्त करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट एवं डायरेक्टर मैन्युफैक्चरिंग, बी. पद्मनाभ ने कहा, टीकेएम में, सस्टेनेबिलिटी हमारे संचालन, नवाचार और विकास का आधार है। पिछले एक साल में, हमने कई क्षेत्रों में निर्णायक प्रगति की है, जैसे कि बिदादी संयंत्र में 100% रिन्युएबल एनर्जी का उपयोग, वैल्यू चेन में डीकार्बनाइजेशन को बढ़ावा देना और चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना।

शिया पी.जी. कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल एवं पुनर्वास तथा वैश्विक अनिवार्यता पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

लखनऊ। शिया पी.जी. कॉलेज, लखनऊ स्थित मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान (आईएमएचआरसी) ने आज मानसिक स्वास्थ्य देखभाल एवं पुनर्वास तथा वैश्विक अनिवार्यता पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन 26 से 28 सितंबर 2025 तक चलेगा। यह आयोजन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं को समकालीन मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर चर्चा करने और देखभाल एवं पुनर्वास के लिए वैश्विक साक्ष्य-आधारित प्रथाओं का पता लगाने के लिए एक साथ लाता है।

सम्मेलन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप निदेशक श्री राजेश मिश्रा ने किया, जो मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में, मिश्रा ने समावेशी, सुलभ और स्थायी मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता पर बल दिया। बलरामपुर अस्पताल की वरिष्ठ मनोचिकित्सक और लखनऊ जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. आभा सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और प्रभावी पुनर्वास के लिए समुदाय-आधारित दृष्टिकोणों को नैदानिक ढाँचों के साथ एकीकृत करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं में यूके के नॉर्थम्प्टन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रिचर्ड रोज़ शामिल थे, जिन्होंने बहिष्कार से समावेशन तक– नीति का व्यवहार में अनुवाद विषय पर व्याख्यान दिया, और अमेरिका के मर्सर विश्वविद्यालय की डॉ. तारा ओवरेत ने मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए अभिघातजन्य विकास और अंतर्राष्ट्रीय नीति ढाँचे÷ पर चर्चा की। उनके सत्र वैश्विक साक्ष्यों को कार्यान्वयन योग्य नीतियों में बदलने और मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे व्यक्तियों में लचीलापन और सुधार को बढ़ावा देने पर केंद्रित थे।

तीन दिनों के दौरान, प्रतिभागी विविध सामाजिक-आर्थिक संदर्भों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए, साक्ष्य-आधारित प्रथाओं, वैश्विक नीति ढाँचों और नवीन पुनर्वास मॉडलों पर विचार-विमर्श करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य सहयोग को बढ़ावा देना और ऐसी रणनीतियाँ विकसित करना है जो मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों से प्रभावित व्यक्तियों के लिए सम्मान, समावेशन और सशक्तिकरण सुनिश्चित करें।

इस त्योहार वित्तीय सुरक्षा और दीर्घकालिक समृद्धि के साथ जश्न मनाएं बजाज कैपिटल के साथ

लखनऊ। जैसे ही भारत दशहरा और दीवाली के त्योहार के मौसम में प्रवेश करता है, बजाज कैपिटल ने देखा है कि परिवार अब सोना, उपहार और उत्सव के साथ वित्तीय सुरक्षा पर भी ध्यान दे रहे हैं। जीएसटी 2.0 के बाद जीवन और स्वास्थ्य बीमा अब अधिक किफायती और आसानी से उपलब्ध हैं, जिससे परिवार अपने वित्तीय सुरक्षा जाल को मजबूत कर सकते हैं। त्योहार का मौसम जश्न, खुशी और देने का समय है, लेकिन यह अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने का भी सही समय है। जीएसटी के बाद बीमा अब सरल और किफायती हो गया है। परिवार अब जीवन और स्वास्थ्य बीमा को अपने त्योहार की योजना में शामिल कर सकते हैं और उत्सव का आनंद लेते हुए सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं, कहा संजिव बजाज, संयुक्त अध्यक्ष और एमडी, बजाज कैपिटल ने। त्योहार के मौसम में खर्च बढ़ जाता है, लेकिन अनपेक्षित जोखिमों से सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। जीएसटी सुधारों का लाभ उठाकर परिवार अब उत्सव की योजना बना सकते हैं बिना लंबी अवधि की सुरक्षा से समझौता किए। बीमा अब सिर्फ एक वित्तीय उत्पाद नहीं है; यह आपके प्रियजनों के लिए मानसिक शांति सुनिश्चित करने का तरीका है, कहा वेंकटेश नायडू, सीईओ, बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड ने।

फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मजबूत की साझेदारी

ग्रेटर नोएडा। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में हिस्सा लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई विभाग और राज्य की महत्वाकांक्षी एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत किया है। 25 से 29 सितंबर, 2025 तक चलने वाले इस पांच दिवसीय आयोजन का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने किया। इस आयोजन से स्थानीय उद्यमियों, कारीगरों, निर्यातकों, खरीदारों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को राज्य के उत्पादों की समृद्ध एवं व्यापक रेंज को प्रदर्शित एवं प्रमोट करने का मौका मिल रहा है। फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा पूरे भारत में एमएसएमई, कारीगरों और उद्यमियों को सशक्त करने का फ्लिपकार्ट का लक्ष्य समावेशी विकास एवं डिजिटल सशक्तीकरण के भारत सरकार के एजेंडा के अनुरूप ही है। छोटे कारोबारियों को टेक्नोलॉजी एवं ई-कॉमर्स के माध्यम से राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच प्रदान करते हुए हम विकसित भारत के सफर में लगातार योगदान कर रहे हैं। यूपीआईटीएस 2025 में हमारी सहभागिता डिजिटल टूल्स, क्षमता निर्माण एवं राष्ट्रीय बाजार तब पहुंच के माध्यम से एमएसएमई, कारीगरों एवं ओडीओपी उद्यमियों को सशक्त करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ हमारे गठजोड़ को दर्शाती है।

रिलेक्सो ने पेश किया खरीददारों के लिए फेस्टिव बोनांज़ा ऑफर

नई दिल्ली। रिलेक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने अपने बहु-प्रतीक्षित फेस्टिव बोनांज़ा ऑफर की शुरूआत की है, जिसके तहत खरीददार आकर्षक कैशबैक रिवॉर्ड्स के साथ त्योहारों का जश्न मना सकेंगे। यह एक्सक्लुज़िव रीटेल पहल त्योहारों के इस सीज़न हर खरीददारी को खुशियों से भर देगी। इस ऑफर के तहत रिलेक्सो के रीटेल आउटलेट्स पर रु 1499 या अधिक की खरीददारी करने वाले उपभोक्ताओं को गारंटीड कैशबैक मिलेगा, जिसके तहत वे रु 101 के फायदे से लेकर रु 1,00,000 तक के बंपर रिवॉर्ड का लाभ उठा सकेंगे। हर वैद्य खरीद पर अश्योर्ड फायदों के साथ-साथ यह फेस्टिव बोनांज़ा ऑफर सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ता न सिर्फ अपने पसंदीदा फुटवियर बल्कि जश्न मनाने के अतिरिक्त कारण के साथ वापस लौटें। फेस्टिव बोनांज़ा ऑफर एक्सक्लुज़िव रूप से रिलेक्सो फुटवियर्स के रीटेल आउटलेट्स पर सभी ब्राण्ड्स जैसे फ्लाइट, स्पार्क्स, बहामास और रिलेक्सो पर उपलब्ध है। नितिन दुआ, एक्ज़क्टिव वाईस प्रेज़ीडेन्ट, रिलेक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने कहा, ''भारत में त्योहार, खुशियां बिखेरने का मौका हैं और फेस्टिव बोनांज़ा के साथ हम इन खुशियों को सीधे उपभोक्ताओं की खरीददारी में शामिल करना चाहते हैं। रिलेक्सो में हम लोगों के साथ जुड़ाव बनाए रखने के लिए प्रयासरत हैं। यह पहल हमारे उपभोक्ताओं को धन्यवाद करने का एक तरीका है, जिन्होंने हमें अपने रोज़मर्रा के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया है। हमें उम्मीद है कि त्योहारों का यह सीज़न उनके लिए और भी यादगार बन जाएगा, क्योंकि उनकी हर खरीद अपने साथ जश्न का उपहार लेकर आएगी।

वरदान इंटरनेशनल एकेडमी में यूनियन बैंक द्वारा जागरूकता अभियान आयोजित

लखनऊ। सतर्कता जागरुकता अभियान के तहत आज यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा गोमतीनगर विस्तार द्वारा वरदान इंटरनेशनल अकादमी, खरगपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे विद्यालय के बच्चों को सत्यनिष्ठा एवं संस्कृति के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिसमें बच्चों के बीच चित्रकला/ निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं करायी गयी साथ ही सभी को नागरिक सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा भी करायी गई. इसमें विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रिचा खन्ना ने इस कार्यक्रम में बच्चों एवं स्टाफ को बैंक द्वारा दी गई जानकारी को अमल में लाने की अपील की और आयोजन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न बैंकिंग सेवाओं में त्योहार के समय चल रही ब्याज-दरों में छूट की जानकारी दी और बैंक से जुड़े रहने की अपील की।

जयपुरिया लखनऊ ने आयोजित किया व्यवसाय प्रबंधन संगोष्ठी 2025

विघटनकारी परिवेश में व्यवसाय का सतत संचालन

लखनऊ। जयपुरिया प्रबंधन संस्थान, लखनऊ ने शुक्रवार को अपने सभागार में व्यवसाय प्रबंधन

संगोष्ठी 2025 का सफल आयोजन किया। इस वर्ष का विषय था विघटनकारी परिवेश में व्यवसाय का सतत संचालन। संगोष्ठी में विभिन्न प्रख्यात उद्योग विशेषज्ञ ने भाग लिया और आज के तीव्र गति से बदलते व्यावसायिक वातावरण में नवाचार, समायोजन क्षमता और अनुकूलन पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन और वंदना का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ. कविता पाठक, जयपुरिया प्रबंधन संस्थान, लखनऊ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, जबकि डॉ. सुषमा विषनानी (डीन अकादमिक्स) ने संगोष्ठी के विषय पर प्रकाश डाला।

अतिथि सम्मान में रामगोपाल प्रजापत वरिष्ठ उपाध्यक्ष - कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डेटा विज्ञान, ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स प्रा. लि.ने अपने संबोधन में बताया कि डेटा-आधारित रणनीतियाँ किस प्रकार उद्योगों का स्वरूप बदल रही हैं। मुख्य अतिथि प्रणय फोटेदार निदेशक, पीडब्ल्यूसी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन और व्यवधान को अवसर के रूप में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा–विघटन अब अपवाद नहीं, बल्कि नया सामान्य है। जो व्यवसाय चपलता, तकनीकी एकीकरण और लोगों पर केंद्रित रणनीतियों को अपनाएँगे, वही इस परिवर्तन के युग में सफलता प्राप्त करेंगे। अपने स्वागत भाषण में डॉ. कविता पाठक ने कहा जयपुरिया में हम मानते हैं कि प्रबंधन शिक्षा केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं होनी चाहिए। यह संगोष्ठी हमारे विद्यार्थियों को उन विशेषज्ञ से संवाद करने का अमूल्य अवसर प्रदान करती है जो आज की विघटनकारी दुनिया में व्यवसाय का भविष्य गढ़ रहे हैं। पिछले तीन दशकों से जयपुरिया ने सततता और उद्देश्यपूर्ण प्रभाव को शिक्षा का आधार बनाया है ये वही मूल्य हैं जो अब भारतीय व्यवसायों के वैश्विक संवाद में भी दिखाई देते हैं।

आरकेसीपीएल लिमिटेड ने 1,250 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

RKCPL

आरकेसीपीएल लिमिटेड (कंपनी), जो कि भारत भर में एलिवेटेड रोड, फ्लाईओवर, पुल, रोड ओवर ब्रिज, राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, ड्रेनेज सिस्टम और नहर प्रणालियों सहित विशेष संरचनात्मक कार्यों को निष्पादित करने का अनुभव रखने वाली एक सिविल कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी है, उसने बाज़ार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है।कंपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिये कुल 12,500 मिलियन रुपये [1,250 करोड़ रुपये] तक की धनराशि जुटाने की योजना बना रही है। इस पूरी पेशकश का आकार इक्विटी शेयरों के नए इश्यू के ज़रिए 7,000 मिलियन रुपये [700 करोड़ रूपये] (फ्रेश इश्यू) और बिक्री के लिए पेश किए गए इक्विटी शेयरों (ऑफर फॉर सेल) के जरिये 5,500 मिलियन रुपये [550 करोड़ रुपये] है।आरकेसीपीएल एक सिविल कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी है, जिसे भारत भर में विशेष संरचनात्मक कार्यों को निष्पादित करने का अनुभव है। कंपनी की विशेषज्ञता में एलिवेटेड रोड, फ्लाईओवर, पुल, रोड ओवर ब्रिज, राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, ड्रेनेज सिस्टम, नहर प्रणालियों का निर्माण शामिल है।इक्विरस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड और आनंद राठी एडवाइजर्स लिमिटेड इस इश्यू के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (बीआरएलएम) हैं।

पारस हेल्थ कानपुर ने 'बीच-चेयर पोजिशन' में शोल्डर आर्थ्रोस्कोपिक सर्जरी CORI रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की

कानपुर। पारस हेल्थ कानपुर ने एडवांस्ड आर्थोपेडिक केयर में दो बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की हैं। हॉस्पिटल ने शहर की पहली शोल्डर आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी 'बीच-चेयर पोजिशन' में की और पहली CORI (स्मिथ एंड नेफ्यू) रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी भी सफलतापूर्वक की। इन सफलताओं से यह साबित होता है कि हॉस्पिटल अपने क्षेत्र के मरीजों को सबसे आधुनिक सर्जिकल तकनीक और एडवांस्ड सर्जिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। 'बीच-चेयर पोजिशन' में की गई शोल्डर आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी विशेष रूप से कॉम्प्लेक्स सर्जरी जैसे कि बैंकार्ट रिपेयर और रोटेटर कफ रिपेयर के लिए बेहद फायदेमंद होती है। इस पोजिशन में सर्जन को बेहतर विज़ुअल और ज़्यादा कंट्रोल मिलता है। इससे मरीज को बेहतर परिणाम मिलते हैं। इसी दौरान CORI रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट एक ऐसे मरीज पर किया गया जिसे गंभीर घुटनों की समस्या थी। ऐसे केसों में

अत्यधिक सटीकता, सही एलाइनमेंट और तेज़ रिकवरी बहुत ज़रूरी होती है, और रोबोटिक तकनीक ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. आदित्य नरूला, एसोसिएट डायरेक्टर, ऑर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट और आर्थ्रोस्कोपी एक्सपर्ट ने कहा, "CORI रोबोटिक-असिस्टेड नी रिप्लेसमेंट खास तौर पर गंभीर स्थिति वाले मरीजों के लिए गेम-चेंजर साबित हुआ है। यह तकनीक हमें ऐसी सटीकता और पर्सनालाइज्ड प्लानिंग के साथ सर्जरी करने की सुविधा देती है, जो पारंपरिक तरीकों से संभव नहीं होती है। इससे मरीजों की रिकवरी तेज़ होती है और लंबे समय तक बेहतर परिणाम मिलते हैं। इस नई तकनीक के साथ हम सिर्फ इलाज नहीं कर रहे बल्कि हम उन लोगों की ज़िंदगी बदल रहे हैं, जिन्होंने कभी सोचा था कि उन्हें अब आराम नहीं मिल पाएगा। डॉ. राहुल पटेल, एसोसिएट कंसल्टेंट, ऑर्थोपेडिक्स, स्पोर्ट्स इंजरी और जॉइंट रिप्लेसमेंट स्पेशलिस्ट ने कहा, शोल्डर आर्थ्रोस्कोपी के लिए 'बीच-चेयर पोजिशन' जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाना कानपुर में ऑर्थोपेडिक केयर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

ग्लोबल आइकॉन स्कोडा ऑक्टाविया आरएस की वापसी

नई दिल्ली। स्कोडा ऑटो इंडिया एक लीजेंड, ऑक्टाविया आरएस की वापसी के साथ शौकीनों में ड्राइविंग का जुनून फिर से जगाने के लिए तैयार है। ब्रैंड न्यू ऑक्टाविया आरएस की प्री-बुकिंग 6 अक्टूबर 2025 से शुरू होगी, जो स्कोडा ऑटो की सबसे आइकॉनिक परफॉर्मेंस सेडान की वापसी का प्रतीक है. यह ग्लोबल आइकॉन भारत में सीमित मात्रा में फुल-बिल्ट यूनिट के रूप में उपलब्ध होगा। इस लॉन्च के साथ, स्कोडा ऑटो इंडिया बेजोड़ ड्राइविंग डायनामिक्स, बोल्ड डिज़ाइन और बेजोड़ आरएस स्पिरिट देने का वादा करती है, ये सब ख़ास चाहने वालों के लिए बनाई गई एक असली परफॉर्मेंस मशीन में। ऑक्टाविया आरएस की वापसी पर टिप्पणी करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा इस साल की शुरुआत में, हमने वादा किया था कि एक ग्लोबल आइकॉन भारत में वापसी करेगा। आज मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने ऑक्टाविया आरएस के साथ उस वादे को पूरा किया है. यह बैज एक बेजोड़ विरासत को समेटे हुए है, जिसका जुनून दो दशकों से भी ज़्यादा समय से दुनिया भर के जोशीले लोगों में कायम रहा है। भारत में बिल्कुल नई ऑक्टाविया आरएस का ये लॉन्च सिर्फ़ एक कार की वापसी तक सीमित नहीं है. ये एक जज़्बे की वापसी है। एक ऐसा लीजेंड जो परफ़ॉर्मेंस, उम्मीदें और ड्राइविंग के सच्चे जज़्बे की निशानी है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2060 की ओर बढ़ने के साथ हाइड्रोजन की मांग बढ़ने का अनुमान- एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स

नई दिल्ली। हाइड्रोजन के क्षेत्र में भारत खुद को वैश्विक नेता के तौर पर स्थापित करने की स्थिति में है। ऐसे में इस देश की उभरती हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था को आकार देने के लिए नीति निर्माता, उद्योगपति और निवेशकवर्ल्ड हाइड्रोजन इंडिया समिट के उद्घाटन समारोह में एकत्रित हुए। एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट के विशेषज्ञों ने यह बात रेखांकित की कि कैसे वैश्विक एवं भारतीय ऊर्जा क्षेत्र में हाइड्रोजन की भूमिका उल्लेखनीय रूप से विस्तार लेगी जिसमें भारत घरेलू स्तर पर इसका उपयोग बढ़ाते हुए एक किफायती प्रतिस्पर्धी वैश्विक आपूर्तिकर्ता के तौर पर उभरने की अनूठी स्थिति में है।

नवीन एवं अक्षय ऊर्जा मंत्री श्री प्रह्लाद वेंकटेश जोशी ने भारत का राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशनः नीति, प्रोत्साहन और वर्ष 2030 तक5 एमएमटी तक पहुंचने का मार्ग विषय पर एक वर्चुअल मुख्य भाषण दिया। इस बीच, एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स के सह अध्यक्ष डेव अर्न्सबर्जर ने भारत के हरित भविष्य को हाइड्रोजन से ताकत विषय को लेकर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी के साथ गहन चर्चा की।

हाइड्रोजन में भारत की रणनीतिक भूमिका

एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स के भारत प्रमुख पुलकित अग्रवाल ने कहा, वैश्विक हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण देश के तौर पर भारत का उद्भव, इसके ऊर्जा एवं कमोडिटी बाजार उद्भव के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत 2.4 अरब डॉलर निवेश से वर्ष 2030 तक सालाना 50 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य और इसके आधे से अधिक का निर्यात करने की महत्वाकांक्षा है। घरेलू खपत और निर्यात की तैयारी का दोहरा फोकस, एक सूक्ष्म रणनीति दर्शाता है। यह रणनीति है वैश्विक बाजारों के लिए किफायती एवं प्रतिस्पर्धी आपूर्तिकर्ता के तौर पर भारत की स्थिति बनाते हुए आंतरिक लचीलापन तैयार करना।

उन्होंने आगे कहा कि भारत की ऊर्जा मूल्य श्रृंखला, सिटी गैस, रिफाइनरियों, फर्टिलाइजर और अक्षय ऊर्जा में हाइड्रोजन का विघटनकारी प्रभाव होगा। वहीं एक महत्वपूर्ण बाधा के तौर पर मूल्य निर्धारण के लिए टिकाऊ नीतिगत सहयोग और जबरदस्त बाजार व्यवस्था की जरूरत होगी।

वैश्विक वृद्धि परिदृश्य और हाइड्रोजन की बढ़ती हिस्सेदारी

एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स के वरिष्ठ विश्लेषक (मात्रात्मक विश्लेषण) अभय सिंह ने कहा, हमारे रेनेसां परिदृश्य में दुनियाभर में हाइड्रोजन की मांग 2060 तक मौजूदा स्तर से 3.5 गुना तक बढ़ सकती है। यह आज की अंतिम ऊर्जा मांग का 1.7 प्रतिशत है जिसके 2060 तक 7 प्रतिशत से ऊपर जाने की संभावना है। भारत में भी अंतिम ऊर्जा मांग में हाइड्रोजन की हिस्सेदारी आज के 1.8 प्रतिशत से बढ़कर रेनेसां परिदृश्य में 3 प्रतिशत से ऊपर जाने की संभावना है जिसमें उत्पादन का करीब 80 प्रतिशत हरित हाइड्रोजन से आने की संभावना है। यह उद्भव डिकार्बनाइजेशन को गति देते हुए भारत के संतुलित कार्य और टिकाऊ आर्थिक वृद्धि को रेखांकित करता है।

हाइड्रोजन व्यापार और लागत प्रतिस्पर्धी क्षमता

एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स की निदेशक (एनर्जी ट्रांजिशंस एंड क्लीन टेक) गौरी जौहर ने कहा, भारत और चीन इलेक्ट्रोलाइटिक अमोनिया के लिए सबसे कम लागते वाले आपूर्ति क्षेत्रों के तौर पर उभर रहे हैं। भारत की ग्रीन हाइड्रोजन सर्टिफिकेशन स्कीम, वैश्विक मानकों के साथ तालमेल बिठाने में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके तहत वित्त पोषित परियोजनाओं के लिए उत्सर्जन 2 kg CO_2e/kg H_2 के नीचे लाना अनिवार्य है।

ड्युरोफ्लेक्स ने लखनऊ पर लगाया बड़ा दांव, एक ही दिन में खोले दो नए स्टोर

लखनऊ। क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली द्वारा समर्थित स्लीप सोल्युशन्स ब्राण्ड ड्युरोफ्लेक्स ने आज लखनऊ के गोमती नगर और आशियाना में दो नए स्टोर लॉन्च किए हैं। एक साथ दो स्टोर्स की ओपनिंग उत्तर भारत के तेज़ी से विकसित होते स्लीप वैलनैस मार्केट में ब्राण्ड के विस्तार में उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके साथ देश भर में ब्राण्ड के रीटेल स्टोर्स की संख्या 80 तक पहुंच गई है। यह लॉन्च लखनऊ को एक महत्वपूर्ण हब के रूप में स्थापित करेगा, क्योंकि ड्यूरोफ्लेक्स क्षेत्र में अपनी ओमनीचैनल योजनाओं को सशक्त बना रहा है। स्टार क्रिकेटर जहां भी जाते हैं, ड्युरोफ्लेक्स के मैट्रेस (गद्दे) इस्तेमाल करते हैं, पहले 100 उपभोक्ताओं को ब्राण्ड अम्बेसडर विराट कोहली से जुड़े कुछ सवालों के जवाब देकर एक मुफ्त मैट्रेस जीतने का मौका मिलेगा। इस कैंपेन के तहत ड्युरोफ्लेक्स ने मुख्य स्थानों पर ओओएच इनीशिएटिव की शुरूआत भी की है, जिसके तहत कोहली की तस्वीर वाले प्रभावी बिलबोर्ड्स लगाए गए हैं, जो कुछ ऐसे संदेश देते हैं 'एक मैट्रेस जो विराट के साथ यात्रा करता है' और 'डॉक्टर द्वारा सुझाया गया बैक सपोर्ट, अब लखनऊ में।' ये विज्ञापन लॉन्च को सुर्खियों में लाएंगे और शहर में ब्राण्ड की मौजूदगी को सशक्त बनाने में मदद करेंगे।

समाधन में मिशन शक्ति अभियान फेज 0.5 की जानकारी दी गई

■ दुर्गा पंडालों में हेल्पलाईन नम्बरों से अवगत कराकर जागरूक किया गया

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। मिशन शक्ति अभियान फेज 0.5 के तहत क्षेत्र कस्बा समधन स्थित बसपा नेता सैयद अहमद उसैब के आवास, राजकीय विद्यालय सहित नगर के सती माता मंदिर एवं गंगेश्वर नाथ मंदिर में दुर्गा पंडाल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला पुलिस कर्मियों ने भाग लेकर उपस्थित महिलाओं को अभियान की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। शुक्रवार को शासन के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे एवं निरीक्षक चन्द्र प्रकाश के नेतृत्व में महिला पुलिस कर्मियों के साथ समधन चौकी प्रभारी दीपक कुमार सिंह द्वारा पूर्व चेयरमैन स्व. सैयद अहमद सुल्तान उर्फ सिब्बू के आवास पर वरिष्ठ बसपा नेता सैयद अहमद अहमद उसैब की मौजूदगी में आयोजित गोष्ठी में महिला पुलिस कर्मियों जयललिता, प्रियंका, अपूर्वा, विजय सिंह, राखी, रोशनी आदि नें महिलाओं और बालिकाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर पंपलेट वितरित करनें के उपरान्त बताया कि मिशन शक्ति अभियान फेज 0.5 का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना है। वरिष्ठ बसपा नेता सैयद अहमद अहमद उसैब ने कहा कि महिलाएं जागरूक होकर ही समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और अन्य महिलाओं को भी जागरूक करें। उधर बीतीशाम नगर के सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर एवं गंगेश्वरनाथ मंदिर दुर्गा पाण्डाल में कार्यक्रम में महिला आरक्षियों ने मौजूद महिलाओं को न सिर्फ हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी दी बल्कि कोतवाली में नव स्थापित महिला शक्ति केन्द्र के कार्यों की जानकारी देने के उपरान्त संकल्प दिलाया कि वे मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग करेंगी। दुर्गा पंडाल का वातावरण भक्ति के साथ-साथ जागरूकता का संदेश भी देता रहा। विभिन्न स्थानों पर कांस्टेवल गगन, बिकुल चौहान, दीवान अशोक यादव, सत्य प्रकाश सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा।

सात दिवसीय मानस मेला की बनायी गयी रुपरेखा

उन्नाव। श्रीरामचरित मानस के माध्यम से जनचेतना जाग्रत करने और नई पीढ़ी को प्रभु श्रीराम के जीवन आदर्शों से आत्मसात कराने के उद्देश्य से आगामी दिसंबर माह में सात दिवसीय विराट मानस मेला का आयोजन किया जाएगा। सिविल लाइन स्थित मीडिया हाउस कार्यालय में, सीतापुर से पधारे अखिल भारतवर्षीय श्रीरामचरितमानस समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वम्भ दयाल तिवारी ने मानस मेला के विभिन्न अनुष्ठानों की जानकारी देते हुए उन्नाव समिति का गठन कराया। डॉ संतोष तिवारी को अध्यक्ष, डॉ मनीष सिंह सेंगर को महामंत्री, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रामबोध शुक्ला को उपाध्यक्ष व विधि परामर्शदाता, दीपक तिवारी को उप मंत्री, भावना राजपूत को संयुक्त मंत्री, राहुल कश्यप को कोषाध्यक्ष और मोहम्मद आरिफ़ को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। पदाधिकारियों ने दो सप्ताह के अंदर प्रबंध कार्यकारिणी और सात दिवसीय कार्यक्रमों की घोषणा की बात कही। मानस मेला में राष्ट्रीय स्तर के कथा प्रवक्ता द्वारा रामकथा, यज्ञ और नई पीढ़ी के लिए भजन, भक्ति नृत्य, भक्ति वेश, चित्रकला, संवाद, छंद व चौपाई आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

चोरी के आरोप में लगाकर मासूम बालक को खंभे से बांधकर पीटा

■ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी दुकानदार को हिरासत में लिया

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। गुरुवार की देर शाम क्षेत्र के जसोदा चौकी अंतर्गत गंगा रोड पर अनिल कुशवाहा की कन्फेक्शनरी की दुकान पर अनिल की पत्नी दुकान पर बैठी थी, तभी करीब 12 वर्षीय बालक दुकान में घुसा और गुल्लक के पास खड़ा हुआ। संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने शोर मचाया तो लोगों ने उसे पकड़ लिया। लोगों ने उसे खंभे से बांधकर पिटाई की। नाम-पता पूछने पर उसने कुछ नहीं बताया।

इसके बाद देर शाम उसे जसोदा चौकी पुलिस के हवाले कर दिया गया। कुछ देर बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया। वहीं बालक की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया। इस मामले में दुकानदार को पुलिस ने हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया। उधर कोतवाली में जसोदा चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह द्वारा वायरल वीडियो के आधार पर कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि अनिल कुमार पुत्र राम शंकर कुशवाहा निवासी फतेहपुर जसोदा की दुकान से चोरी का आरोप लगाकर 13 वर्षीय नामालूम बालक को बिजली के खंबे से बांधकर मारपीट की गई। जिससे आम जनता में उक्त घटना को लेकर रोष व्याप्त है। बालक के साथ अभियुक्त अनिल कुमार द्वारा किया गया कृत्य अपराध की श्रेणी में आता है।

सन मियां की चालीसवें की मजलिस में मौलाना कल्बे जव्वाद ने किया खिताब

लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)। राहिब/शावेज़ जरीवाला के वालिद, मरहूम हसन मियां इब्ने इरशाद अहमद की चालीसवें की मजलिस 25 सितंबर, 2025 (जुमेरात) को दरगाह हज़रत अब्बास (अ.स.), लखनऊ में आयोजित की गई। इस मजलिस को मशहूर आलिम-ए-दीन मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद नकवी साहब ने खिताब किया। मजलिस में राहिब अली पुत्र अमीर हुसैन, निवासी टॉपे वाली गली (सुलतान बहादुर रोड), लखनऊ के साथ-साथ लखनऊ और अन्य जिलों से आए मोमनीन ने शिरकत की। मौलाना ने करबला के दर्दनाक मसायब को बयान किया, जिसे सुनकर मजलिस में मौजूद लोगों की आँखें नम हो गई और वे खूब रोए। मजलिस के समापन के बाद नज़रे मौला का इंतजाम भी किया गया।

मजलिस-ए-सय्यूम का आयोजन

मुरादाबाद (अवधनामा संवाददाता)। करुला, ज़ाहिद नगर स्थित तहेज़ीब फ़ातिमा इमामबाड़ा में 26 सितंबर (शुक्रवार), प्रातः 9 बजे मरहूमा सैयदा असद फ़ातिमा बिन्ते सैयद अनवर हुसैन की इसाले-सवाब के लिए एक मजलिस-ए-सय्यूम का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना अली हैदर नूरी साहब ने खिताब फ़रमाया। उन्होंने अपने बयान में मरहूमा के गुण, उनकी ज़िंदगी और आस्था की गहराइयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्णन किया कि कैसे उनकी ज़िंदादिली, उनके संघर्ष और आध्यात्मिक जीवन से प्रेरणा लेकर हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मरहूमा ने समाज व परिवार के प्रति अपना फ़र्ज़ इतनी वफ़ादारी और समर्पण के साथ निभाया कि उनकी ज़िंदगी आज एक मिसाल है। अपने बयान में अहलेबैते अ.स. की शिक्षा और सब्र व इस्तेक़ामत के संदेश पर रोशनी डाली। बड़ी संख्या में अज़ादारान-ए-हुसैनी ने शिरकत कर मरहूमा को ख़राज-ए-अक़ीदत पेश किया और उनकी मग़फ़िरत के लिए दुआ की। मजलिस के आयोजक व मुतमन्नी मोहम्मद आमिर और सैयद मोहम्मद वासी ने समस्त आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने में अहम् भूमिका निभाई। मौका पर मौजूद मातमियों, अज़ादारों, स्थानीय समुदाय और श्रद्धालुओं ने शिरकत की। उपस्थित लोगों ने उनके नाम पर दुआएँ कीं और उनके लिए मग़फ़िरत की प्रार्थना की।

जिले में जुमा की नमाज पर मुस्तैद रहा पुलिस व प्रशासन

अवधनामा संवाददाता

■ नवरात्रि व आगामी त्योहार के दृष्टिगत संवेदनशील इलाकों में किया फ्लैग मार्च

कन्नौज। जुमे की नमाज को लेकर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखाई दिया। मुस्लिम बाहुल्य और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से जुमा की नमाज संपन्न हुई। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में जुमे की नमाज, नवरात्रि व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद के थाना कन्नौज में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह, थाना तिर्वा, थाना ठठिया में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा, थाना छिबरामऊ में प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, थाना इन्दरगढ थानाध्यक्ष नीलम सिंह, थाना विशुनगढ, थाना सौरिख प्रभारी निक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, थाना तालग्राम में एसओ शशिकांत कनौजिया, थाना गुरसहायगंज में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे सहित तमाम पुलिस चौकी क्षेत्रों पर जुमा की नमाज को लेकर पुलिस बल सतर्क दिखाई दिया। पुलिस बल द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर जुम्मे की नमाज की सकुशल सम्पन्न करायी गयी। इसके अतिरिक्त मुस्लिम बाहुल्य और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ड्रोन की मदद से निगरानी की गई। जिले में शांतिपूर्वक जुमे की नमाज संपन्न हुई है।

नगर निगम ने चलाया औरंगाबाद में सफाई अभियान

मथुरा। बापू की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 156 घंटे सफाई अभियान कार्यक्रम के तहत नगर निगम मथुरा-वृंदावन के नगर आयुक्त जग प्रवेश,सहायक नगर आयुक्त कल्पना चौहान नैचर ग्रीन कंपनी के परियोजना प्रबंधक अभिलाष सांगवान व ऑपरेशन प्रभारी अभिषेक बाजपेई ने अपनी टीम के साथ वार्ड 28 व 10 औरंगाबाद में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान आसपास के क्षेत्र को सफाई कर गंदगी से मुक्त किया गया। मुख्य रोड पर दोनों साइड सफाई की गई।कचरा मुक्त किया गया । टीम द्वारा लोगों को जागरुक करते हुए स्वच्छता के प्रति संदेश भी दिया। टीम के द्वारा निरंतर लोगों के बीच में जाकर गंदगी ना करने का आह्वान किया जा रहा है।नेचर ग्रीन कंपनी के परियोजना प्रबंधक अभिलाष सांगवान ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि वे कचरा गाड़ी को कचरा दें और दो अलग अलग डब्बे में कचरा रखें गीला कूड़ा हरे डब्बे में और सूखा कूड़ा नीला रंग के डब्बे में रखें। सड़कें नालियों व पार्कों में कचरा ना डालें। सिंगल उसे प्लास्टिक का प्रयोग ना करें नगर निगम का सहयोग करें। नगर आयुक्त ने कहां के नगर वासी सफाई व्यवस्था में हमारा सहयोग करें। शहर आपका ही है।

महिलाओं को कानूनी अधिकार और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

■ मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत, आज जिलाधिकारी मथुरा के निर्देशन में जनपद में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला कल्याण विभाग की टीम ने मां रेशम देवी इण्टर कालेज, मथुरा में छात्राओं, शिक्षिकाओं और स्थानीय महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देना था। विभाग की टीम ने महिलाओं को सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला हेल्प लाइन 181, यूपी 112, और वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताया।

इस अवसर पर, टीम के सदस्यों ने घरेलू हिंसा, लैंगिक समानता और यौन उत्पीड़न जैसे संवेदनशील विषयों पर खुलकर चर्चा की और संकट की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर्स के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को निडर होकर अपनी बात रखने और अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाने हेतु प्रेरित किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अत्यंत आवश्यक हैं। जिलाधिकारी महोदय ने निर्देशित किया है कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत यह जागरूकता अभियान जनपद के अन्य शिक्षण संस्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि हर महिला तक सुरक्षा और सम्मान का संदेश पहुँच सके।

स्कूल में छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी

जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशन में मिशन शक्ति-5.0 का पांचवा चरण 22 सितम्बर, 2025 को शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर प्रारंम्भ हो चुका है। इसी क्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा निजी विद्यालय इंटर कॉलेज माँ रेशम देवी इंटर कॉलेज आजमपुर पर पाक्सो एक्ट कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन हिंसा के प्रति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण व लगभग 240 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया गया।केन्द्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर यूनिट-द्वितीय, मथुरा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षगण एवं छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहे।

शिक्षक संघ ने सांसद को सौंपा टेट प्रकरण के निराकरण हेतु ज्ञापन

उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)। प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 दिनेश चन्द्र शर्मा के निर्देश के अनुक्रम में जनपद उन्नाव में माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश से टेट बाध्यता से शिक्षकों के सम्मुख उत्पन्न संकट के निराकरण हेतु प्रान्तीय मंत्री एवं जिलाध्यक्ष उन्नाव बृजेश पाण्डेय के नेतृत्व में सांसद सच्चिदानंद हरि साक्षी जी महाराज को माननीय प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। 'जिलाध्यक्ष के साथ ज्ञापन कार्यक्रम में जिला मंत्री गजेन्द वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंह, तहसील प्रभारी संदीप शुक्ल, श्यामू चौरसिया, सि0 कर्ण अध्यक्ष अभिषेक मिश्र नूतन, अध्यक्ष ७८४ रज्जू प्रसाद, मंत्री असोहा फूलचंद, उपाध्यक्ष निखिल दीक्षित, कयामुद्दीन, महेश वर्मा आदि के साथ सैकड़ों की संख्या में सम्मानित शिक्षक साथियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन का गौरवशाली इतिहास सदा शिक्षक समाज की जय का द्योतक रहा है। टेट प्रकरण पर भी हम हर स्तर के संघर्ष को तैयार हैं और कर रहे हैं। संगठन डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में टेट प्रकरण का निराकरण करा कर ही रहेगा।

सामाजिक संस्था ने बांटी राहत सामग्री एवं सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

उन्नाव। हर बार की भांति इस बार भी कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन परिवार द्वारा उन्नाव के सिकंदरपुर सरोसी स्थित गांव प्यारेपुर एवं बंधवा में ग्रामीण लोगों तक राशन की राहत कीट पहुंचाई गई। इसके साथ ही पचास परिवारों को पंद्रह दिन का राशन दिया गया, जिसके बाद ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल पड़े।बुजुर्ग माताएं बहनों ने जब यह राशन किट अपने हाथों में पकड़ी तब वे खुशी से प्रसन्न हो उठे। साथ ही ग्रामीणों ने संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा से गांव की समस्याओं को भी साझा किया जिसमें प्रमुख रूप से खारा पानी की समस्या दिखाई दी। साथ ही ग्रामीणों ने चिकित्सा सुविधा की भी मांग रखी, बाढ़ का पानी कम हो जाने से रोजाना ग्रामीणों को कई बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में उनका जीना मुश्किल हो रहा है।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की जिला कार्यशाला संपन्न

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वदेशी और स्वावलंबन को मूल मंत्र मानकर चलाए जा रहे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी महानगर की कार्यशाला शुक्रवार को पुष्पांजलि स्थित भाजपा कार्यालय पर सम्पन्न हुई। कार्यशाला का शुभारंभ जिला प्रभारी एवं विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, महापौर विनोद अग्रवाल तथा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने की।वहीं कार्यशाला संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य जिला प्रभारी अशोक कटारिया ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल आर्थिक दृष्टिकोण तक सीमित नहीं है। यह एक व्यापक विचार है, जिसमें हमारे सांस्कृतिक मूल्यों, हमारी परंपराओं और हमारी आत्मा का समावेश है। जब तक हम स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा नहीं देंगे, अपने कुटीर उद्योगों को पुनर्जीवित नहीं करेंगे और युवाओं को स्वदेशी सोच से नहीं जोड़ेंगे, तब तक वास्तविक आत्मनिर्भरता संभव नहीं है। हमें अपने गाँवङ्कगाँव, गलीङ्कगली तक यह संदेश पहुँचाना होगा कि अब हमें विदेशी वस्तुओं की अपेक्षा अपने देश के उत्पादों को अपनाना है। यही सच्चा राष्ट्रधर्म है। वहीं महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का जो नारा दिया है, वह वास्तव में भारत की नई क्रांति है। जिस प्रकार स्वतंत्रता आंदोलन में प्रत्येक भारतीय ने अपने स्तर से योगदान दिया था, उसी प्रकार अब हर नागरिक को आत्मनिर्भर भारत आंदोलन में अपनी भूमिका निभानी होगी। स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, छोटेङ्कछोटे उद्योगों को सहयोग और स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहन देकर हम आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भविष्य दे सकते हैं। आज आवश्यकता है कि कार्यकर्ता इस संकल्प को घर-घर तक ले जाएँ और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएँ।भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि मथुरा की भूमि सदैव समाज को नई दिशा देने वाली रही है। आत्मनिर्भर भारत अभियान प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यक्तिगत संकल्प है। हमें अपने जीवन में भी स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करना होगा और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। जिस दिन यह अभियान जनआंदोलन बन जाएगा,उसी दिन भारत विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ जाएगा। हमें प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को व्यवहारिक जीवन में उतारना है। कार्यकर्ता यदि इस दिशा में गंभीरता से प्रयास करेंगे तो मथुरा महानगर आत्मनिर्भरता का आदर्श उदाहरण बन सकता है।भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि यह अभियान आगामी तीन माह तक जिले में निरंतर चलेगा। इसके अंतर्गत कार्यकर्ता जनसंपर्क, संगोष्ठी, गोष्ठी और जनजागरण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर बनने का संदेश देंगे। प्रधानमंत्री के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएगा। संचालन रामकिशन पाठक ने किया।

इस अवसर पर सुल्तान सिंह तरकर चंद्रपाल कुंतल संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी नीरू सक्सेना ललित गौतम नितिन चतुर्वेदी प्रणय शर्मा पाराशर अमित पाठक पार्षद अंकुर गुर्जर धर्मेश नौहवार नितिन कौशिक हाकिम सिंह टीटू अजय सिंह राजावत जितेंद्र वार्ष्णेय लोकेश निषाद यशपाल सिंह नट्टू पंडित शुभम ठाकुर मोहन भारद्वाज आकाश पचौरी आदि मौजूद थे।

गणेश पूजन के साथ रामलीला महोत्सव का शुभारंभ

उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)। आवास विकास कॉलोनी श्री राघव सनातन सेवा संस्थान द्वारा भव्य श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ गणेश पूजन ध्वजा रोहण, सुंदरकांड पाठ के साथ प्रारंभ हुआ। ध्वजारोहण नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा द्वारा संपन्न हुआ। रामलीला के पहले दिन के मंचन में कलाकारो ने मंचन से मौजूद लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। पहले दिन की रामलीला में रावण दिग्विजय से राम जन्म तक लीला का मंचन किया गया। राघव सनातन संस्थान के संरक्षक अजय शुक्ला, अध्यक्ष कुंवर आर एस चौहान, महामंत्री जी एस भदौरिया, कोषाध्यक्ष आशीष शुक्ला, महिला अध्यक्ष निम्मी अरोरा, के जी अग्रवाल, प्रथम श्रीवास्तव, अम्बरीश त्रिपाठी, सुनील सिंह, अशोक रस्तोगी, अभिनय बाजपेयी, नीतू त्रिवेदी, नीलम सिंह, नीलम यादव, शोभा पांडे, मोनिका सिन्हा इत्यादि मौजूद रहे।

देवी पंडालों की व्यवस्थाओं का एसडीएम ने लिया जायजा

उरई (जालौन) एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कस्बे में स्थापित देवी पंडालों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया है और जागरण मंच वालों की दिक्कतें जानने की कोशिश की। एसडीएम ज्योति सिंह ने ईओ मोनिका उमराव, एसडीओ बिजली रवींद्र कुमार व कोतवाली पुलिस के साथ दोपहर कस्बे के देवी पंडालों का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने अधिकारियों के साथ चंदकुआं स्थित मां सिंहवाहिनी, सागर तालाब के पास मां अन्नपूर्णा, सर्राफा बाजार में स्थापित माता महाकाली, नई बस्ती तिराहें पर मां गायत्री, रामकुंड कॉलोनी व नदीगांव रोड पर देवी पंडालों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि जहां जहां पंडालों पर पानी का ड्रम, बालू, अग्निशमन यंत्र नहीं रखे हैं उन्हें तत्काल रखवाने के लिए कहा गया है ताकि किसी भी आपात्कालीन स्तिथि से निपटा जा सके। पंडाल के पास बिजली के खुले तार न डालें, जेनरेटर का बिजली कनेक्शन पंडाल से दूर रखें। देवी पंडाल वालों ने भी एसडीएम को अपनी समस्याएं बताई।

संचारी रोग अभियान में कोई भी कोताही न हो: एसडीएम

उरई (जालौन)। अगले माह शुरू हो रहे संचारी रोग व दस्तक अभियान को सुचारु ढंग से चलाए जाने को लेकर एसडीएम ने अभियान से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा, इन अभियानों को हल्के में न लें, कोताही बरतने वालों के खिलाफ ऊपर लिखा जाएगा। तहसील स्थित कार्यालय पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए एसडीएम ज्योति सिंह ने कहा, आगामी 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है। इसके तहत साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, मच्छरों की रोकथाम के लिए फागिंग आदि कार्य किए जाएंगे।

संगठन सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अग्रणी भूमिका में



अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। नवरात्रि के पावन अवसर पर पान मंडी एस आर इंटर कॉलेज के पास उरई में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। करीब सात सैकड़ा लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं उनके पदाधिकारियों ने सेवा भाव से लोगों को प्रसाद परोसा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समय समय करते रहना चाहिए जिससे आपसी समरसता बढ़ती है। एक दूसरे के प्रति समर्पण का भाव भी लोगो में दिखता है। यही कारण हे कि हमारा संगठन व्यापारियों की समस्या के साथ साथ धार्मिक सामाजिक कार्यों में सहभागिता निभाता है। और उसी के अंतर्गत आज यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक एवं नगर मंत्री उरई महेश चौरसिया ने आए हुए सभी अतिथियों का अंगवस्त्र ओर देवी स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के क्षेत्रीय सह संयोजक ज्ञान सिंह खागर जिला संरक्षक केदार भारद्वाज संजय सुहाने हरकौती अरविंद नगाइच जिला महामंत्री प्रदीप द्विवेदी संजीव सिपोलिया जिला महामंत्री संगठन बबलू दुबे जिला उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल बंटू गुर्जर बलवीर सोनी नगर अध्यक्ष उमेश शर्मा नगर महामंत्री कृष्ण मुरारी मिश्रा नगर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांचाल अखिल पाठक रामनरेश तिवारी शिव दयाल हुंका अरुण कुमार द्विवेदी अमित दोहरे मोहित साहू सम्मानित पत्रकार बंधुओ एवं अन्य व्यापारी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

लेह-लद्दाख हिंसा की एआइपीएमएम ने की कड़ी निंदा

■ कानपुर आइ लव मोहम्मद विवाद महज़ अफवाह

■ नबी से सच्ची मोहब्बत उनकी सुन्नत पर अमल में है: मो. यूनुस

■ महाज़ ने देशवासियों से शांति, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की अपील की

■ लखनऊ, गया और वडोदरा में होंगे पसमांदा जागरूकता संवाद

■ पसमांदा समाज में सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक चेतना जगाने का संकल्प ■ वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में महाज़ की जूम बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। दिनांक 25 सितम्बर 2025 को ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज द्वारा एक महत्वपूर्ण जूम मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक का संचालन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सीईओ मुहम्मद यूनुस ने किया।

बैठक की शुरुआत हाल ही में लेह-लद्दाख में हुई हिंसक घटनाओं की कड़ी निंदा से हुई। संगठन ने स्पष्ट किया कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है और भारत का संविधान सभी नागरिकों को अपने विचार शांतिपूर्ण और संवैधानिक ढंग से रखने का अधिकार देता है। संगठन ने देशवासियों से अपील की है कि वह अफवाहों और उकसावे से बचें तथा शांति, भाईचारा और आपसी सद्भाव बनाए रखें। राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज हमेशा से शांति, एकता और न्याय के सिद्धांतों पर चलता आया है। हमारा संगठन पसमांदा समाज के अधिकारों और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। लेह-लद्दाख की हिंसा, देश की एकता और संविधान के मूल्यों के विपरीत है। हम सभी से आग्रह करते हैं कि देश और समाज में अमन-चैन बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हाल ही में कानपुर में आइ लव मोहम्मद को लेकर जो विवाद खड़ा किया गया, वह पूरी तरह से अफवाहों और गलत प्रचार का नतीजा है। नबी-ए-करीम के नाम पर किसी भी प्रकार की एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। कुछ असामाजिक तत्वों ने गलत जानकारी फैलाकर धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास किया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस ने स्पष्ट किया कि नबी-ए-करीम स.अ. से सच्ची मोहब्बत उनकी सीरत और सुन्नत पर अमल करने में है, न कि केवल नारों और दिखावे में। नबी की तालीमात इंसाफ, बराबरी, रहमदिली और अमन आज भी समाज के लिए सबसे बड़ा संदेश हैं। अफवाहों से बचना, कानून का पालन करना और भाईचारे को मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन द्वारा आगामी पसमांदा जागरूकता संवाद लखनऊ (उत्तर प्रदेश), गया (बिहार) और वडोदरा (गुजरात) में आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य पसमांदा समाज में सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक चेतना को जागृत करना तथा आपसी एकता और भाईचारे को मजबूत करना है। श्री यूनुस ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से अपील की कि वह इन आयोजनों को सफल बनाने के लिए आगे आएं, अनुशासन बनाए रखें और अपनी क्षमता के अनुसार आर्थिक सहयोग भी करें।

इस अवसर पर अख्तर हुसैन-राष्ट्रीय सलाहकार, डॉ. नसीम अनवर-कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, बिहार सलीम गरासिया-प्रदेश अध्यक्ष, गुजरात, हाजी ताहिर हुसैन- प्रदेश अध्यक्ष, उ.प्र., शारिक अदीब- राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, कमरुद्दीन अंसारी-राष्ट्रीय महासचिव, शफकत अंसारी-प्रदेश प्रभारी, झारखंड, समीन अंसारी-राष्ट्रीय सलाहकार, तौकीर आलम अंसारी-प्रधान महासचिव, बिहार, शमीम अख्तर-प्रदेश महासचिव, बिहार, परवेज आलम-प्रदेश उपाध्यक्ष, बिहार आदि लोग उपस्थित रहे।

बच्चों का टिफिन झटपट से होगा खत्म

लंच के लिए बनाएं टेस्टी पनीर फ्रैंकी रोल

दिव्यांशी भदौरिया। आजकल के बच्चों की चटोरी जीभ हो रखी है। घर का स्वादिष्ट खाना कम पसंद करते हैं और फास्ट फूड जी भर के खाते हैं। अगर आपके भी बच्चे टिफिन पूरी फिनिश नहीं करते हैं, तो आप उनके लिए पनीर फ्रैंकी रोल बना सकते हैं। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।

बच्चों के खाने को लेकर मांएं अक्सर परेशान रहती है। ज्यादातर मांओं को सुबह उठते ही टेंशन होने लगती है कि बच्चों के टिफिन में ऐसा क्या रखें बच्चे पूरा लंच खाकर ही आए। वैसे तो बच्चों को जंक फूड खाने आदत ज्यादा होती है, लेकिन आप उनके लिए लंच में कुछ हेल्दी के साथ ही टेस्टी डिश बनाकर रख सकते हैं। ज्यादातर बच्चों को फास्ट फूड खाना खूब पसंद होता है, ऐसे में आप टिफिन के लिए पनीर फ्रैंकी रोल बना सकते हैं। पनीर फ्रैंकी रोल हेल्दी के साथ काफी टेस्टी है, जो आपके बच्चों को खूब पसंद आएगा। तो चलिए बिना देर किए आपको रेसिपी बताते हैं।

पनीर फ्रैंकी रोल बनाने के लिए सामग्री

- 100 ग्राम कद्दुकस किया हुआ पनीर
- 4 मैदे की रोटियां
- 2 आलू
- 1/4 बंदगोभी
- 1 गाजर
- 1/2 बड़ा चम्मच चाट मसाला
- 1/4 बड़ा चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/2 बड़ा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1 बड़ा चम्मच अमचूर पाउडर
- 1/2 बड़ा चम्मच चाट मसाला
- 2 बड़े चम्मच हरा धनिया
- 2 बड़े चम्मच नींबू का रस
- तेल जरुरत के अनुसार
- नमक स्वादानुसार

पनीर फ्रैंकी रोल बनाने की विधि

बच्चों के टिफिन के लिए पनीर फ्रैंकी रोल बनाने के लिए आपको सबसे पहले आपको उबले हुए आलू को छीलकर मैश कर लें। इसके बाद पनीर को कद्दूकस कर लीजिए। फिर इसमें आलू, नींबू का रस, हल्दी पाउडर, आमचूर, चाट मसाला, स्वादानुसार नमक और बारीक कटा हुआ हर धनिया डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिला लें। इस मिश्रण को लंबे आकार के कबाब बनाकर रैडी कर लें। अब गैस को मीडियम आंच पर तवा चढ़ाकर थोड़ा सा तेल डालकर गर्म होने दें। तेल गर्म होने के बाद इसमें तैयार किए हुए कबाब डालकर दोनों तरफ सुनहरा होने तक फ्राई कर लें। इसके बाद गाजर और बंदगोभी को पतला-पतला काटकर एक बाउल में रखकर उसमें चाट मसाला और नमक मिलाकर ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें। अब आप कबाब को तवे से निकालकर एक प्लेट में रख दें। तवे पर मैदे की रोटी रखकर हल्का गर्म कर लें। रोटी गर्म हो जाए तो इसमें एक पनीर कबाब रखकर ऊपर से थोड़ी सी गाजर और बंदगोभी डाल दें। इसके साथ ही चाट मसाला और थोड़ा सा भुना हुआ जीरा पाउडर छिड़क दें। यह लीजिए आपका टेस्टी पनीर फ्रैंकी रोल बनकर तैयार है। इसे आप सॉस या हरी चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं।

बोरिंग ब्रेकफास्ट को कहें अलविदा

बच्चों की फेवरेट बनेगी ये लाजवाब पोहा गोली इडली

अगर आप भी हर बार एक जैसा ब्रेकफास्ट खाकर बोर हो चुकी हैं, तो आज हम आपके लिए एक यूनिक रेसिपी लेकर आए हैं। जिसको आपके घर में बच्चे से लेकर बड़ों तक हर किसी को पसंद आएगी और स्वाद लेकर खाएंगे। हर दिन की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई व्यस्त रहता है। ऐसे में बिजी जिंदगी में कई बार हम कुछ ऐसी रेसिपीज बनाने के बारे में सोचते हैं, जो कम समय में जल्दी बनकर तैयार हो जाएं। हालांकि अन्य दिनों की तुलना में वीकेंड पर पूरी फैमिली थोड़ा फ्री रहती है। जिसके चलते हम टेस्टी रेसिपीज बनाने का सोचते हैं। लेकिन मन में सवाल यह आता है कि ऐसी क्या यूनिक रेसिपी बनाई जाए, जिसको खाने के बाद हर कोई आपकी तारीफ करे और फैमिली मेंबर्स बार-बार उस डिश को खाने की डिमांड करें। अगर आप भी हर बार एक जैसा ब्रेकफास्ट खाकर बोर हो चुकी हैं, तो आज हम आपके लिए एक यूनिक रेसिपी लेकर आए हैं। जिसको आपके घर में बच्चे से लेकर बड़ों तक हर किसी को पसंद आएगी और स्वाद लेकर खाएंगे। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ पोहा गोली इडली रेसिपी शेयर करने जा रहे हैं। ऐसे में इस वीकेंड पर आप भी पोहा गोली इडली बनाकर अपनी फैमिली को सरप्राइज दे सकती हैं।

सामग्री

पोहा- 1 कप (पिसा हुआ)
सूजी- 2 कप
चना दाल- 1 चम्मच
उड़द दाल- 1 चम्मच
सरसों के दाने- 1 चम्मच
करी पत्ता- 8-10
देसी घी- तडके के लिए
सूखी लाल मिर्च- 2-3
नमक- स्वादानुसार

पोहा गोली इडली रेसिपी

सबसे पहले मिक्सर जार में पोहा डालकर पीस लें।
फिर एक बाउल में पोहा निकाल लें।
अब उसी बाउल में सूजी निकालकर उसमें तेल, नमक और गर्म पानी डालकर अच्छे से मिक्स करें।
इसके बाद इस मिश्रण को गूंथ कर आटे की तरह तैयार कर लें।
इस आटे को करीब 5 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।
जब आटा नरम और चिकना गूंथना है।
इस आटे की छोटी-छोटी गोलियां बना लें।
इस गोली इडली को आपको स्टीम करना है।
फिर एक पैन में घी गरम कर लें।
अब इसमें उड़द दाल और चना दाल डालकर सुनहरा होने तक भूनें।
इसमें लाल मिर्च, करी पत्ता और सरसों के दाने डालकर भूनें और फिर ऊपर से गोली इडली डालें।
इस आसान तरीके से पोहा गोली इडली बनकर तैयार हो जाएंगी।
अब आप इसको चटनी के साथ सर्व करें।

तोरई से बनी चटनी का ऐसा स्वाद कि पहचान नहीं पाएंगे आप, हर कोई पूछेगा सीक्रेट रेसिपी

तोरई की चटनी की खासियत यह है कि इसको बनने में ज्यादा समय नहीं लगता है और न ही इसमें कोई ज्यादा सामग्री पड़ती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तीखी स्वादिष्ट तोरई चटनी बनाने की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

सब्जी-रोटी हो या फिर गरमागरम पराठे के साथ तीखी चटनी खाने से स्वाद दोगुना बढ़ जाता है। वहीं हमारी मम्मियां फटाफट सिलबट्टे या फिर ग्राइंडर में धनिया-टमाटर और मिर्च डालकर चटनी बनाती हैं। लेकिन कई बार कुछ अलग तरह की चटनी खाने का मन करता है। लेकिन समझ नहीं आता है। ऐसी स्थिति में हम फिर वही घुमा-फिराकर पुरानी चटनी बनाते हैं। लेकिन क्या आपने कई तोरई की चटनी ट्राई की है। जी हां वही तोरई जिसको देखकर न सिर्फ बच्चे बल्कि बड़े भी मुंह बनाने लगते हैं। बता दें कि तोरई की चटनी काफी स्वादिष्ट और लाजवाब होती है।

तोरई की चटनी का स्वाद इतना ज्यादा टेस्टी होता है कि इसको खाने वाले पहचान नहीं पाएंगे कि यह तोरई की चटनी है। इस चटनी की खासियत यह है कि इसको बनने में ज्यादा समय नहीं लगता है और न ही इसमें कोई ज्यादा सामग्री पड़ती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तीखी स्वादिष्ट तोरई चटनी बनाने की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

ऐसे बनाएं तोरई की चटनी

सबसे पहले तरोई को अच्छे से धो लें।

फिर तोरई को बीच से काटकर दो टुकड़ों में बांट लें।

अब तोरई के सभी टुकड़ों पर अच्छे से तेल लगाएं।

फिर इन टुकड़ों में छोटे-छोटे छेद करके उसमें छिली हुई लहसुन की कलियां फसाएं।

इसके बाद लो फ्लेम में गैस पर रखकर इसको भून लें।

भूनने के बाद तोरई का छिलका पानी में डालकर निकाल लें।

अब छिली हुई तोरई को सिलबट्टे पर अदरक, हींग, लाल-हरा मिर्च और लहसुन डालकर पीस लें।

जब यह पिस जाए, तो इसको प्लेट में निकालकर इसमें स्वादानुसार नमक मिक्स करें।

इस तरह से आपकी स्वादिष्ट तरोई की चटनी बनकर तैयार है।

अब आप इसको पूरी-पराठा या पकौड़े के साथ सर्व कर सकती हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

तरोई की चटनी बनाने के लिए बहुत ज्यादा पतली तरोई न चुनें।

चटनी बनाने के लिए ताजी और मोटी तरोई का इस्तेमाल करें।

वहीं तरोई को भूनने के दौरान इसको समय-समय पर पलटते रहें, जिससे कि यह अच्छे से पक जाए।

बची हुई नारियल की चटनी का अब नहीं होगा वेस्ट

साउथ इंडियन फूड नारियल की चटनी के बिना पूरा ही नहीं होता है। चाहे इडली हो या डोसा या फिर उत्तप्पम, नारियल की चटनी और सांभर के साथ इसे खाने का एक अलग ही मजा आता है। अमूमन जब भी हम घर पर साउथ इंडियन फूड बनाते हैं तो उसके साथ नारियल की चटनी जरूर बनाई जाती है। लेकिन समस्या तब होती है, जब थोड़ी चटनी बच जाती है और फिर वो फ्रिज में यूं ही रह जाती है। अमूमन यह समझ में नहीं आता है कि इस बची हुई नारियल की चटनी का क्या किया जाए। हो सकता है कि आपके फ्रिज में भी नारियल की चटनी रखी हुई हो और अब आपका उसे खाने का मन ना कर रहा हो। लेकिन ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आप चाहें तो बची हुई नारियल की चटनी को बड़े ही मजेदार और क्रिएटिव तरीकों से इस्तेमाल कर सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप नारियल की बची हुई चटनी को किन-किन तरीकों से काम में ला सकती हैं-

नारियल की चटनी से बनाएं सैंडविच

अगर आप अपने रेग्युलर सैंडविच को एक अलग टेस्ट देना चाहती हैं तो ऐसे में नारियल की बची हुई चटनी का इस्तेमाल करें। इसके लिए ब्रेड लेकर उस पर चटनी फैलाओ। अब ऊपर से खीरा, टमाटर, उबला आलू या चीज डाल दो। फिर इसे सैंडविच मेकर या तवे पर हल्का टोस्ट कर लो। यह एक जल्दी तैयार होने वाला हेल्दी स्नैक है, जो ट्रैवल के लिए भी बढ़िया ऑप्शन है।

नारियल की चटनी से बनाएं करी

यह नारियल की चटनी को खाने का एक बेहद ही टेस्टी अंदाज है। इसके लिए चटनी को पैन में डालो। अब उसमें थोड़ा पानी, हल्दी और नमक डालकर मिक्स करें। अब इसमें राई, करी पत्ते, हींग व हरी मिर्च का तड़का लगाओ। स्वाद को और भी ज्यादा बढ़ाने के लिए अगर आप चाहो तो थोड़ा इमली का पल्प या दही डाल सकते हैं। झटपट बनने वाली इस करी को आप चावल या रोटियों के साथ खा सकते हैं।

पोहा के टेस्ट को दें ट्विस्ट

अगर आप नाश्ते में पोहा या उपमा बना रही हैं तो उसके फ्लेवर को बूस्ट करने के लिए नारियल की चटनी का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप पोहा या उपमा बनने के बाद उसमें अंत में चटनी डालकर मिक्स करो। थोड़ी पानी डालकर 2 मिनट और पकाओ। इससे एक क्रीमी टेक्सचर आएगा, जो साधारण पोहा को एकदम रिच बना देगा।

जिद्दी हार्ड वाटर के दागों से बाथरूम हुआ बदरंग

अगर आप भी अपने बाथरूम के शॉवर और नलों पर जमे हार्ड वॉटर स्टेंस से परेशान हैं, तो आपको इन्हें हटाने के लिए महंगे केमिकल क्लीनर की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे में आज हम आपको एक असरदार घरेलू उपाय के बारे में बताने जा रहे हैं।

हमेशा साफ और चमकदार बाथरूम देखना हर किसी को पसंद होता है। लेकिन बाथरूम का जो सबसे बड़ा और मुश्किल काम लगता है, वह शॉवर हेड और स्टील के नलों पर जमे पानी के जिद्दी दागों को हटाना है।

सतह पर पड़ने वाले सफेद धब्बे पानी में मौजूद मैग्नीशियम, कैल्शियम और खनिजों को सूखने के बाद बन जाते हैं, इन दागों को हार्ड वॉटर स्टेंस कहा जाता है। ये जिद्दी दाग बाथरूम की सुंदरता को कम कर सकते हैं और इन दागों को हटाना भी काफी ज्यादा मुश्किल होता है। क्योंकि इन दागों को हटाना सामान्य क्लीनर से हटाना बेअसर साबित हो जाता है।

ऐसे में अगर आप भी अपने बाथरूम के शॉवर और नलों पर जमे हार्ड वॉटर स्टेंस से परेशान हैं, तो आपको इन्हें हटाने के लिए महंगे केमिकल क्लीनर की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक असरदार घरेलू उपाय के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके अपनाकर आप सिर्फ 5 मिनट में बाथरूम के नलों और शॉवर को बिल्कुल नया जैसा चमका सकती हैं।

क्यों जमते हैं पानी के जिद्दी दाग

आपने देखा होगा कि शॉवर और नल पर दिखने वाले जिद्दी दाग पानी की वजह से बनते हैं। कठोर पानी में मैग्नीशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे खनिज घुले होते हैं। जब पानी सूखता है तो इसमें मौजूद खनिज सतह पर छूट जाते हैं और समय के साथ जमते रहते हैं। इसकी वजह से सफेद और खुरदरी परत बन जाती है। ऐसे में रोजाना सफाई करके इन जिद्दी दागों को हटाना काफी मुश्किल होता है।

सफाई

> टूथपेस्ट में हल्के अपघर्षक और सफाई करने वाले गुण पाए जाते हैं, जोकि जिद्दी दागों को 5 मिनट में साफ कर सकते हैं।

हार्ड स्टेन हटाने वाला हैक

स्टील के नल से हार्ड वाटर स्टेन हटाने के लिए टूथपेस्ट का उपयोग कर सकते हैं। टूथपेस्ट में हल्के अपघर्षक और सफाई करने वाले गुण पाए जाते हैं, जोकि जिद्दी दागों को 5 मिनट में साफ कर सकते हैं। इसके लिए आपको जेल

वाले टूथपेस्ट की जगह पेस्ट वाले टूथपेस्ट का इस्तोल करना चाहिए। वहीं जिद्दी दागों को हटाने के लिए रगड़ने के लिए पुराने टूथब्रश या सॉफ्ट स्पंज जरूर रखें। वहीं सफाई के बाद पोछने के लिए माइक्रोफाइबर कपड़े की भी जरूरत पड़ेगी।

टूथपेस्ट का इस्तेमाल

सबसे पहले उस जगह को हल्का गीला करें, जहां पर दाग लगे हैं। फिर दाग वाली जगह जैसे नल, शॉवर हेड या स्टील की सतह पर थोड़ी सी मात्रा में सफेद टूथपेस्ट सीधे लगाएं।

अब एक पुराने टूथब्रश या फिर सॉफ्ट स्पंज की मदद से टूथपेस्ट को दाग वाली सतह पर हल्के हाथों से रगड़ना है। इस दौरान आप यह जरूर सुनिश्चित करें कि सभी दागों को कवर कर रहे हैं। वहीं बारीक जगहों और कोनों को कवर करने में टूथब्रश बहुत काम आएगा।

बता दें कि दागों पर करीब 5 मिनट तक टूथपेस्ट को लगा रहने दें। टूथपेस्ट में मौजूद हल्के अपघर्षक कण और सफाई एजेंट इस दौरान एजेंट खनिज जमाव को हल्का और ढीला करने का काम करेगा।

समय पूरा होने के बाद दाग वाली जगह को एक फिर हल्के हाथों से रगड़ें।

इस तरह से आप पाएंगे कि धीरे-धीरे दाग निकलने लगेंगे। साफ करने के बाद दाग वाली सतह को पानी से अच्छे से धो लें या फिर गीले माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछ लें।

लास्ट में दाग वाली सतह को एक सूखे माइक्रोफाइबर कपड़े से अच्छी तरह पोंछ लें। यह पानी के नए दाग-धब्बे बनने से रोकेगा और नल और शॉवर को चमकदार बनाएगा।

बची हुई खिचड़ी को खाने का नहीं है मन तो इससे बनाएं से सुपर टेस्टी पैनकेक

खिचड़ी से पैनकेक बनाना यकीनन एक बेहतरीन आइडिया है। इस तरह आप नाश्ते में एक बेहतरीन

डिश तैयार कर पाएंगी और साथ ही साथ यह घर से हर सदस्य को काफी पसंद भी आएगी। इसे आप ना केवल नाश्ते में खा सकते हो, बल्कि बच्चों के टिफ़िन में भी पैक किया जा सकता है। खिचड़ी खाने का असली मजा उसे गरमा-गरम खाने में ही है। लेकिन जब घर में खिचड़ी बच जाए तो शायद ही उसे कोई अगले दिन खाना पसंद करता हो। अगर आपने रात में खिचड़ी बनाई और वो बच गई, तो हर कोई उसे अगले दिन देखकर टेढ़े-मेढ़े मुंह बनाना शुरू कर देता है। अमूमन इस स्थिति में हम सभी उस बची हुई खिचड़ी को बाहर फेंक देना पसंद करते हैं। हो सकता है कि आपको भी अगले दिन वही बची हुई खिचड़ी खाना काफी बोरिंग लगता हो, लेकिन अब अगर आप चाहें तो इस खिचड़ी की मदद से एकदम टेस्टी पैनकेक बनाकर तैयार कर सकती हैं। खिचड़ी से पैनकेक बनाना यकीनन एक बेहतरीन आइडिया है। इस तरह आप नाश्ते में एक बेहतरीन डिश तैयार कर पाएंगी और साथ ही साथ यह घर से हर सदस्य को काफी पसंद भी आएगी। इसे आप ना केवल नाश्ते में खा सकते हो, बल्कि बच्चों के टिफ़िन में भी पैक किया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको रात की बची हुई खिचड़ी से पैनकेक बनाने की आसान रेसिपी के बारे में बता रहे हैं-

बची हुई खिचड़ी से पैनकेक बनाने के लिए आवश्यक सामग्री–

एक कप बची हुई खिचड़ी
दो-तीन बड़े चम्मच बेसन (बाइंडिंग के लिए)
एक बड़ा चम्मच सूजी
बारीक कटा एक छोटा प्याज
बारीक कटी एक हरी मिर्च
दो बड़े चम्मच कटा हुआ हरा धनिया
आधा छोटा चम्मच जीरा पाउडर
आधा छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
स्वादानुसार नमक
दो-तीन बड़े चम्मच पानी
घी

बची हुई खिचड़ी से पैनकेक कैसे बनाएं–

सबसे पहले बची हुई खिचड़ी को एक बाउल में डालें और अच्छी तरह मैश कर लें।

अब इसमें बेसन और सूजी डालकर मिक्स करें।

अब इसमें प्याज, हरी मिर्च, धनिया और सारे मसाले डालकर अच्छे से मिला लें, ताकि पैनकेक का बैटर बन जाए।

अगर आपको बैटर ज्यादा गाढ़ा लगे तो थोड़ा पानी डालें, ताकि आसानी से फैलाया जा सके।

अब एक नॉन-स्टिक तवे पर हल्का तेल या घी गरम करें।

एक करछुल घोल डालकर गोलाकार फैलाएं।

इसे मीडियम आंच पर दोनों तरफ से सुनहरा और कुरकुरा होने तक सेकें।

आप गरमा-गरम पैनकेक को दही, हरी चटनी या टमाटर केचप के साथ खाएं।

खाने के स्वाद को दोगुना कर देंगी लहसुन की चटपटी चाटनी, रोटी-पराठें जमकर खाएंगे, नोट करें रेसिपी

रोजाना दाल-रोटी खाकर हम सभी बोर हो जाते हैं। खाने में भी रोजाना हम सबको वैरायटी चाहिए। यदि आपका खाने में कुछ तीखा और चटपटा चाहिए। तो आप घर पर लहसुन की चटपटी चटनी जरुर बना सकते हैं। यह आपके स्वाद को बेहतरीन बना देगा।

कई बार होता है कि रोजाना दाल-रोटी और सब्जी-पराठें खाकर हम सभी बोर हो जाते हैं। जिससे लगता है कि कुछ नया स्वाद ट्राई करना चाहिए। जब खाना बोर लगने लगता है तो भूख भी कम हो जाती है। फिर चटपटा खाने को जरुर मिस किया जाता है। यदि आप अपने बोरिंग खाने में जान डालना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। केवल 5 मिनट में लहसुन की चटपटी चटनी खाकर अपने खाने को स्वादिष्ट बना सकते हैं। आइए आपको लहसुन की चटनी की रेसिपी बताते हैं।

लहसुन की चटनी बनाने की सामग्री

- 10-12 लहसुन की कलियां
- 5-6 लाल मिर्च
- आधा चम्मच जीरा
- आधा चम्मच अमचूर पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- 2 चम्मच सरसों का तेल

लहसुन की चटनी बनाने की विधि

- लहसुन की चटनी बनाने सबसे पहले आप सूखा लाल मिर्च को गर्म पानी में 10-15 मिनट तक भिगो दें जिससे ये नरम हो जाएं।

- एक मिक्सी का जार लें उसमें भीगी हुई मिर्च, छिले हुए लहसुन, जीरा, अमचूर पाउडर और नमक डालें।

- इसमें थोड़ा सा पानी डालें और अच्छे से पीस लें। ध्यान रहे कि चटनी ज्यादा पतली न रहे, इसे थोड़ा गाढ़ा ही रखें।

- इसके बाद छोटा पैन या कड़ाही लें। उसमें सरसों का तेल गर्म जरुर करें।

- तेल गर्म होने के बाद, उसी में पीसी हुई चटनी डालें और धीमी आंच पर 2-3 मिनट तक भूनें।

- जब चटनी तेल छोड़ने लगे, गैस को बंद कर दें।

माकपा कार्यकर्ता हत्या मामले में भाजपा-आरएसएस के नौ कार्यकर्ता बरी, अदालत ने सुनाया फैसला

3कन्नूर। 25 फरवरी 2015 को कन्नूर के चित्तरीपरम्बा में ओ प्रेमन (45) पर हमला हुआ था और अगले दिन अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई थी। बरी किए गए लोगों में साजेश सी, प्रजेश डी, इंचिकांडी निशांत, लिजिन पी, मनपड्डी विनीश, सी राजेश, निखिल एनआर रमेश और रेनजिथ सीवी शामिल हैं। केरल में 2015 में हुई माकपा कार्यकर्ता की हत्या के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने हत्या के मामले में भाजपा-आरएसएस के नौ कार्यकर्ताओं को बरी कर दिया। 25 फरवरी 2015 को कन्नूर के चित्तरीपरम्बा में ओ प्रेमन (45) पर हमला हुआ था और अगले दिन अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई थी। बरी किए गए लोगों में साजेश सी, प्रजेश डी, इंचिकांडी निशांत, लिजिन पी, मनपड्डी विनीश, सी राजेश, निखिल एनआर रमेश और रेनजिथ सीवी शामिल हैं। बचाव पक्ष के वकीलों ने बताया कि दूसरे आरोपी श्याम प्रसाद की 2018 में एक अन्य राजनीतिक झड़प में हत्या कर दी गई थी। आरोपियों के अधिवक्ता पी. प्रेमराजन ने कहा कि जिला अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने पुलिस जांच में गंभीर खामियों का हवाला देते हुए उन्हें बरी कर दिया। उन्होंने कहा कि अगले दिन ही एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर में शुरू में जिन छह लोगों के नाम थे, उन्हें बाद में हटा दिया गया और उनकी जगह मौजूदा आरोपियों पर मुकदमा चलाया गया।

मुकदमे से यह साबित हो गया कि आरोपी अपराध स्थल पर मौजूद नहीं थे। पुलिस ने उन पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। गिरफ्तारी के छह महीने बाद उन्हें जमानत मिल गई। मुकदमा मार्च 2024 में शुरू हुआ। जिसके दौरान 65 गवाहों की जांच की गई और 135 दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। बचाव पक्ष के वकील पीएस ईश्वरन, डी सुनीलकुमार और अक्षय बाबूराज भी आरोपियों की ओर से पेश हुए।

महिलाओं को रोजगार केवल चुनावी दांव नहीं, सामाजिक व्यवस्था में भी आएगा बड़ा बदलाव

व्यवसाय

भारतीय परिवारों में कामकाज की एक परंपरागत संस्कृति है कि किसी एक ही व्यवसाय में पूरा परिवार योगदान देता है।

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए का एक बड़ा चुनावी दांव माना जा रहा है। लेकिन आर्थिक-सामाजिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह योजना केवल एक चुनावी दांव मात्र नहीं है, इससे बिहार में महिलाओं की सामाजिक स्थिति में भी बड़ा बदलाव आएगा। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत बिहार की 75 लाख महिलाओं को दस-दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता आज दे दी गई। इससे बिहार के 75 लाख परिवारों की 75 लाख महिलाओं को अपना स्वरोजगार शुरू करने या उसे आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले इसे एनडीए का एक बड़ा चुनावी दांव माना जा रहा है। लेकिन आर्थिक-सामाजिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह योजना केवल एक चुनावी दांव मात्र नहीं है, इससे बिहार में महिलाओं की सामाजिक स्थिति में भी बड़ा बदलाव आएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार, दोनों ही नेताओं की राजनीति में महिलाओं के सशक्तिकरण योजनाओं की अहम भूमिका रही है। मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहने से लेकर देश का प्रधानमंत्री बनने तक अनेक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने का काम किया है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी अनेक योजनाओं से प्रधानमंत्री ने महिलाओं के आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण का काम किया है। इसी तरह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीविका दीदी योजना, पोशाक योजना, साइकिल योजना, सरकारी नौकरियों और पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण देने जैसी योजनाओं के जरिए महिलाओं को मजबूत करने का काम किया है। इन योजनाओं का यह असर हुआ कि अपनी जातिगत सोच की बेड़ी में जकड़े बिहार की महिलाओं ने अपनी जातीय पहचान से ऊपर उठकर नीतीश कुमार का समर्थन किया। यह वर्ग नीतीश कुमार के लिए एक ठोस वोट बैंक साबित हुआ है। भारतीय परिवारों में कामकाज की एक परंपरागत संस्कृति है कि किसी एक ही व्यवसाय में पूरा परिवार योगदान देता है। परिवार के शेष सदस्य इन कार्यों में हाथ बंटाते हैं। अब परिवार का जो भी व्यवसाय होगा, उसे आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सहायता योजना का लाभ लेने के लिए परिवार के लोग घर की महिलाओं को आगे करेंगे।

हाईकोर्ट से पूर्व मंत्री पार्थ को मिली जमानत, दुर्गा पूजा से पहले जेल से होंगे रिहा?

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को शिक्षक भर्ती घाटाले के मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को जमानत दी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) इस मामले की जांच कर रही है। पार्थ चटर्जी बंगाल के सरकारी स्कूलों में नौकरी के बदले पैसे घोटाले के मुख्य आरोपी हैं। उनको प्राथमिक स्कूलों में भर्ती में गड़बड़ियों के मामले में जमानत मिली है। इस मामले में सीबीआई ने पिछले साल 27 दिसंबर को आरोपपत्र दाखिल किया था। यह घोटाला कई हजार करोड़ रुपये का बताया जाता है और बीते कई वर्षों से इसने राज्य की राजनीति को हिलाकर रखा है। पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी तीन साल से ज्यादा समय से जेल में बंद हैं। ईडी और सीबीआई की ओर से दर्ज अन्य मामलों में उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी है। अब इस नए मामले में जमानत मिलने के बाद अगर वह जमानत से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी कर लते हैं, तो जेल से बाहरआ सकते हैं। हालांकि, वकीलों को संदेह है कि पार्थ चटर्जी दुर्गा पूजा से पहले रिहा हो पाएंगे या नहीं। उनका मानना है कि इससे जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के चलते चटर्जी की जमानत से जुड़ी सारी औपचारिकताएं तभी पूरी हो सकेंगी, जब पूजा की छुट्टियों के बाद अदालतें फिर से खुलेंगी। जस्टिस सुव्रा घोष की बेंच ने शुक्रवार को पार्थ चटर्जी की जमानत की शर्तों के तहत पासपोर्ट जमा करने और निचली कोर्ट की सीमा से बाहर न जाने का निर्देश दिया। जस्टिस घोष ने यह भी आदेश दिया कि चटर्जी मुकदमे के दौरान सार्वजनिक पद पर नियुक्त नहीं किए जाएंगे। चटर्जी को यह भी निर्देश दिया गया कि वह निचली कोर्ट में हर सुनवाई की तारीख पर हाजिर हों। 18 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने एक संबंधित मामले में चटर्जी को जमानत दी थी, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हालांकि शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि उन्हें तभी रिहा किया जाएगा जब निचली कोर्ट अहम गवाहों के बयान दर्ज कर लेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई 9 अक्तूबर तक टाली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की याचिका की सुनवाई नौ अक्तूबर तक टाल दी है। महुआ मोइत्रा ने अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और उनके दलालों के असली मालिकों और उनके पोर्टफोलियो की सार्वजनिक जानकारी अनिवार्य करने की मांग की है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल में कहा था कि मोइत्रा को सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) को अपनी मांगों की पूरी जानकारी देनी होगी। मामले में अदालत ने शुक्रवार को पूछा कि क्या मोइत्रा ने सेबी को अपनी मांग की जानकारी दी है। उनके वकील प्रशांत भूषण ने बताया कि मई में यह मांग सेबी को दी गई थी, जिसका जवाब 23 सितंबर को मिला।

भारतीय एयरलाइन कंपनियों पर बढ़ेगी सरकारी निगरानी, अब पहले के मुकाबले इन कामों पर होगा ज्यादा फोकस

नई दिल्ली। देश में पिछले एक दशक में वाणिज्यिक विमानों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। जबकि आने वाले समय में एयरलाइंस ने करीब 2,000 नए विमान ऑर्डर किए हैं। ऐसे में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने भारत में विमानन क्षेत्र में तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए एयरलाइंस पर सख्त निगरानी रखने की जरूरत बताई है।देश में त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चली है। ट्रेनों के टिकट फुल होने के बाद यात्रियों के पास अब फ्लाइट का विकल्प बचा है। टिकट महंगे होने के बावजूद लोग घर जाने के लिए फ्लाइट का सहारा ले रहे है। इस बीच नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने भारत में विमानन क्षेत्र में तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए एयरलाइंस पर सख्त निगरानी रखने की जरूरत बताई है। डीजीसीए से जुड़े अफसरों का कहना है कि,भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानान बाजारों में से एक है।आने वाले दिनों में हजारों नए विमान आने वाले है, लेकिन जून में हुए एयर इंडिया हादसे ने सुरक्षा मानकों पर निगरानी को और सख्त कर दिया है। ऐसे सरकार ज्यादा जिम्मेदारी, ज्यादा सुरक्षा निगरानी और ज्यादा जनशक्ति पर फोकस कर रही है। देश में पिछले एक दशक में वाणिज्यिक विमानों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। जबकि आने वाले समय में एयरलाइंस ने करीब 2,000 नए विमान ऑर्डर किए हैं।ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में विमानों के संचालन के लिए सुरक्षा और नियामक ढांचे को मजबूत करना जरूरी होगा, ताकि बढ़ते हवाई यातायात के साथ किसी तरह की चूक न हो।

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की विमानन एजेंसी की त्रैवार्षिक महासभा मॉन्ट्रियल में आयोजित हुई। इसमें नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए है। इस महासभा में भारत के एविएशन सेक्टर को लेकर भी चर्चा हुए। इसमें सामने आया कि भारत का विमानन बाज़ार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वालों में से एक है। लेकिन जून में हुए एयर इंडिया विमान हादसे ने सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे में 260 लोगों की मौत हुई थी, जो पिछले एक दशक में सबसे बड़ी दुर्घटना मानी जा रही है।

सरकारी प्रारंभिक रिपोर्ट में संकेत मिला है कि टेकऑफ़ के तुरंत बाद विमान के फ्यूल इंजन स्विच लगभग एक साथ रन से कटऑफ मोड में चले गए, जिससे पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई और यह हादसा हो गया। दरअसल, भारतीय विमानन क्षेत्र इस समय पायलटों की कमी का सामना कर रहा है। हाल ही में संसद की एक समिति ने चेतावनी दी कि हवाई सुरक्षा नियामक में स्टाफ की कमी सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। जुलाई में नियामक द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय एयरलाइंस में 263 सुरक्षा संबंधी चूक दर्ज की गईं है।

हालांकि वर्तमान में भारत के विमानन बाज़ार में इंडिगो और एयर इंडिया एयरलाइंस का दबदबा है, लेकिन बढ़ती यात्रा मांग नई एयरलाइंस के लिए अवसर पैदा कर रही है। डीजीसीए अधिकारियों का कहना है कि, जिस रफ्तार से इस सेक्टर की वृद्धि हो रही है, उसमें और एयरलाइंस के लिए जगह है। अगर नए प्लेयर्स आते हैं, तो निश्चित ही उन्हें अवसर मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ के आंकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष 2024 में भारत में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर रिकॉर्ड 17.4 करोड़ यात्रियों ने उड़ान भरी, जबकि चीन में यह संख्या 73 करोड़ रही है।

लद्दाख हिंसा पर विपक्ष का केंद्र सरकार पर निशाना

नई दिल्ली। लद्दाख में तनावपूर्ण हालात के बीच तमाम राजनीतिक दलों की तरफ से केंद्र सरकार पर निशाना साधा गया है। इसमें कांग्रेस नेता जयराम रमेश और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर है। लेह में 24 सितंबर को हुई हिंसा के बाद लद्दाख में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। राज्य के लोग केंद्र शासित प्रदेश को छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश और आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। जयराम रमेश ने कहा कि लद्दाख के लोगों की पीड़ा और गुस्सा सरकार की अंतरात्मा को झकझोरना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि लद्दाख के लोगों की जमीन और रोजगार के अधिकार खतरे में हैं। स्थानीय प्रशासन का पूरा नियंत्रण उपराज्यपाल और नौकरशाही के हाथों में है। उन्होंने कहा, छह साल पहले जब लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया था, तब लोगों की बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन आज निराशा और असंतोष है। चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर एकतरफा बदलाव किए हैं और प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को चीन को क्लीन चिट दी थी, जिससे स्थिति और अस्थिर हुई है।

आयरिश हिप-हॉप ग्रुप नीकैप के सदस्य पर आतंकवाद से जुड़े आरोप खारिज, फहराया था हिजबुल्ला का झंडा

आलोचक

बैंड ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि आलोचक उन्हें चुप कराना चाहते हैं क्योंकि वे फलस्तीन के पक्ष में खुलकर आवाज उठाते हैं।

लंदन। लंदन की वूलविच क्राउन कोर्ट ने आयरिश हिप-हॉप ग्रुप नीकैप के रैपर मो चारा पर लगे आतंकवाद से जुड़े आरोप को तकनीकी खामी के चलते खारिज कर दिया। उन पर पिछले साल कॉन्सर्ट में हिजबुल्ला का झंडा लहराने का आरोप था। अदालत ने इसे गैरकानूनी कार्यवाही बताया। लंदन की वूलविच क्राउन कोर्ट ने आयरिश भाषा में गाने वाले हिप-हॉप ग्रुप नीकैप के सदस्य और रैपर मो चारापर लगे आतंकवाद से जुड़े आरोप को शुक्रवार को खारिज कर दिया। रैपर का असली नाम लियाम ओग ओ हनैधी है। इन पर आरोप था कि इन्होंने पिछले साल लंदन के एक कॉन्सर्ट में हिजबुल्ला का झंडा लहराया था, जिसे ब्रिटेन ने आतंकी संगठन घोषित किया है। नीकैप ग्रुप कई बार विवादों में रहा है। उस पर आरोप है कि वह अपने बयानों और प्रदर्शनों से हमास और हिजबुल्ला जैसे संगठनों की महिमा गान करता है। हंगरी और कनाडा पहले ही इस ग्रुप पर बैन लगा चुके हैं। वहीं, ब्रिटेन में भी इसकी गतिविधियां लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी में हैं। बैंड ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि आलोचक उन्हें चुप कराना चाहते हैं क्योंकि वे फलस्तीन के पक्ष में खुलकर आवाज उठाते हैं। उनका कहना है कि वे न तो हिज़बुल्ला और हमास का समर्थन करते हैं और न ही हिंसा का समर्थन करते हैं। उन्होंने अपने रुख को मानवीय मुद्दा बताया है, न कि राजनीतिक। 27 वर्षीय मो चारा ने अदालत में कहा कि यह मुकदमा पूरी तरह से राजनीतिक रूप से प्रेरित है। उनके अनुसार, यह उनके बैंड को दबाने और उनकी फलस्तीन समर्थक आवाज को रोकने की कोशिश है। उन्होंने जोर दिया कि उनका मकसद किसी भी तरह से आतंकी संगठनों को समर्थन देना नहीं है। इस मामले ने ब्रिटेन में राजनीतिक और सामाजिक बहस को भी हवा दी है। जहां कई लोग नीकैप को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उदाहरण मान रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द के नाम पर इसके बयानों की कड़ी आलोचना भी हो रही है। इस फैसले के बाद यह बैंड एक बार फिर सुर्खियों में है।

द्वीपों पर फिर टकराया शक्तिशाली तूफान, चार की मौत, सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए लाखों लोग

तूफान

यह प्रशांत महासागर से लगातार आ रहे तूफानों में से सबसे ताजा तूफान है, जिसने एशिया को भी प्रभावित किया है।

मनीला। फिलीपींस में एक और उष्णकटिबंधीय तूफान बुआलोई ने दस्तक दी, जिससे अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है और 4.33 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। तूफान ने बिजली गुल कर दी, बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पैदा कर दी, जबकि पहले आए तूफान रगासा से 25 लोगों की जान गई थी।

फिलीपींस के द्वीपों पर एक और उष्णकटिबंधीय तूफान आफत बनकर आया। इसमें चार लोगों की जान चली गई और 4,33,000 से अधिक लोगों को बाढ़ और भूस्खलन संभावित इलाकों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। तूफान बुआलोई, जो कि ताज़ा वायुचक्रों में से एक है, पूर्वी सामर प्रांत के सान पोलिकार्पो कस्बे में लगभग 110 किमी/घंटा की हवाओं के साथ पहुंचा। इसने बिजली काट दी, बाढ़ मचाई और दो छोटे भूस्खलन की घटना भी हुई। तूफान बुआलोई रात में फिलीपींस में टकराने के बाद अब कमजोर हो चुका है।

यह प्रशांत महासागर से लगातार आ रहे तूफानों में से सबसे ताजा तूफान है, जिसने एशिया को भी प्रभावित किया है। इससे पहले तूफान रगासा आया था। यह पिछले कई वर्षों में सबसे शक्तिशाली तूफान था। इसने उत्तरी फिलीपींस और ताइवान में 25 लोगों की जान ली। अधिकांश मौतें बाढ़ के कारण हुईं। इसके बाद यह तूफा चीन से टकराया और फिर वियतनाम के ऊपर जाकर धीर-धीरे खत्म हो गया। देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने यह जानकारी दी। मस्बाते प्रांत में चार लोगों की मौत हुई। इनमें एक की पेड़ गिरने से, एक की दीवार ध्वस्त होने से, एक की मलबे के गिरने से हुई। जबकि एक व्यक्ति पर बिजली गिरी। बचाव अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश सड़कों पर फंसे लोगों के लिए भोजन और प्राथमिक चिकित्सा सामग्री पहुंचाना मुश्किल हो गया है। नागरिक रक्षा कार्यालय के बर्नार्डो राफेलिटो अलेजांद्रो चतुर्थ ने पत्रकारों को बताया कि तूफान के आते ही 4,33,000 से अधिक लोगों को सरकार संचालित आपदा आश्रयों में भेजा गया।

ट्रंप के टैरिफ से रूस पर बड़ा असर

प्रभावित

इस दौरान रूटे ने ये भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ रूस को सीधा और तुरंत प्रभावित कर रहे है।

वॉशिंगटन। नाटो महासचिव मार्क रूटे ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर रूसी तेल खरीद पर 50% टैरिफ का रूस पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। इस कारण प्रधानमंत्री मोदी रूस के राष्ट्रपति पुतिन से यूक्रेन संकट को लेकर उनकी रणनीति समझने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की। इसके बाद से दोनों देशों के रिश्ते में तनाव का माहौल है। इसी बीच नाटो के महासचिव मार्क रूटे का एक बड़ा दावा सामने आया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर रूसी तेल खरीदने पर लगाए गए टैरिफ का रूस पर बड़ा असर पड़ रहा है। रूटे ने कहा कि इस टैरिफ के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन संकट को लेकर उनकी रणनीति समझने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान रूटे ने ये भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ रूस को सीधा और तुरंत प्रभावित कर रहे है। इसके चलते पीएम नरेंद्र मोदी मॉस्को में बैठे पुतिन से बातचीत कर उनकी रणनीति समझने का प्रयास कर रहे हैं। रूटे ने दावा किया कि पीएम मोदी उनसे पूछ रहे हैं कि मैं आपका समर्थन करता हूं, लेकिन कृपया अपनी रणनीति समझाएं क्योंकि अमेरिका ने भारत पर 50त्न टैरिफ लगा दिया है।

बता दें कि अमेरिका ने सितंबर में भारत पर 25% टैरिफ लगाया था और रूसी तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त 25% दंडात्मक शुल्क भी लगाया। मामले में ट्रंप का आरोप है कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन पर रूस के हमलों को बढ़ावा दे रहा है। इसके बाद भारत ने ट्रंप के इस कदम की आलोचना की। तब से दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण माहौल उत्पन्न हो गया। हालांकि इस तनाव को खत्म करने के लिए दोनों देशों के तरफ से प्रयास जारी है।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने हाल ही में फोन पर बातचीत की थी जिसमें मोदी ने यूक्रेन संकट का शांतिपूर्ण समाधान करने का समर्थन जताया। इसी बीच जारी ट्रंप ने नाटो देशों से चीन पर 50 से 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने और रूस से तेल खरीदना बंद करने की अपील की है ताकि यूक्रेन युद्ध को खत्म किया जा सके।

अवैध तरीके से अमेरिका पहुंचे भारतीय को किया गया गिरफ्तार, 18-व्हीलर ट्रक से वाहनों को टक्कर मारने का आरोप

जीवन

दुर्घटना में पांच वर्षीय डलिलाह कोलमेन को गंभीर और जीवन को बदल देने वाली चोटें आई थीं।

न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन। अमेरिका में एक भारतीय नागरिक प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जिसने ट्रक चलाते हुए कई वाहनों को टक्कर मार दी थी, जिससे एक पांच साल की बच्ची की जिंदगीभर के लिए अपाहिज हो गई। इस व्यक्ति ने कथित तौर पर अवैध तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था। उसके पास वाणिज्यिक ड्राइविंग लाइसेंस भी था। अमेरिका में एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने पिछले साल कैलिफोर्निया में ट्रक चलाते हुए कई वाहनों को टक्कर मार दी थी। इस घटना में एक पांच साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई और उसकी जिंदगी पूरी तरह से बदल गई। यह व्यक्ति कथित तौर पर अवैध रूप से अमेरिका आया था। आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आईसी) ने पिछले महीने आरोपी प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया था। उसे तब तक आईसीई की हिरासत में रखा गया है, जब तक कि उसका आव्रजन का मामला तय नहीं हो जाता। आईसीई ने बताया कि जून 2024 प्रताप सिंह ने कैलिपोर्निया में एक वाणिज्यिक 18 पहियों वाले ट्रक को चलाते हुए कई वाहनों कई कारों की टक्कर करवाई। गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) के एक बयान में कहा गया कि प्रताप सिंह ने अक्तूबर 2022 में अमेरिका की दक्षिण सीमा को अवैध तरीके से पार किया था और तब बाइडन प्रशासन ने उसे रिहा कर दिया था। कैलिफोर्निया राजमार्ग पुलिस (सीएचपी) की दुर्घटना पर रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रताप सिंह ने असुरक्षित गति से वाहन चलाया और ट्रैफिक व निर्माण क्षेत्र में भी नहीं रुका। प्रताप सिंह को कैलिफोर्निया के मोटर वाहन विभाग (डीएमवी) की ओर से वाणिज्यिक चालक का लाइसेंस जारी किया गया था।

दुर्घटना में पांच वर्षीय डलिलाह कोलमेन को गंभीर और जीवन को बदल देने वाली चोटें आई थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, उसकी हालत इतनी खराब हो गई कि वह चल नहीं सकती, बोल नहीं सकती, आम भोजन नहीं कर सकती। इस वजह से वह किंडरगार्टन नहीं जा सकीं। उसे तीन हफ्ते कोमा में रखा गया और छह महीने अस्पताल में उपचार हुआ। इलाज के दौरान डॉक्टरों को उसके सिर की सर्जरी करनी पड़ी, जिसमें सिर की एक हड्डी को हटाना पड़ा। करीब चार महीने तक उसके सिर का आधा हिस्सा नहीं था। उसकी जांघ की हड्डी टूट गई, सिर की हड्डियां भी टूट गईं। अब उसे चलने-फिरने और बोलने में परेशानी होती है, दिमाग की विकास धीमा हो गया है और उसे ठीक होने के लिए हमेशा इलाज और थेरेपी की जरूरत पड़ेगी।

डीएचएस की सचिव क्रिस्टी नोम ने कहा, कोलमेन की जिंदगी एक अवैध तरीक से आए व्यक्ति के कारण हमेशा के लिए बदल गई, जब उसने 18 पहियों वाले वाहन को चलाते हुए उस पर और उसके परिवार पर टक्कर मारी। यह त्रासदी पूरी तरह टाली जा सकती थी।

उन्होंने यह भी कहा कि यह एक उदाहरण है कि कैलिफोर्निया डीएमवी ने अवैध व्यक्ति को वाणिज्यिक चालक का लाइसेंस जारी किया। नोम ने कहा, और कितने निर्दोष लोगों को पीड़ित होना होगा।

गेविन न्यूजॉम (कैलिफोर्निया के गवर्नर) अमेरिकी लोगों के जीवन के साथ खेलना बंद करें।

अवधनामा

शिक्षकों की आवाज लोकसभा में गूंजेगी : बाबू सिंह कुशवाहा

प्राथमिक शिक्षक संघ ने सांसद बाबू सिंह कुशवाहा को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल के नेतृत्व में शुक्रवार को जौनपुर के सपा सांसद बाबूसिंह कुशवाहा से उनके कैंप कार्यालय में मिलकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने सांसद को बताया कि जुलाई 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षक उस समय हुई भर्ती की सारी योग्यता रखते हुए शिक्षक नियुक्त हुए थे लेकिन माननीय उच्चतम न्यायालय के 1 सितंबर 2025 के निर्णय के द्वारा सभी शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता के आदेश से शिक्षकों में घोर निराशा की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस फैसले से लाखों शिक्षकों का भविष्य अंधकार में चला गया है, शिक्षक चिंतित एवं आक्रोशित है। संगठन की मांग है कि सरकार आर टी ई एक्ट में संशोधन करके 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए उच्चतम न्यायालय में पक्ष रखे। जिससे लाखों शिक्षकों की सेवा संरक्षित हो सके। शिक्षक नेता श्री शुक्ल ने माँग किया कि उपरोक्त के संबंध में स्पष्ट निर्देश निर्गत करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा करे। जिससे 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टी ई टी की अनिवार्यता से मुक्ति मिल सके। शिक्षकों का ज्ञापन प्राप्त करते हुए सांसद बाबूसिंह कुशवाहा ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि यह प्रकरण मेरे संज्ञान में है और आपका ज्ञापन प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा। शिक्षकों की आवाज को लोकसभा में भी रखूंगा। इस अवसर पर रविचंद्र यादव, रामदुलार यादव, लक्ष्मीकांत सिंह, शिवेंद्र सिंह रानू,पंकज सिंह,सुनील यादव,उमानाथ यादव राकेश यादव, मनोज कुमार यादव,अनिल दीप चौधरी,शैलेंद्र कुमार पाल, अनिल यादव,विक्रम प्रकाश, संतोष सिंह,विष्णु तिवारी, दीपक सिंह, पवन सिंह,लाल साहब यादव, विजय कुमार, घनश्याम मौर्य, अजय यादव, मनोज उपाध्याय, श्यामलाल मौर्य, वीर सेन, सुरेंद्र यादव, श्री प्रकाश पाल, फुर्ती लाल कनौजिया, राकेश पाण्डेय, राघवेंद्र मिश्रा, सूरज मौर्य, अनिल कनौजिया, गुरुनाथ यादव, गौरव सिंह, अजय यादव, संजय पाल, घनश्याम मौर्य, रामकृष्ण विश्वकर्मा, दिलीप सिंह, अवधेश मौर्या,पुष्यमित्र दुबे सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

गांधी जयन्ती पर क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन

जौनपुर। क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ एवं जिला प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में 02 अक्टूबर, 2025 को ''गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयन्ती'' के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के तत्वावधान में पुरूष वर्ग की 05 किमी0 एवं महिला वर्ग में 3 किमी0 की क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन प्रातः 7.00 बजे से इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर, जौनपुर में किया जायेगा। उक्त रेस प्रतिभाग करने के इच्छुक पुरूष एवं महिला प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि कृष्ण कुमार यादव, पूर्व चैम्पियन एथलीट से सम्पर्क कर करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त 02 अक्टूबर 2025 को प्रातः 6.00 बजे स्टेडियम में उपस्थित होकर अपना नाम, पता अंकित करवाते हुए अपनी प्रविष्टि कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं। रेस में प्रविष्टि का समय 6.30 बजे तक होगा। उक्त अवधि में जो भी प्रतिभागी उपस्थित होकर अपनी प्रविष्टि करा सकते हैं उसके बाद प्रविष्टि नहीं की जायेगी। क्रास कन्ट्री रेस में प्रथम छः स्थान प्राप्त करने वाले पुरूष एवं महिला खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज में हुआ छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। शुक्रवार को मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज जौनपुर में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार छात्रवृत्ति वितरण समारोह के अंतर्गत जिला समाज कल्याण अधिकारी (नीरज पटेल) एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी (नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा) की उपस्थिति में मुख्यमंत्री द्वारा छात्रावृत्ति वितरण समारोह का लाइव प्रसारण छात्रों को दिखाया गया एवं आवेदक पात्र छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी (नीरज पटेल)ने छात्र/छात्राओं को बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में अध्यनरत नौजवान छात्र/छात्राओं को पढ़ाई लिखाई में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो इसलिए इस वर्ष छह माह पूर्व सितंबर में ही छात्रवृत्ति की धनराशि छात्र/छात्राओं के खाते में वितरित कर दी गई तथा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी (श्री नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा) ने छात्रों को जागरुक करते हुए बताया कि इस वर्ष सरकार ने छात्रवृति का बजट बढ़ाकर दोगुना कर दिया है जिससे अधिकांश आवेदक पात्र छात्र/ छात्राएं छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित न हो। जिन छात्र/छात्राओं ने अब तक आवेदन नहीं किया है वह छात्र/छात्राएं 06 नवंबर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान ने छात्रों को बताया की विद्यालय में छात्रवृत्ति हेतु पात्र छात्र /छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित न रह जाए जिस हेतु विद्यालय में विगत 2 माह से विभिन्न बैंकों का कैंप लगवा कर निःशुल्क खाता खुलवाया गया तथा लगभग 1000 पात्र छात्र/छात्राओं ने आवेदन कर दिया है ,शेष पात्र छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन किया जा रहा है।आवेदन करने वाले अधिकांश छात्र/छात्राओं के खाते में छात्रवृत्ति की धनराशि विभाग द्वारा हस्तांतरित कर दी गई है जिसका प्रमाण पत्र समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने वितरित किया प्रमाण पत्र प्राप्त कर छात्र /छात्राओं में उत्साह का माहौल दिखा। छात्र/छात्राओं से वार्ता करने पर छात्र/छात्राओं ने बताया कि इस धनराशि का उपयोग आगे के पठन पाठन में करेंगे। विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर अब्दुल कादिर खान ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को जागरूक करने हेतु निर्देश दिया कि शत प्रतिशत पात्र छात्र /छात्राएं छात्रछात्रवृत्ति हेतु आवेदन करें जिससे उनकी पढ़ाई लिखाई का मार्ग सुगम हो सके। इस मौके पर सुशील सिंह, मो0 अहमद, अनुपम सिंह,अनवर अल्वी, मो0 अली, विजय प्रताप बाबू आदि मौजूद रहे।

खुला आश्रय गृह को गोद लेगा मुक्त विश्वविद्यालय

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव पखवाड़े के अन्तर्गत शुक्रवार को शांतिपुरम, फाफामऊ में स्थित खुला आश्रय गृह को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने पठन-पाठन से संबंधित सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बच्चों को पठन-पाठन हेतु पुस्तक, कॉपी, पेन्सिल, रबड़, स्केल, शार्पनर के साथ ही आश्रय गृह को एक सेट किट भेंट किया। इस अवसर पर कुलपति ने इस खुला आश्रय गृह को विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर खुला आश्रय गृह की अधीक्षिका श्रीमती दिव्या त्रिपाठी, नंदिनी, निखिलेश, अर्चना तथा अनिल आदि को बच्चों के पठन-पाठन के लिए सफेद बोर्ड, कुर्सी, खिलौने तथा पाठ्य पुस्तकें प्रदान की।

कुलपति ने बच्चों को हर सहायता उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया और उनके स्वस्थ तथा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रेरित भी किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बाल कल्याण समिति किशोर न्याय प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ.अखिलेश कुमार मिश्र ने खुला आश्रय गृह के कार्यकलापों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

खेतासराय पुलिस का पैदल गश्त, शांति व सुरक्षा का भरोसा

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (खेतासराय)। आगामी दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को देखते हुए नगर में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन सक्रिय। आज दिनांक 26 सितंबर 2025 को जुमे की नमाज व आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष खेतासराय के नेतृत्व में कस्बे में पैदल गश्त किया गया। इस दौरान चौकी प्रभारी कस्बा खेतासराय सहित अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बाजार, मुख्य मार्गो और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती। आमजन से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। वहीं, असामाजिक तत्वों और अपराधियों को सख्त संदेश दिया गया कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने कहा कि त्यौहार सभी के जीवन में खुशियां लाते हैं, ऐसे में शांति और सौहार्द बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है।

राजा सन्तोष कुमार मिश्रा विधि महाविद्यालय को मिली एल एल बी की मान्यता, क्षेत्र में हर्ष व्याप्त

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। बिंद्रा बाजार, एम एस डी ग्रुप ऑफ कॉलेज बालपुर ख़रैला आजमगढ़ के चेयरमैन एवं ब्राह्मण समाज उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष और विधान सभा जफराबाद के पूर्व प्रत्याशी डॉ सन्तोष कुमार मिश्रा(राजा साहब) ने आज कॉलेज प्रांगण में आयोजित सभा में उपस्थित छात्र छात्राओं, अध्यापक गण एवं क्षेत्रीय लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि राजा सन्तोष कुमार मिश्रा विधि महाविद्यालय ताजपुर गडहा आजमगढ़ को बार काउंसिल ऑफ इंडिया से कानून की शिक्षा यानि एल एल बी की मान्यता मिल गई है।

राजा साहब ने कहा कि मैने कई संस्थानों की स्थापना कर समाज के सभी वर्ग को इंजीनियर, मास्टर , फार्मासिस्ट और डॉक्टर बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य किया हूं। लोगों की मांग और छात्रों को न्याय और कानून की पढ़ाई के लिए अब हमने विधि महाविद्यालय यानी लॉ कॉलेज भी स्थापित कर दिया हूं। अब समाज में बिना किसी भेद भाव के हर वर्ग के छात्र एल एल बी की शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं और वकील बनकर अदालत में न्याय का प्रतिनिधि के रूप में समाज के पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए जज के समक्ष खड़ा होके बहस कर सकते हैं। राजा सन्तोष कुमार मिश्रा विधि महाविद्यालय में एल एल बी की मान्यता की खबर पाकर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। स्टाफ ने चेयरमैन साहेब को बधाई दिया। इस अवसर पर अवधेश शर्मा ने राजा साहब को माला पहना कर और जोर शोर के साथ नारा लगाते हुए स्वागत किया। उसके बाद 51 किलो मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर मुन्ना गिरी गुरु जी, रविन्द्र कुमार मिश्रा, राहुल त्रिपाठी, संतोष पाण्डेय, विंध्यवासिनी तिवारी,प्रिंस मिश्रा, रविकांत तिवारी, कमलजीत यादव, आनन्द गोंड, राज भारद्वाज, चंद्रजीत राजभर, अम्बे, स्नेहा, रमाकर पाण्डेय, सुनील यादव, सहित क्षेत्र के काफी लोग मौजूद रहे।

उमरे के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 76 लोगों का उपचार

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के केंद्रीय अस्पताल, प्रयागराज में आज स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. एस. के. हांडू, चिकित्सा निदेशक एवं अध्यक्ष के मार्गदर्शन और नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ. उषा एस. पी. यादव, नोडल अधिकारी एवं एसीएचडी/माइक्रोबायोलॉजी, द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए रोकथाम आधारित स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर डॉ. कल्पना मिश्रा (एसीएचडी) एवं डॉ. रीना अग्रवाल (एसीएमएस) की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया। इस शिविर में लगभग 76 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें अस्पताल का स्टाफ, मरीज तथा उनके परिजन शामिल थे और विभिन्न चिकित्सा विभागों में विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार प्राप्त किया।

आयुर्वेद के विषय में जागरुक करने के लियें बाईक रैली निकाली

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। भारत सरकार के गाइडलाईन के अनुसार प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार दसवां आयुर्वेद दिवस राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय 25 शैय्या नगर आजमगढ़ में सफलतापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री राम उदरेज यादव उपायुक्त श्रम रोजगार आजमगढ़ द्वारा भगवान धनवन्तरि को दीप प्रज्जवलित कर माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद के विषय में लोगो को जागरुक करने के लियें बाईक रैली को डा0 वीरेन्द्र कुमार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी आजमगढ़ द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी आजमगढ़ कार्यालय से होकर नगर के सिविल लाईन, नरौली चौराहा, सिधारी हाईडिल चौराहा तथा रैदोपुर से होते हुये कार्यक्रम स्थल राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय 25 शैय्या नगर आजमगढ़ में जाकर समाप्त हुआ। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर, प्रकृति परीक्षण एवं योग शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सको एवं योग प्रशिक्षको द्वारा लोगो का उपचार कर आधुनिक समय में आयुर्वेद के बारे में जानकारी प्रदान करते हुये औषधि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नोडल अधिकारी डा0 समीर कुमार गुप्ता एवं आरेश सिंह पटेल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुर्वेद दिवस के इस अवसर पर डा0 श्यामसुन्दर नीरज, डा0मोनिका अग्रवाल, डा0 रमाकान्त, जयप्रकाश चतुर्वेदी, अशोक कुमार गुप्ता, शिवानंद, राजीव कुमार, अरविन्द सिंह, पवन कुमार यादव, विजय यादव, अभिनव सिंह, प्रमोद चौधरी तथा चतुर्थ श्रेणी कार्मिक उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

वूमेन स्किन प्रतियोगिता में सुप्रिया सिंह प्रथम

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) द एलिगेंस आफ मेकअप प्रयागराज में 23 सितंबर 2025 को हुई महिला वूमेन स्किन प्रतिस्पर्धा में सुप्रिया सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में अरिका रिजवी ने द्वितीय तथा निधि द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए सैलून की निदेशक शिवि ने बताया कि हमारा सैलून त्रैमासिक स्तर पर अपने मेंबर्स के लिए विभिन्न आयोजन करता रहता है। जिसके अंतर्गत इस बार अपने मेंबर्स के उत्साहवर्धन के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें 86 प्रतिभागियों ने भाग किया था। सभी विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार के साथ में निशुल्क ट्रेनिंग तथा अन्य विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

अंकित के दम पर चौधरी नौनिहाल फाइनल में



प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब ने हनुमान प्रसाद स्मारक अंडर -19 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मैच में जय सेल्स वारियर्स को सात विकेट से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई हैं। विजेता टीम के अंकित यादव के अतिशी पारी (85 रन, 53 गेंद, आठ चौके व सात छक्के) की पारी खेल अपनी टीम को फाइनल में जगह दिलाई हैं। शुक्रवार को केपी कॉलेज मैदान पर दूसरे सेमीफाइनल मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जय सेल्स वारियर्स ने 35 ओवर में आठ विकेट पर 185 रन (हर्षित तिवारी 83, तन्मय मालवीय व हिमांशु मिश्रा 19 -19, सानिध्य श्रीवास्तव 18 रन, सचिन मिश्रा 3/22, देवांश पाठक 2/38, अमृतेश शुक्ला 1/28, आदित्य पाठक 1/37) पर बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब की टीम ने 25.2 ओवर में तीन विकेट पर 186 रन (अंकित यादव 85, तेजस्व मिश्रा 32, फरहान आंसरी 30, देवांश पाठक 28 अविजित रन, रोशन कुशवाहा 1/26, अभिजीत 1/35, सानिध्य श्रीवास्तव 1/36) पर बना लिए। मैच में अजय कुमार व अरुण कुमार ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

हेल्थ कार्निवाल का आयोजन

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) प्रयागराज अस्पताल प्रयागराज और हमीदिया गर्ल्स डिग्री कॉलेज के संयुक्त प्रयास से आयोजित हेल्थ कार्निवल के स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना हेतु आज दोपहर 2:30 बजे कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रयागराज अस्पताल करेली प्रयागराज के निदेशक डॉ. सैयद आरिफ कादरी थे। प्रयागराज अस्पताल करेली प्रयागराज की त्वचा विशेषज्ञ डॉ. आफरीन फारूकी भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा इंशा परवीन द्वारा प्रस्तुत हम्द पाठ से हुई। अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इससे पहले कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर नसीहा उस्मानी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अतिथियों का स्वागत किया और हेल्थ कार्निवल को सफल बनाने के लिए स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की।

नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की टीम घोषित

प्रयागराज। सुल्तानपुर में 28 सितम्बर को होने वाले एक दिनी राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की फुटबॉल टीम घोषित कर दी गयी है। सभी खिलाड़ियों को 28 सितम्बर को प्रातः 6 बजे प्रयाग स्टेशन पर उपस्थित होना है।

अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार चयनित खिलाड़ियों में हर्षित ओझा (कप्तान), अनिकेत मौर्या, श्लोक सिंह, विभूद्ध शर्मा, सृजन सिंह, कुमार अंश, मो0 शादाब, निशांत मिश्रा, उत्कर्ष गुप्ता, प्रदीप , सार्थक, राहुल चांदना, आदित्य राज, अलोक प्रजापति, रोहित पांडेय, विशेष गौतम, आयुश शामिल हैं। टीम के सहायक प्रशिक्षक राहुल वर्मा और मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष हैं।

मंडल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। मंडल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा आजमगढ़ के प्रांगण में विनोद सिंह, दिनेश सिंह एवं विद्यालय के प्रबंधक श्री रमाकांत वर्मा, प्रधानाचार्य श्री धुव्रचंद मौर्य ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें तीन आयु वर्ग प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया। अंडर 14 वर्ष के आयु वर्ग में बालक वर्ग से किसान मजदूर इंटर कॉलेज ओरा आजमगढ़ से अरमान प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिया तहबरपुर से मोहम्मद मसूद द्वितीय, शिव शक्ति उड़ीसा पब्लिक स्कूल बलिया से मोहम्मद तौहीद तृतीय, और इसी विद्यालय आयुष्मान सिंह चतुर्थ स्थान पर रहे. बालिका वर्ग में प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा आजमगढ़ से अभिज्ञा राय प्रथम स्थान पर रही.अंडर 17 वर्ष के आयु वर्ग में बालक वर्ग से किसान मजदूर इंटर कॉलेज ओरा आजमगढ़ से विश्वजीत प्रजापति प्रथम, मुरली मनोहर टाउन इंटर कॉलेज बलिया से अंश प्रजापति द्वितीय, अमित पटेल तृतीय, सत्यम गुप्ता चतुर्थ एवं सत्यम खरवार पांचवें स्थान पर रहे. इसी आयु वर्ग के बालिका वर्ग से प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा आजमगढ़ दिशु मौर्य प्रथम स्थान पर रही. अंडर 19 आयु वर्ग में बालक वर्ग से जनता इंटर कॉलेज नगरा बलिया से रौनक कुमार प्रथम, इसी स्कूल से रवि कुमार द्वितीय, प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा आजमगढ़ से आदित्य गुप्ता तृतीय, श्री अमरनाथ इंटर कॉलेज कंसो बलिया से गौतम मौर्य चतुर्थ एवं प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा आजमगढ़ से सौरभ यादव पांचवें स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता के समाप्ति पर विद्यालय के प्रबंधक श्री रमाकांत वर्मा ने आए हुए सभी बच्चों एवं उनके अध्यापकों का स्वागत अभिनंदन करते हुए बच्चों को हार्दिक बधाई दी और विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ध्रुव चंद मौर्य ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर के सम्मानित किया। जज के रूप में श्री कृष्णानंद, तेज बहादुर प्रजापति एवं इंद्रेश यादव ने अपना निर्णय बहुत ही सोच समझ कर दिया।

भाजपाइयों ने चलाया नेक्स्ट जीएसटी रिफार्म जागरूकता अभियान

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) भाजपा राजरूपपुर मंडल के द्वारा शक्ति केंद्र राजरूप पुर में नेक्स्ट जीएसटी रिफार्म जागरूकता अभियान निकाला। इस अवसर शहर पश्चिमी के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के दुकानदारों और व्यापारियों से संवाद स्थापित किया और उन्हें जीएसटी सुधार 2025 से होने वाले लाभ और व्यापारियों को राहत और आम जन को सीधे फायदा होने संबंधित विषयों से जानकारी दी। इस अवसर मंडल अध्यक्ष पारस कुमार श्रीवास्तव, जिला मंत्री राजू राय, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, राम जी शुक्ला, पार्षद शिव भारतीय पार्षद मिथलेश सिंह, मनोज मिश्रा अजय हेला, हिमालय श्रीवास्तव, शुभम बाला पांडे, विवेक गौड़, मनोज पाण्डेय, सुशील कनौजिया आदि मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नेत्रहीन बुजुर्ग की जहर देकर हत्या का आरोप

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) दो वर्ष पूर्व पत्नी के कथित तौर पर लापता होने की रिपोर्ट लिखाने के लिए करछना थाना के चक्कर लगाने वाले 70 वर्षीय नेत्रहीन बुजुर्ग लाल बहादुर पांडेय की शुक्रवार को रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृतक के पुत्र अजय कुमार पांडेय का आरोप है कि उनकी मां को गायब कराने वाले गांव के कुछ दबंग लोगों ने उनके पिता को भी जहर देकर मार डाला और पुलिस को सूचना देने के बावजूद शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया जा रहा है। करछना थाना अंतर्गत गड़ैला उपरहार गांव के निवासी अजय कुमार पांडेय बिना पोस्टमार्टम के अपने पिता का दाह संस्कार नहीं करने पर अडिग हैं। उनका आरोप है कि आरोपियों की मिलीभगत से पुलिस बिना पोस्टमार्टम के दांह संस्कार कराना चाहती है।

केएन काटजू इण्टर कॉलेज में चलाया जागरूकता अभियान

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) शुक्रवार को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति 5.0 के तहत नगर जोन के थाना महिला थाना में गठित एंटीरोमियो स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों द्वारा के0एन0 काटजू इण्टर कॉलेज कीडगंज में जाकर महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं एवं छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने गुड-टच, बैड-टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन- वूमेन पॉवर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस-108, साइबर क्राइम-1930 आदि के बारे में जानकारी दी। साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र, एण्टी-रोमियो स्क्वाड व आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरुक किया गया। जागरूक करने वाली पुलिस टीम में नि0 एस0एम0 कासिम, उ0नि0 सूरज वर्मा, उ0नि0 संदीप यादव, हे0का0 आसिफ इकबाल खां, म0हे0का0 शशिप्रभा राय, का0 उमेशचन्द्र और म0का0 अंकिता, थाना कीडगंज कमिश्नरेट प्रयागराज शामिल रहे।

डीएम ने जनसुनवाई पोर्टल पर असंतुष्ट फीडबैक पर जताई नाराज़गी

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जन-सुनवाई प्रणाली पोर्टल पर होने वाले असंतुष्ट फीडबैक एवं लम्बित सन्दर्भो की विभागवार समीक्षा के दौरान असंतोष व्यक्त करते हुये कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी असंतुष्ट फीडबैक में कमी नहीं आ रही है, असंतुष्ट फीडबैक के कारण जन-सुनवाई पोर्टल पर रैंक में गिरावट आ रही है। उन्होने समीक्षा के दौरान कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण के लिए सजग रहें, शिकायतकर्ता से वार्ता के उपरांत ही उसके संतुष्ट होने पर निस्तारण आंख्या अपलोड की जाए, किसी भी शिकायत में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त न हो। उन्होने कहा कि शासन स्तर से प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक में कमी आई है लेकिन कुछ विभागों में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुये हैं, सम्बन्धित अधिकारी प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक को तत्काल निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि मौके पर जाने से पूर्व शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता करें ताकि वह मौके पर मौजूद रहे और उसकी उपस्थिति में समस्या का निदान किया जा सके, शिकायत के निस्तारण के उपरांत मौके पर उपस्थित 02 गवाहों के साथ शिकायतकर्ता के भी हस्ताक्षर कराये जाएं यदि आवेदक असंतुष्ट हो तो शिकायत पर असंतुष्ट होने का कारण इंगित किया जाए। सिंह ने आई.जी.आर.एस., हेल्पलाइन सन्दर्भो की समीक्षा करने पर पाया कि दि. 25 अगस्त से 24 सितम्बर के मध्य स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित आई.जी.आर.एस. में मुख्य चिकित्साधिकारी से सम्बन्धित 50 सन्दर्भो में से 13 पर एवं हेल्पलाइन के 84 सन्दर्भो में से 26 सन्दर्भ पर असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ है, आई.जी.आर.एस. में सर्वाधिक 36 सन्दर्भो में से 09 पर एवं हेल्पलाइन सन्दर्भ में मुख्य चिकित्साधीक्षक से सम्बन्धित 09 में से 05, प्र. चिकित्साधिकारी करहल से सम्बन्धित 10 में से 06, प्र. चिकित्साधिकारी घिरोर से सम्बन्धित 10 में से 03, प्र. चिकित्साधिकारी बेवर से सम्बन्धित 09 में से 03 सन्दर्भो पर असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ है, राजस्व विभाग में आई.जी.आर.एस. से सम्बन्धित 82 सन्दर्भो में से 43 पर असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ है, सर्वाधिक उप जिलाधिकारी कुरावली से सम्बन्धित 20 में से 15, उप जिलाधिकारी घिरोर से सम्बन्धित 14 में से 14, उप जिलाधिकारी करहल से सम्बन्धित 11 में से 08 संन्दर्भो का असन्तुष्ट फीडबैक मिला है। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कमोवेश यही स्थिति विद्युत, लोक निर्माण सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं की है।

यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष डा कीर्ति पांडेय का इस्तीफा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष प्रोफेसर कीर्ति पांडेय ने इस्तीफा दे दिया। गोरखपुर यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर कीर्ति पांडेय को एक साल पहले 2 सितंबर, 2024 को यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने 25 सितंबर को प्रयागराज स्थित ऑफिस में बैठक भी की थी। कीर्ति पांडेय ने 22 सितंबर को इस्तीफा दिया था, जिसे आज स्वीकार किया गया। अपने इस्तीफे की वजह उन्होंने पर्सनल कारण बताए हैं। हालांकि, कहा जा रहा है कि सीएम योगी कीर्ति पांडेय के कामकाज से खुश नहीं थे। प्रो. कीर्ति पांडेय के इस्तीफे के बाद वरिष्ठ सदस्य रामसूचित को आयोग का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। प्रो. कीर्ति पांडेय ने उन्हें कार्यभार सौंपा। इस दौरान आयोग के सचिव समेत सभी सदस्य मौजूद रहे।

जलवायु जोखिमों के समावेशीकरण पर कार्यशाला संपन्न

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। गोरखपुर एनवायरनमेंटल एक्शन ग्रुप एवं साई ज्योति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय होटल आकाश में जिला पंचायत कार्ययोजना में जलवायु परिवर्तन के समावेशीकरण हेतु स्टेकहोल्डर्स की एवं दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने दीप प्रज्जवलन करके किया। कार्यक्रम में सन्दर्भ व्यक्ति के रूप में आये विशिष्ट अतिथि डॉ मजहर रशीदी एवं सुश्री अर्चना श्रीवास्तव ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर सभी विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यशाला में उपस्थित विभिन्न वर्ग के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज ग्राम स्तर पर भी गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं स्थानीय निकायों और समुदायों को समस्या समाधान में सशक्त बनाने में सहायक होंगे। उन्होने कहा कि यदि अब भी हमने इस गंभीर मुद्दे के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई तो इसके परिणाम कष्टप्रद हो सकते है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिये प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन करना आवश्यक है। उन्होंने उदाहरण के साथ समझाया कि हमने जल संरक्षण का काम कर अपने जनपद के भूगर्भ जल स्तर में सुधार किया है। वन एवं पर्यावरण संरक्षण किया जाना भी अति आवश्यक है। उन्होने कार्यशाला को समयानुकूल बताते हुए जिला पंचायत से लेकर क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में जलवायु संवेदनशील दृष्टिकोण को शामिल करने पर बल दिया।

कार्यशाला में विशेषज्ञों डॉ मजहर रशीदी एवं सुश्री अर्चना श्रीवास्तव ने द्वारा जलवायु जोखिम आकलन, जोखिम सुचित नियोजन, कृषि एवं जल प्रबंधन, तथा सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

प्रतिभागियों में स0 मंजीत सिंह वरिष्ठ पत्रकार, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्य जी, उमा शंकर चौबे पूर्व प्रधान, वासुदेव सिंह, शैलेन्द्र सागर, राजेन्द्र सिंह बजाज फाउंडेशन, सुनील जैन खजुजिया, कुन्ज बिहारी शर्मा, नन्दलाल राजपूत, मुकुल शर्मा, उत्कर्ष श्रीवास्तव, रुचिका सिंह बुन्देला, मोहनी जैन, सिद्ध गोपाल सिंह, सौरभ कुमार, ध्रुव साहू, अक्षय अलया, राकेश श्रीवास्तव, वृषभान सिंह रमेश श्रीवास्तव, रमन शर्मा , राम रतन प्रधान, नीरज गदयाना, दिनेश नायक रामपाल सिंह, ओमकेश यादव, नमामि गंगे से केतन दुबे जिला पर्यावरण समिति से विवेक कुशवाहा, सहित ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह, किसान संगठनों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव अजय श्रीवास्तव ने किया।

कार्यशाला के अंत में सामूहिक चर्चा एवं सुझाव संकलन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

वर्ष 2003 की मतदाता सूची का 2025 से मैपिंग कार्य तेज

बिलग्राम (हरदोई)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरदोई के निर्देश पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची को वर्ष 2025 से मैपिंग कराने का कार्य जारी है। इस संबंध में 11 सितम्बर को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2003 की निर्वाचक नामावलियाँ संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करायी गई थीं।

निर्देशानुसार इस महत्वपूर्ण कार्य को 26 सितम्बर तक पूर्ण कराना अनिवार्य है। इसी क्रम में शुक्रवार को BRC बिलग्राम में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी गिरजेश कटियार ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया।

चुनाव आयोग के इस अभियान के तहत वर्ष 2003 और वर्ष 2025 की निर्वाचक नामावलियों की मैपिंग के बाद मतदाता सूची को और अधिक पारदर्शी एवं अद्यतन स्वरूप में तैयार किया जाएगा।

मिशन शक्तिः साइकलोथान (मेगा इन्वेंट) बाइक, साइकिल रैली निकली गई

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। साइकलोथॉन (मेगा इवेन्ट) मिशन शक्ति की थीम,महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर दिनांक 22.09.2025 से 90 दिवसीय ÷मिशन शक्ति÷ के विशेष अभियान के पांचवे चरण शुरू किये जाने के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी कार्ययोजना के अनुसार निर्धारित तिथियों पर सुव्यवस्थित/सुचारू रूप से कार्यक्रम सम्पादित करने के निर्देश दिये गये हैं

उपरोक्त के क्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद स्तर पर मिशन शक्ति के दूसरे दिवस के अवसर पर साइकलोथॉन (मेगा इवेन्ट)के अंतर्गत स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ से बालक एवं बालिकाओं द्वारा साइकिल रैली जिलाधिकारी , पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी,सिटी मजिस्ट्रेट, द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तर पर संचालित हब फॉर इम्पॉवरमेन्ट ऑफ़ वूमेन की टीम, चाइल्ड लाइन आदि के कार्मिकों द्वारा साइकलोथॉन (मेगा इवेन्ट),/बाइक/साइकिल रैली में प्रतिभाग कर विभाग की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं समस्त कल्याणकारी योजनाएं आदि ,की जानकारी देते हुए बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म करना, तथा सरकार द्वारा चलाए गए समस्त टोल फ्री नंबर, विभागीय पंपलेट वितरण कर जनमानस को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों सम्बन्धी राज्य/जनपद स्तरीय संकेतकों तथा जनसंख्या अनुपात, जन्म/मृत्यु दर, लिंगानुपात, स्कूल ड्रॉप आउट, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, संस्थागत प्रसव, बच्चों के प्रति हिंसा आदि विषयों को साथ ही साक्षरता दर तथा विभागीय योजनाओं को समाज के सामने रखते हुए उनके सुधार हेतु जागरूक करना है। उक्त कार्यक्रम में सीओ सिटी मैडम, क्रीडा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जीजीआईसी प्रधानाध्यापिका एवं हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन की टीम/समस्त स्टाफ जिला प्रोबेशन कार्यालय और अधिक संख्या में विद्यालय से छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

केन्द्रीय पूजा समिति काशी अध्यक्ष ने प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड को मूर्ति विसर्जन संबंधित ज्ञापन सौंपा

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। केंद्रीय पूजा समिति के पदाधिकारीयों ने अध्यक्ष तिलक राज मिश्रा के नेतृत्व में उपाध्यक्ष एवं लीगल सेल प्रभारी तरुण मुखर्जी, संयोजक देवाशीष दास और प्रमुख संचालक समिति भारत सेवा आश्रम संघ के महंतों के सानिध्य में केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार को ज्ञापन सौंपा,जो मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के लिए था। उनसे अपील की गई कि ये काशी की भावना है। मूर्तियों का विसर्जन जो गंगा मिट्टी से बनी मूर्तियां हैं। पुआल,जूट बॉस और खाने वाले कलर से बनी गंगा मिट्टी की मूर्तियां हैं (प्लास्टर ऑफ पेरिस रहित) मूर्तियों का विसर्जन गंगा जी में किया जाए। मूर्ति को डुबाकर करके हटा दिया जाए। प्रदूषण तो है ही नहीं आस्था की विजय हो।पत्र में लिखा गया कि यह जन भावनाओं से प्रेरित है। उन्होंने अवश्य इस विषय पर मुख्यमंत्री जी से और प्रधानमंत्री जी से वार्ता करने के लिए आश्वस्त किया। अध्यक्ष तिलक राज मिश्रा ने अवधनामा से बात करते हुए बताया कि,दुर्गा पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन हिंदू धार्मिक भावनाओं के साथ आस्था का अटूट भावना जुड़ा है। उन्होंने बताया कि,इससे पहले मूर्तियों को गंगा जी में सदियों से विसर्जन किया जाता रहा। उन्होंने कहा कि इसी संबंध में एक पत्र प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड को दिया गया। उन्होंने उम्मीद जताई कि,विश्व की धार्मिक नगरी काशी और काशी वासियों की भावनाओं को सरकार समझेगी और उचित निर्णय लेगी। केंद्रीय पूजा समिति के आह्वान परएनजीटी के नियम परगंगा में मूर्ति विसर्जन करने के समर्थन में ब्लैकआउट -29 नवंबर को एक घंटा किया जाएगा। इसमें वाराणसी के अधिकांश दुर्गापंडाल समिति वाले सहमति जताई -पंडाल निर्माता ने कहा कि,हम सब ब्लैकआउट का समर्थन करते हैं और शांतिपूर्वक सरकार को समझने की कोशिश करते हैं की पूर्ति गंगा में विसर्जन होना चाहिए ।

पूर्व सहायक अध्यापिका जाह्नवी बनीं आजमगढ़ की अपर सिविल जज

दोनों बहनों ने काशी का नाम रोशन किया

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। शहर के नामी गिरामी विद्यालय हरिश्चंद्र पीजी कालेज के विधि विभाग की पूर्व सहायक आचार्य जाह्नवी नियुक्ति आज़मगढ़ में अपर सिविल जज के रूप में हुई है। यह उपलब्धि उन्होंने पांच साल की कानूनी जद्दोजहद के बाद हासिल की। जाह्नवी ने वर्ष 2018 में यूपी न्यायिक सेवा परीक्षा में उत्तर पुस्तिका की त्रुटि से चयन रुक गया था। उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जहां फैसला उनके पक्ष में गया। आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। हालांकि वहां भी निर्णय जाह्नवी के ही पक्ष में आया। जाह्नवी शिक्षा और सेवा में अग्रणी परिवार से हैं।

उनकी बड़ी बहन डा.माधवी लता बीएचयू में अंग्रेज़ी विभाग की सहायक आचार्य हैं। दूसरी बहन यूपीपीसीएस के तहत स्टांप एवं पंजीकरण विभाग में उप-पंजीयक हैं। अन्य दो बहनें अध्यापन में एक जीजीआइसी में प्रवक्ता और दूसरी इलाहाबाद डिग्री कालेज, प्रयागराज में अंग्रेज़ी की सहायक आचार्य हैं। चचेरी बहन मंजरी मीरजापुर के चुनार में डिप्टी एसपी हैं। जाह्नवी ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया है।

लघु उद्योग भारती काशी प्रांत के उद्यमियों के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री का बैठक

महिलाओं को आगे आकर छोटे छोटे क्लस्टर का निर्माण करनी चाहिए : केंद्रीय मंत्री

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। लघु उद्योग भारती काशी प्रांत के उद्यमियों के साथ मकबूल आलम रोड स्थित सिल्क साड़ी निर्माण फैक्ट्री में केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री श्रीमती शोभा करंदलाजे के साथ आज शुक्रवार को बैठक किया गया। राज्यमंत्री,सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार,नई दिल्ली ने आज की बैठक में लघु उद्योग भारती संगठन द्वारा किए गए आयोजन पर खुशी जताते हुए कहा कि पूरे देश में एमएसएमई द्वारा मिल रही सुविधाओं को विस्तार से बताया। साथ ही नई तकनीक से जुड़ने का आह्वाहन किया महिलाओं को आगे आकर छोटे छोटे क्लस्टर का निर्माण करने पर जोर दिया

बनारसी सिल्क साड़ी निर्माण की बारीकी से जानकारी प्राप्त की राजेश कुमार सिंह प्रदेश सचिव लघु उद्योग भारती उत्तर प्रदेश ने दीनानाथ बरनवाल सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ आदरणीय मंत्री जी का स्वागत किया साथ ही संगठन की महिला उद्यमियों सुनीता सिंह एवं अनुपमा श्रीवास्तव ने बुके और अंग वस्त्र देकर मंत्री जी का स्वागत सम्मान किया। श्री सिंह ने बताया कि आज मंत्री जी के समक्ष टूल रूम निर्माण में देरी का मुद्दा उठा साथ ही टूल रूम में कार्पेट तथा बनारसी साड़ी निर्माण की भी ट्रेनिंग देने के लिए पाठ्यक्रम चलाने का अनुरोध किया गया है जिसे मंत्री जी ने सुनकर लागू करवाने का आश्वाशन दिया। कार्यक्रम में दीनानाथ बरनवाल प्रदेश उपाध्यक्ष, दीपक बहल बिल्डर, ज्योति शंकर मिश्रा, बृजेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, प्रत्यूष, वीरेंद्र , सिद्धार्थ गुप्ता सहित महिला उद्यमियों ने भाग लिया है।

जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति एवं सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

फर्रूखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समीक्षा में सी.डी.रेशियो में इंडियन बैंक का सी.डी.रेशियो सबसे कम 17 प्रतिशत पाया गया, बैंक ऑफ बड़ौदा का सी.डी. रेशियो 27 प्रतिशत, केनरा बैंक का रेशियो 32.38,इंडियन ओवरसीज बैंक का 32.61,पी.एन.बी. का 32.92, एस.बी.आई.का 34.74, आई.डी.बी.आई. का सी.डी. रेशियो 38.06 पाया गया, जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी जताई व इनके खिलाफ एस.एल. बी.सी. को कार्यवाही के लिये पत्र लिखने के निर्देश दिये।

फसल ऋण व कृषि ऋण में सभी बैंकों का सी.डी.रेशियो खराब पाया गया, एल.डी.एम.द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा वीमा योजना में 193668,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना में 752280 व अटल पेंशन योजना में 115092 नामांकन हुये है।

जिलाधिकारी द्वारा सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के सभी लंवित आवेदनों के निबटान के निर्देश दिये,जिलाधिकारी द्वारा विशेष रूप से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना,ओ.डी.ओ.पी., व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लंबित आवेदनों को तत्काल प्रोसिस करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी,पी.डी. डी.आर.डी.ए., एल.डी.एम. व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम व एसपी की मौजूदगी में मिशन शक्ति पर समीक्षा बैठक संपन्न

फर्रूखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे 100 दिवसीय अभियान मिशन शक्ति फेज 05 की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों के लिये बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने द्वारा कराए जाने बाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करे, सभी आयोजित किये जाने बाली रैलियों में पुलिस व एम्बुलेन्स उपस्थित रहे, जन जागरूकता के लिये कराये जा रहे कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को ही मौका प्रदान किया जाये, लैंगिक समानता व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर नुक्कड नाटक आयोजित किये जायें, सभी ब्लाकों में रैलियों का आयोजन हो,सभी ग्राम पंचायतों में मिशन शक्ति के कार्यक्रम हो।

अध्यक्ष राज्य महिला आयोग ने चिरंजीव लाल बालिका कॉलेज में छात्राओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

अलीगढ़। अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग बबीता चौहान ने शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर ''जय माता दी'' के उद्घोष से चिरंजीव लाल बालिका इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 के तहत आयोजित कार्यक्रम का मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

अध्यक्ष ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाबलंबन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति 5.0 संचालित किया जा रहा है। आप सभी देवी का स्वरूप हैं और आपमें असीम शक्ति है। इस शक्ति का प्रयोग सही दिशा में करें ताकि देश का विकास हो। आप सभी देश का भविष्य हैं यह तभी संभव है जब आप कड़ी मेहनत और लगन से अपने लक्ष्य पर अग्रसर रहोगी। उन्होंने कहा कि एक लड़की के कंधों पर दो परिवारों की जिम्मेदारी होती है और एक शिक्षित बालिका एक नहीं दो परिवारों को शिक्षित करती हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा की बेटियां आंगन से लेकर अंतरिक्ष तक पहुंच रही हैं। कुछ भी असंभव नहीं है अगर आप अपनी इच्छा शक्ति को जागृत कर लें कि यह हमें करना है तो वह अवश्य ही होता है। उन्होंने छात्रोंओ को कहा कि आप सभी पढ़ाई के साथ-साथ अपने संस्कारों को बनाए रखें यह आपकी अहम जिम्मेदारी है हमारा भारत संस्कृति के लिए विश्व में जाना जाता है संस्कृति ही हमारी धरोहर है, यह संस्कृति तभी सुरक्षित है जब आप अपने संस्कारों को सुरक्षित रखती हैं। आप सभी लोगों को सोशल मीडिया से थोड़ी दूरी बनाए रखनी होगी जितना जरूरत हो उतना ही उपयोग करें। इसका मिसयूज न करें सभी गुड हैबिट जैसे अखबार पढ़ना, समाचार देखना अपनाए, इससे आप सभी की नॉलेज और बढ़ेगी।

अध्यक्ष चौहान ने कार्यालय में जाकर प्रधानाचार्य एवं स्कूल के सभी शिक्षकों का परिचय प्राप्त किया। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को आज के समय के अनुसार ही गाइड करें नए-नए विचारों एवं आइडिया के माध्यम से शिक्षा को और भी रोचक बनाएं। सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चल रही है उनको बच्चों को जानकारी दें।

सड़क हादसे में टेलर ने पल्सर सवार को रौदा दो युवकों की दर्दनाक मौत

अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर । सहजनवा थाना क्षेत्र के चकिया चौराहे के पास खिलालाबाद से गाड़ी देखकर लौट रहे दो युवकों को टेलर ने रौंद दिया। जिसमें दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से खोराबार थाना क्षेत्र के अमन पुत्र बाबूराम 19 वर्ष,ऋतिक पुत्र रामकिशुन 21 वर्ष दोनों पल्सर बाइक से खलीलाबाद गाड़ी देखने गए थे। शाम को दोनों गाड़ी देखकर घर वापस आ रहे थे। शाम में 7.30 बजे के करीब दोनों युवक चकिया चौराहे पर पहुंचे थे । की पीछे से आ रही टेलर अनियंत्रित होकर पल्सर में ठोकर मार दिया। जिससे दोनों युवक टेलर के अंदर चले गए। और मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।अमन दो भाईयो में बड़ा था। जबकि ऋतिक अपने मां,बाप का अकेला संतान था।

युवक पर चाकू से हमला करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर । सहजनवा थाना क्षेत्र के बरईपार निवासी चंद्रदेव सिंह सीताराम गुरुवार को शाम 5 बजे गांव में जा रहे थे। रास्ते में अभियुक्त देखकर गाली गलौज करने लगा था।जिसका बेटे विंद्रेश सिंह ने विरोध किया तो अभियुक्त बेटे के ऊपर चाकू से हमला कर घायल कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर तलाश में जुटी हुई थी। शुक्रवार को थानेदार महेश कुमार चौबे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह,उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार कांस्टेबिल शुभम सिंह संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि युवक पर चाकू से हमला करने वाला अभियुक्त अमर सिंह पुत्र राम लखन सिंह निवासी बरईपार तेतरिया मुडकटीया चौराहे पर खड़ा है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। और अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मां दुर्गा की तरह शक्तिशाली बनना है - प्रभारी निरीक्षक

ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)। तेरईफाटक ललितपुर स्थिति वीणा वादिनी बालिका इण्टर कॉलेज तेरईफाटक ललितपुर की छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत आज कोतवाली तालबेहट का भ्रमण कर विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त की । सभी छात्राये मां दुर्गा के अष्टरुप में कोतवाली पहुंची। प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा ने सभी अष्टभुजा माताओ का पूजन किया व कोतवाली में संचालित सभी प्रकार की जानकारी छात्राओं को प्रदान की।इस अवसर पर नगर पंचायत तालबेहट के अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष विजय सोनी, दैनिक जागरण के तहसील संवाददाता अखिलेश जैन,सुनील त्रिपाठी बाबा, राजेन्द्र गोस्वामी अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तालबेहट , वीणा वादिनी बालिका इण्टर कॉलेज तेरईफाटक के प्रधानाचार्य मनोज कुमार तिवारी, स्काउट गाइड की प्रभारी श्रेया तिवारी उपस्थित रहीं।

नौ देवी का पूजन जारी

ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आश्रम द्वारा नौ देवी का पूजन एवं संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान बी.के.चित्रलेखा, बी.के.प्रीति, बी.के.पूजा, बी.के.विद्यासागर, बी.के.रोहित, बी.के.महेश कंचन, बी.के.स्वर्ण कंचन, श्याम सुंदर गोस्वामी, भागचंद त्रिपाठी, उदित नारायण त्रिपाठी, पुरुषोत्तम दुबे, परमानंद द्विवेदी, जयदेव दीक्षित, रामबाबू, हरि कृष्णा कश्यप, अशोक तिवारी, प्रेम शुक्ला, आलोक स्वामी, वाई.सी.उपाध्याय, अनिल कुमार, बालकिशन तिवारी, विनय श्रीवास्तव, अशोक स्वर्णकार शामिल है। इसके अलावा आश्रम द्वारा नौ दिनों तक भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।

बेलगाम हुआ आईटीएम गीडा का प्रबंध तंत्र, एक छात्र को किया लहूलुहान

प्रबंधन और एचओडी एमबीए के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। आईटीएम गीडा प्रबंधन ने छात्रों से पहले एसी क्लास रूम के नाम पर भारी फीस वसूली गयी और अब कुछ दिन एसी रूम में कक्षाओं का संचालन करने के बाद छात्रों को गर्मी और उमस वाले नान एसी रूम में बैठने को मजबूर किया जा रहा है। इसी बात को लेकर पिछले कुछ दिनों से छात्रों और प्रबंध तंत्र में ठनी है। वही अभिभवकों का कहना है कि हमने भारी फीस इसलिए भरी ताकि बच्चों को बेहतर पढ़ाई का माहौल मिल सके।

इसी क्रम में अपनी समस्याओं को लेकर हंगामा कर रहे छात्रों पर प्रबंध तंत्र और एचडीओ एमबीए के इशारे पर एक छात्र पर शीशा फेक कर हत्या करने की कोशिश की गई थी। पीड़ित छात्र के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने कालेज प्रबंध तंत्र और एचओडी एमबीए पर केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार श्रीप्रकाश गुप्ता पुत्र रामकृपाल गुप्ता निवासी उनवल थाना खजनी का भतीजा विजय कुमार गुप्ता जो आईटीएम गीडा में बीटेक तृतीय वर्ष का छात्र है। 24 सितंबर को दोपहर 12 बजे के करीब आईटीएम गीडा प्रबंध तंत्र और एचओडी एमबीए द्वारा साजिश कर शरीर पर शीशा गिरा कर हत्या करने की कोशिश की गई। जानकारी मिलने पर पीड़ित का चाचा जब आईटीएम गीडा पहुंचा तो छात्रों ने बताया कि वह एक निजी अस्पताल में भर्ती है। जहां इलाज चल रहा है। जब पीड़ित के चाचा ने प्रबंध तंत्र से वार्ता करने की कोशिश किया तो उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रबंध तंत्र और एचओडी मनोज मिश्र के खिलाफ साजिश, स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, विद्रोह को बढ़ावा देने का केस दर्ज कर लिया है।

आखिर कौन है छात्रों को धमकाने वाली शिक्षिका

इस पूरे प्रकरण में एक नाम तेज़ी से फैल रहा है। कालेज में प्रबंधन की एक चहेती शिक्षिका पर छात्रों को धमकाने की बात सामने आयी है। कालेज में पढ़ने वाले कुछ छात्रों ने बताया कि जब हम अपनी मांगों को लेकर प्रबंधन तक पहुंचे तो वहां मौजूद एक शिक्षिका ने उनसे भविष्य खराब कर देने की बात कही।

मकान की दीवार गिरने 11 वर्षीय बच्ची की मौत, मां घायल

महोबा। श्रीनगर कोतवाली क्षेत्र के बरा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई। छोटे यादव के परिवार पर उनके मकान की दीवार गिर गई। हादसे के समय परिवार खाना खा रहा था। दीवार गिरने से छोटे यादव की पत्नी सुनीता व पुत्र और 11 वर्षीय बेटी अंशिका समेत पूरा परिवार मलबे में दब गया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने मलबा हटाकर सभी को बाहर निकाला और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अंशिका की हालत गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सुनीता का इलाज अभी जारी है। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस द्वारा पंचनामा भर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

एमजीयूजी में शिविर का हुआ आयोजन, 56 लोगों ने किया रक्तदान

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर एमजीयूजी के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय के तत्वावधान में स्वस्थ नारीङ्कसशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के सहयोग से शुक्रवार को रक्तदान शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय में किया गया। इस अवसर पर 56 लोगों ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ एमजीयूजी के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय के निदेशक डॉ. हरिओम, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा और गुरु गोरखनाथ ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। रक्तदान से पूर्व2 सभी प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में कुल 152 सदस्यों ने पंजीकरण कराया तथा उनमें से 56 सदस्यों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले प्रमुख लोगों में कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, डॉ. रोहित श्रीवास्तव, डॉ. दीपू मनोहर, अभिनव सिंह राठौर, कविता साहनी रुद्र प्रताप, प्रिंस, सिद्धार्थ, जया, वंदना, अंबालिका प्रजापति, रजनी, अनुष्का, स्वाति, वैभव, अभिनव सिंह,प्रियांशी, सत्यम, रामसागर यादव, प्रियांशी गुप्ता, मंदीप आदि शामिल रहे।

चोरी व नकबजनी की घटना का पर्दाफाश, तीन शातिर चोर दबोचे गए

- अभियुक्तों के पास चोरी की दो लाख का आभूषण व 15 हजार नगदी बरामद

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। गांवों और मोहल्लों में घुमकर महिलाओं के टूटे और उतरे हुए बाल खरीदने की आड़ में रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा स्वीकार किया गया कि करीब बारह दिन पूर्व जटहां बाजार थाना क्षेत्र में हुई चोरी व नकबजनी की घटना हम लोग शामिल थे। पुलिस चोरों के पास से लगभग 2 लाख के आभूषण व 15 हजार रुपए नगद बरामद कर तीनों को जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार जटहां बाजार पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र से पिछले 13/14 सितंबर 2025 की रात्रि में हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों सनी नट पुत्र चांद मोहम्मद, मुबारक नट पुत्र फारुख व भोलू पुत्र अमीन निवासीगण ग्राम जरार थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के पास से चोरी गये अनुमानित कीमत 2 लाख रुपए के सामान की बरामदगी की गई है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया गया कि वे गांवों और मोहल्लों में घूम-घूमकर महिलाओं के टूटे हुए या उतरे हुए बाल खरीदने का कार्य करते हैं। इस कार्य के दौरान, वे घरों का निरीक्षण (रेकी) करते हैं, जिसमें घर की संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र करते हैं। इस जानकारी का उपयोग कर वे रात्रि के समय सुनियोजित ढंग से चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं।

पुलिस गिरफ्त में तीनों शातिर चोर व बरामद समान

भारी मात्रा में चोरी के आभूषण बरामद : पुलिस अभियुक्तों के पास से करीब दो लाख रुपए का आभूषण बरामद किया है जिसमें 15 हजार रुपए नगद, 5 जोडी पायल सफेद धातु, 1 जोड़ी पाजेब सफेद धातु, 4 अदद बिछिया लरीदार सफेद धातु, 2 जोडी हाथ पलानी सफेद धातु, 3 मीना सफेद धातु, 1 ब्रेसलेट टूटा सफेद धातु, 6 सिक्का सफेद धातु (पुराना), 1 मंगलसूत्र पीली धातु का लॉकेट लगा हुआ, 1 जोडी कान का टप्स पीली धातु, 2 झुमका पीली धातु, 3 अदद मोबाईल फोन व चोरी करने का उपकरण हथौड़ा, प्लायर आदि बरामद की गई है।

लग्जरी कार से बिहार ले जाई जा रही 10 पेटी अवैध शराब बरामद

कुशीनगर। लग्जरी कार से बिहार प्रांत में तस्करी को ले जाई जा रही 10 पेटी अवैध देशी शराब के साथ पुलिस ने दो तस्करों को पकड़ा है। बता दें कि अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बीती रात्रि थाना तरया सुजान पुलिस द्वारा अभियुक्तों रवि कुमार पुत्र परमानन्द गुप्ता व मनीष राज पुत्र परमानन्द गुप्ता निवासीगण रामनरेश नगर वार्ड नंबर 10 थाना टाउन गोपालगंज जनपद गोपालगंज राज्य बिहार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक कार मारुती सुजुकी फ्रोंक्स से ले जाई जा रही कुल 10 पेटी बंटी बबली अवैध देशी शराब बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

रात में ड्रोन उड़ने से दहशत, ग्रामीण रातभर दे रहे पहरा

- मथौली में पिछले दो दिन से रात में लगातार उड़ रही ड्रोन
- महिलाएं भी बाहर निकलने से डर रही है

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में देर रात ड्रोन उड़ने की अफवाह से गांव के लोग दहशत में है। रातभर ग्रामीण पहरा दे रहे है। रात में ड्रोन उड़ने के पीछे क्या राज है, अभी तक इसपर कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया है। हालांकि कुछ समय बाद ड्रोन अचानक गायब भी हो जा रहा है। लेकिन पुलिस प्रशासन इस अफवाह बता रही है।

बता दें कि एक माह पूर्व कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मलुकहीं, सेमरा गांव में भी रात में ड्रोन उड़ने की चर्चा जोरों पर थी। ग्रामीण रात में जागकर इसका पता लगाने की कोशिश किए के लेकिन कुछ पता नहीं लगा पाया। इसी तरह नगर पंचायत मथौली, लोहेपार, बहुआस, फर्दहां सहित हाटा कोतवाली क्षेत्र के अथरहां व जनपद के कई हिस्सों में देर रात तक ड्रोन उड़ाए जाने की अफवाह शोशल मीडिया वॉयरल हो रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि ड्रोन की रोशनी रात में लगातार दिखाई दे रही है, जिससे उन्हें अपने घरों की छतों पर रातभर पहरा देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ड्रोन कहां से संचालित हो रहा है, इसकी कौन मॉनिटरिंग कर रहा है, केवल रात में ही क्यों ड्रोन उड़ रहा है, ऐसे तमाम सवाल लोगों के जेहन में पैदा हो रहा है। मुडीला हरपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व जिला पंचायत पद के प्रत्याशी रणधीर राव उर्फ बुल्लू बाबू ने बताया कि हाटा कोतवाली क्षेत्र के मुडीला हरपुर, सिकटिया, गड़ेरीपट्टी, बनटोलवा में भी कई दिनों से रात में ड्रोन उड़ाया जा रहा है। इन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से लिखकर उक्त ड्रोन की जांच कराने के लिए डीएम व एसपी से मांग किया है। अथरहां निवासी व्यास मुनि मिश्र ने भी बताया कि रात में ड्रोन उड़ने से काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ही तुर्कहां निवासी शेषमणि साहनी ने बताया कि रात 11:34 बजे पांच ड्रोन उड़ते देखा गया।

यह अफवाह है, अफवाह फैलाने वालों पर दर्ज होगा मुकदमा

रात में ड्रोन उड़ने के संबंध में थानाध्यक्ष कप्तानगंज चंद्रभूषण प्रजापति से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ये सब अफवाह है, नया नियम आया है, अफवाल फैलाने या गलत सूचना देने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जायेगा। ड्रोन किसके पास है, ड्रोन की क्षमता एक से डेढ़ किमी होती है। लाइट भाग जाने पर रात में सितारे दिखाई दे रहे हैं, उसे ही लोग ड्रोन समझ रहे है।

नवागत थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुनील वर्मा ने संभाला कार्यभार

अवधनामा संवाददाता

तमकुहीराज, कुशीनगर। तमकुहीराज थाने के नवागत थानाध्यक्ष सुनील वर्मा पदभार संभालते ही उन्होंने साफ लहजे में कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना होगी। साथ ही उन्होंने अपराध और तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ बिना किसी दबाव के कठोर कार्रवाई करने का ऐलान किया है।

सुनील वर्मा ने कार्यभार संभालने के दूसरे दिन कहा कि थाने की जिम्मेदारी एक बड़ी चुनौती होती है, लेकिन जनता के सहयोग और पुलिस टीम के सामूहिक प्रयास से क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाने की दिशा में हर संभव कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आम जनता की शिकायतों पर तुरंत सुनवाई और कार्रवाई होगी ताकि लोगों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो। शराब और पशु तस्करी पर सख्त नजर रहेगा, सीमा से लगे इस क्षेत्र में शराब और पशु तस्करी लंबे समय से बड़ी समस्या रही है। उन्होंने साफ कहा कि अब ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए विशेष टीम बनाई जाएगी जो लगातार छापेमारी कर तस्करों को चिन्हित करेगी। उन्होंने आगे कहा कि पशु तस्करी से जुड़े लोगों की सूची तैयार की जा रही है। और बहुत जल्द उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। इसी तरह, शराब तस्करी में लिप्त गिरोहों पर भी नकेल कसने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्रहित में जरूरी : शशांक मणि

देवरिया। शुक्रवार, बाबा राघव दास पी जी कॉलेज देवरिया में एक राष्ट एक चुनाव पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि एक देश एक चुनाव राष्ट्रहित अति आवश्यक है ।

उन्होंने कहा कि एक देश-एक चुनाव कराने से केंद्र के राजकोष की बचत होगी। क्योंकि, हर पांच साल में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनावों का भी आयोजन किया जाता है। वहीं, देश में हर साल अलग-अलग समय पर विधासनभा चुनाव होते हैं। इसकी जिम्मेदारी भारतीय निर्वाचन आयोग की होती है। एक ही समय पर चुनाव होने पर राजकोष की बचत होगी। इस दौरान भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह आजाद, डा राधेश्याम शुक्ला, दिवाकर मिश्रा, डा विद्यासागर चतुर्वेदी, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य और अध्यापक गण उपस्थित रहे।

कुशीनगर एयरपोर्ट पर गृहमंत्री अमित शाह का हुआ स्वागत

अमित शाह का स्वागत करते सांसद विजय कुमार दुबे

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। देश के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को आगमन हुआ, जहां सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, विधायकगण, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी सहित अन्य जन प्रतिनिधि गणों द्वारा स्वागत किया। यहां से गृह मंत्री बिहार के लिए प्रस्थान किए।

गृह मंत्री अमित शाह बिहार जाने के लिए कुशीनगर एयरपोर्ट पर पर पहुंचे तो पार्टी के नेता और जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। इसी क्रम में विधायक पीएन पाठक ने एयरपोर्ट पर उनको बुद्ध की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने पिट थपथपाया। बता दें कि देश के गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता से सीधे कुशीनगर एयरपोर्ट पर पहुंचे बिहार में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एयरपोर्ट पर जिले के जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जमकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक पीएन पाठक ने गृह मंत्री अमित शाह को बुद्ध प्रतिमा देकर सम्मानित किया।

थाना समाधान दिवस हेतु अक्टूबर से दिसंबर तक रोस्टर जारी

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा जन समस्याओं को निराकरण हेतु प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे के मध्य थाना दिवस/समाधान दिवस का आयोजन किए जाने संबंधी रोस्टर जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले समाधान दिवस थाना दिवस माह अक्टूबर, 2025 से दिसंबर, 2025 तक का समाधान दिवस का रोस्टर तैयार किया गया है, समाधान दिवस/थाना दिवस पर थाना कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी राजस्व थानों के राजस्व चकबन्दी विभाग के कर्मचारी, पुलिस विभाग के सभी निरीक्षक व उप निरीक्षक, विकास विभागों व विद्युत विभाग एवं नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका/नगर पंचायत से सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सभी विभागों के सम्बन्धित अधिकारी थाना दिवस प्रारम्भ होने के समय प्रातः 10 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित हो जायेगें। थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का समाधान यथा सम्भव उसी दिन मौके पर संयुक्त टीम भेजकर सुनिश्चित करा लिया जायेगा। 11 अक्टूबर को पडरौना सदर थाना हेतु तहसीलदार पडरौना, जटहा बाजार हेतु नायब तहसीलदार पडरौना, कुबेर स्थान हेतु एसडीएम पडरौना एवं क्षेत्राधिकारी पडरौना, रविंद्रनगर थाना हेतु चकबंदी अधिकारी पडरौना व संबंधित थाना अध्यक्ष को, थाना कसया हेतु नायब तहसीलदार कसया, थाना चौरा खास हेतु एसडीएम कसया, थाना हाटा हेतु तहसीलदार हाटा, थाना अहिरौली बाजार हेतु एसडीएम हाटा, थाना खड्डा हेतु एसडीएम खड्डा, थाना हनुमानगंज हेतु तहसीलदार खड्डा, थाना नेबुआ नौरंगिया हेतु नायब तहसीलदार खड्डा, थाना तरयासुजान हेतु तहसीलदार तमकुहीराज, थाना पटहेरवा हेतु नायब तहसीलदार तमकुहीराज, थाना सेवरही हेतु चकबंदी अधिकारी कसया, थाना विशुनपुरा हेतु बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, थाना बरवापट्टी हेतु संबंधित राजस्व निरीक्षक, थाना तमकुहीराज हेतु एसडीएम तमकुहीराज एवं क्षेत्राधिकार तमकुही राज, थाना तुर्कपट्टी हेतु सहायक आयुक्त स्टांप एवं संबंधित थाना अध्यक्ष, थाना कप्तानगंज हेतु उप जिलाधिकारी कप्तानगंज एवं क्षेत्राधिकार खड्डा, थाना रामकोला हेतु तहसीलदार कप्तानगंज व संबंधित थाना अध्यक्ष को प्रत्येक थाने पर थानावार नामित किया जाता है। इसी प्रकार दिनांक 25 अक्टूबर, 08 नवंबर, 22 नवंबर, 13 दिसंबर, 27 दिसंबर, हेतु थाना वार उप जिलाधिकारी, चकबंदी अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहायक आयुक्त स्टांप, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, चकबंदी अधिकारी व संबंधित राजस्व निरीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी व थाना अध्यक्ष को थानावार नामित किया गया है।

कुशीनगर में फूल तोड़ने गई लड़की से छेड़खानी, विरोध पर मनबढ़ ने सिर पर फावड़े से किया हमला

- रामकोला थाना क्षेत्र का मामला सहेली ने की बीच बचाव

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिले में शुक्रवार की भोर में सहेली के साथ फूल तोड़ने गई एक लड़की से एक लड़के ने छेड़खानी की। लड़की ने इसका विरोध किया तो मनबढ़ लड़का फावड़ा लेकर आया और लड़की के सिर पर दे मारा। लहूलुहान लड़की के सिर पर वह दूसरा वार करने ही वाला था लेकिन तभी लड़की की सहेली ने हिम्मत दिखाते हुए फावड़ा पकड़ लिया और चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुनकर आसपास के घरों से लोग दौड़े तो मनबढ़ लड़का फावड़ा छोड़कर फरार हो गए। गांव वालों ने घायल लड़की को आनन-फानन में रामकोला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर पहुंचाया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद पड़रौना मेडिकल कॉलेज ले गए। बाद में डॉक्टरों ने उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

यह घटना, कुशीनगर के रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव की है। लड़की की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा के लिए 21 वर्षीय एक लड़की अपनी 18 वर्षीय सहेली के साथ शुक्रवार की भोर में करीब चार बजे गांव में एक व्यक्ति की फुलवारी में फूल तोड़ने गई थी। इसी बीच गांव का ही 19 साल का एक लड़का वहां पहुंचा और छेड़खानी करने लगा। दोनों लड़कियों ने उसे डांट कर भगा दिया। इसके चंद मिनटों बाद ही वह फावड़ा लेकर पहुंचा और एक लड़की के सिर पर वार कर दिया। वह दूसरा वार करने ही वाला था कि इससे पहले उसकी सहेली ने बहादुरी दिखाते हुए पीछे मुड़कर उसे रोका और फावड़ा पकड़ लिया। सहेली चिल्लाने लगी। उसका शोर सुनकर आस-पास के घरों से लोग दौड़े तो मनबढ़ फावड़ा छोड़ कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और घायल युवती को लेकर रामकोला सीएचसी और उसके बाद पड़रौना मेडिकल कॉलेज ले गए। पडरौना मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

बन्दियों के विधिक अधिकारों का न हो हनन : न्यायाधीश

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में योजित रिट याचिका (सिविल) संख्या-1404/2023 सुकन्या सान्था बनाम भारत संघ व अन्य में पारित निर्णय/आदेश के निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश राम मिलन सिंह के अध्यक्षता में सचिव /अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी एवं बोर्ड ऑफ विजिटर के सदस्य मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , मंजू कुमारी, अपर जिलाधिकारी, प्रशासन देवरिया जैनेन्द्र सिंह , अपर पुलिस अधीक्षक, सुनील कुमार सिंह ,मुख्य चिकित्साधिकारी, तथा अधीशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग के द्वारा जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण किया गया।

जनपद न्यायाधीश राम मिलन सिंह द्वारा कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने महिला कैदियों के साथ रह रहें उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने जिला कारागार में नियुक्त पराविधिक स्वंय सेवको को कारागार लीगल क्लीनिक के प्रपत्रों को व्यवस्थित करने तथा बन्दियो के विधिक अधिकार का हनन ना हो उसके लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। बोर्ड ऑफ विजिटर द्वारा जिला कारागार देवरिया में बैरकों, पाकशाला,चिकित्सालय, में निरंतर स्वच्छता बनायें रखने पर जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान बोर्ड ऑफ विजीटर्स द्वारा बन्दियों से पूछा गया कि उनके साथ जातिगत या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव तो नहीं किया जाता, जिस पर सभी बन्दियों ने एक स्वर में जातिगत या धर्म के आधार पर भेदभाव से इन्कार किया । समिति द्वारा कारागार के बैरक में निरूद्ध बंदी भोला मिश्र को विधिक सहायता व महिला बंदी ममता को दवा की व्यवस्था कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा कारागार के पी0एल0वी को बन्दियों के समस्याओं को चिन्हित करके आवश्यक सुझाव तथा वृद्ध बंदियों एवं असाध्य रूप से बीमार बंदियों के विधिक अधिकार हेतु कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

डीएम एवं एसपी देवरिया द्वारा मूर्ति विसर्जन घाटों का किया गया निरीक्षण

देवरिया। आगामी दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन को लेकर जनपद प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा थाना रुद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत सेमरौना पुल के समीप स्थित बथुआ रिवर फ्रंट एवं थाना बरहज क्षेत्र के कपरवार घाट एवं थाना मईल के भागलपुर घाट का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विसर्जन घाटों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, जल पुलिस की तैनाती तथा आपात स्थिति से निपटने हेतु रेस्क्यू टीम की उपलब्धता आदि बिंदुओं पर गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और सभी तैयारियों को समयबद्ध व सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा कि भारी भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए।

मेडिकल साइंस में फार्मासिस्ट का महत्वपूर्ण योगदान है

अवधनामा संवाददाता

कप्तानगंज, कुशीनगर। नगर स्थित जेपी फार्मेसी कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकीय पॉलिटेक्निक कुशीनगर के प्रधानाचार्य प्रेमचंद गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण के साथ हुआ कार्यक्रम में फार्मेसी की पढ़ाई कर रहे बच्चों ने विभिन्न थीम पर आधारित रंगोली भी बनाई थी जो देखने में बहुत आकर्षक और वैश्विक स्वास्थ्य के संदेश को प्रसारित कर रही थी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद गुप्ता ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण कड़ी फार्मासिस्ट होते हैं। फार्मासिस्टों के ही कंधों पर मेडिकल साइंस की सफलता आश्रित है। किसी भी फार्मासिस्ट की जिम्मेदारी बनती है कि वह मरीज तक डॉक्टर के द्वारा सुझाए गए सही औषधी को निर्देश के अनुसार पहुंचाए। विशिष्ट अतिथि डॉ विश्वामित्र भट्ट ने कहा कि राष्ट के स्वास्थ्य के लिए फार्मासिस्ट का महत्वपूर्ण योगदान है। फार्मासिस्ट को नैतिकता पर ध्यान देना चाहिए जिससे वह समाज को सुरक्षित चिकित्सा मुहैया कराने में भूमिका निभा सके।

संघर्ष और त्याग की प्रतिमूर्ति थे मान्यवर कांशीराम : सर्वेन्द्र

- मुख्य मंडल प्रभारी ने नौ अक्टूबर की रैली को लेकर अमेठी और गौरीगंज में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। बहुजन समाज पार्टी के मुख्य मंडल प्रभारी सर्वेन्द्र अम्बेडकर ने शुक्रवार को अमेठी और गौरीगंज में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर नौ अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित रैली की अब की तैयारियों की समीक्षा की। रैली के पार्टी पदाधिकारियों को गांव गांव प्रचार अभियान तेज करने और प्रत्येक पोलिंग बूथ से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को लखनऊ ले जाने के लिए चार पहिया वाहनों और बसों की बुकिंग करने के निर्देश दिए।

मुख्य मंडल प्रभारी सर्वेन्द्र अम्बेडकर ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब संघर्ष और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने छोटे साधनों का बड़े पैमाने पर प्रयोग करने का तरीका सिखाया और चालीस साल के राजनीतिक संघर्ष के बल पर बहुजन समाज को हुक्मरान समाज की लाइन में खड़ा करने का महान काम किया है।

मंडल प्रभारी अमेठी शिवराम और जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने श्री अम्बेडकर को विधानसभावार वाहनों की संख्या के बारे में जानकारी दी। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमेठी विधानसभा? के अड़तीस सेक्टरों में 125, गौरीगंज के 38सेक्टरों में 98, तिलोई के 38सेक्टरों में 92और जगदीशपुर के 40सेक्टरों में 120चार पहिया वाहन विधानसभा और सेक्टर कमेटियों की ओर से बुक किए गए हैं।

जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने कहा कि सेक्टर वार बैठकों का क्रम जारी है। अमेठी, तिलोई , गौरीगंज और जगदीशपुर से ट्रेन से भी सैकड़ों कार्यकर्ता लखनऊ जायेंगे।

जिला प्रभारी नन्हे सिंह चौहान, अरूण कुमार गौतम, विधानसभा प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, जिला सचिव सरवन यादव,शमशेर बौद्ध विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, धर्मराज कोरी , सेक्टर प्रभारी राम शंकर दानी, रामशंकर, जिया लाल बौद्ध, दयाराम गौतम, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

रैली के लिए प्रमुख निर्देश

- जिनकी गोद में तीन साल से कम का बच्चा है, उन महिलाओं को रैली में नहीं ले जाना है।
- गंभीर रूप से बीमार और बुजुर्ग लोगों को भी रैली में नहीं ले जाना है।
- सभी पदाधिकारी और नेता जिस समूह के साथ रैली में जायेंगे, कार्यक्रम स्थल पर उसी समूह के साथ बैठेंगे। समूह को साथ लेकर जायेंगे और साथ ही वापस आयेंगे।
- वाहनों का नम्बर, ड्राइवर का नाम और मोबाइल नंबर लिखकर विधानसभा अध्यक्ष जिला अध्यक्ष को सूची यथाशीघ्र उपलब्ध करा दें।

पोषण माह-मेंहदी प्रतियोगिता और पी टी एम का आयोजन हुआ

अवधनामा संवाददाता, अमेठी। पोषण माह 2025 के अंतर्गत जनपद अमेठी के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर दूसरे सप्ताह में जागरूकता से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता रैली, लर्निंग कार्नर, गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न हुए।

गौरीगंज परियोजना कार्यालय में ईसीसीई (प्री-प्राइमरी) पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सीडीपीओ संतोष कुमार गुप्ता एवं रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शाहगढ़ ब्लॉक के शाहगढ़-1 आंगनबाड़ी केंद्र पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें गर्भवती, धात्री एवं 3-6 आयु वर्ग के बच्चों की माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं भेटुआ ब्लॉक के करारी लक्षण शाह आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों का वजन (स्टंटिंग सत्यापन) और पीटीएम का आयोजन किया गया।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

गौरीगंज, अमेठी। शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय पर जनपद आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री एवं अमेठी जिले के प्रभारी शंकर गिरी उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी अमेठी के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला द्वारा की गई। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के विकास को गति देना,स्थानीय नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करना तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा।

मुख्य अतिथि शंकर गिरी ने आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं—जैसे पीएम स्वरोजगार योजना,स्टार्टअप इंडिया, स्किल डेवलपमेंट मिशन आदि पर प्रकाश डाला।उन्होंने युवाओं, किसानों, महिला उद्यमियों और शिल्पकारों को विशेष रूप से प्रेरित किया कि वे इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हों।

जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला जी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हर भारतवासी का संकल्प है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर आम जनता को इस अभियान से जोड़ें और उन्हें जागरूक करें। कार्यशाला में जिले के प्रमुख रूप से अभियान के संयोजक जिला मंत्री मनोज जायसवाल अभियान के सहसंयोजक मनोज तिवारी धर्मेंद्र गिरी अजय द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

नमामि गंगे अंतर्गत पन्ना घाट पर हुआ श्रमदान व सम्मान कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत जिला गंगा समिति शाहजहांपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान पन्ना घाट पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी चित्रा निर्वाल, विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी आर0 पी0 राणा, मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, क्षेत्रीय वनाधिकारी वीरेश राव, लोक भारती संयोजक नदी एवं जल संजय त्रिपाठी ने स्वच्छता व श्रमदान कर किया। स्वच्छता श्रमदान अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय जेवा, संविलियन विद्यालय बिल्सड़ी खुर्द, लोक भारती की टीम, वन विभाग की टीम, मेरा युवा भारत के स्वयंसेवी, जिला पंचायती राज विभाग के सफाई नायक आदि ने मिलकर स्वच्छ घाट व हरित घाट के नारों के साथ साफ सफाई की। वन विभाग द्वारा सेवा पर्व एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत मुख्य अतिथि व विद्यालय के बच्चों द्वारा पौधारोपण किया गया। आयोजक जिला परियोजना अधिकारी डा0 विनय कुमार सक्सेना ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराई जिसमें मंजीत, विविध, दीपांशु, निहाल, अनन्या शर्मा विजई रहे जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालीय छात्र छात्राओं अंतर्गत स्काउट गाइड की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया, साथ ही नमामि गंगे विषयक रंगोली बनाई। उक्त विधा में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने भारत सरकार द्वारा नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत स्कूली बच्चों को इस तरह के कार्यक्रम से जोड़ने के प्रयास की सराहना की व शैक्षणिक अवस्था से ही स्वच्छता के प्रति सजग रहने का सभी को संदेश दिया साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को गंगा स्वच्छता शपथ ग्रहण करवाते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया। विशिष्ट अतिथि जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने जागरूकता पर जोर देते हुए सभी को नदी संरक्षण हेतु जागरूक किया व विकसित भारत अंतर्गत हो रही क्विज प्रतियोगिता हेतु जागरूक किया। लोक भारती संयोजक नदी एवं जल राजीव सिंह ने नदियों के साथ जुड़ने व जागरूकता अभियान पर विशेष बल देते हुए कहा कि नदियां हमारी जीवन दायिनी है जिनका संरक्षण हमारा दायित्व है। इस पुनीत अवसर पर जिला गंगा समिति द्वारा भैंसी नदी पुनरुद्धार हेतु सेवारत पन्ना घाट के लोक भारती कार्यकर्ता संजय त्रिपाठी, राजीव सिंह, अंबिका प्रसाद, आलोक मिश्रा, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, अधीर त्रिवेदी, अरविंद मिश्रा, प्रमोद सिंह, उदयराज सिंह, प्रेम शंकर बाजपेई, मुदित मिश्रा, स्वामी रुद्र देवानंद को नदी रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक जिला परियोजना अधिकारी एवं लोक भारती कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत त्रिपाठी द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए सम्मानित किया। विशेष सहयोग आलोक मिश्रा, हिमांशु सक्सेना, संजीव कुमार, अध्यापिका पल्लवी आदि का रहा।

नामकरण संस्कार में प्रधान को नहीं दी दावत तो मार दी गोली

शाहजहांपुर। जिले में बच्चे के नामकरण संस्कार में गांव के प्रधान को आमंत्रित न करने पर प्रधान ने आकर फायरिंग शुरू कर दी जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई घटना से गुस्साए परिजनों ने प्रधान को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी गंभीर हालत में प्रधान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने बताया की थाना तिलहर के मोहनपुर में अवनीश कुमार (23) के यहां पुत्र का जन्म हुआ था इसके उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार रात में उनके यहां भोज का कार्यक्रम चल रहा था इस कार्यक्रम में अवनीश ने गांव के प्रधान को आमंत्रित नहीं किया था जिसके चलते बृहस्पतिवार देर रात प्रधान ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर फायरिंग कर दी। उन्होंने बताया कि हादसे में अवनीश के गोली लग गई जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया वहीं पर जिन्होंने आरोपी ग्राम प्रधान को मौके पर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की जिसके चलते प्रधान को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। द्विवेदी ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्राम प्रधान सुखदेव 48 को हिरासत में ले लिया वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है एवं हत्या में प्रयुक्त अवैध तमंचा की भी पुलिस तलाश कर रही है।

डीआईयू कर्मी हताश, सरकार पर बड़ा सवाल

- सात साल से मानदेय में 1 रुपये की बढ़ोतरी नही
- ना ही अब तक बनी कोई मानव संसाधन नीति
- जिला प्रशासन के माध्यम से सीएम योगी को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने कागज़ों पर सरकार को वाहवाही दिलाई, उत्तर प्रदेश को नंबर-वन बना दिया, लेकिन हकीकत ये है कि इस योजना को ज़मीनी स्तर पर सफल बनाने वाले जिला कार्यान्वयन इकाई कर्मी खुद अपनी ही जिंदगी में बीमार हालत में हैं। 2018 से अब तक सात साल गुजर गए, लेकिन इन कर्मियों के मानदेय में 1 रुपये की भी बढ़ोतरी नहीं हुई! न वेतनमान, न बोनस, न भविष्य की सुरक्षा। जबकि कार्ड बनवाने, इलाज सुनिश्चित कराने, शिकायत निस्तारण, प्रचार-प्रसार, कैशलेस योजना और औषधि केंद्र चलाने तक का सारा बोझ इन्हीं पर है। गौरव तिवारी व दुर्गेश नंदन ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कर्मियों ने साफ लिखा है की 23 सितंबर को योजना 8वें वर्ष में प्रवेश कर रही है, लेकिन कर्मियों की हालत पहली सीढ़ी से भी नीचे है। बार-बार अधिकारियों से गुहार लगी, मगर सुनवाई नहीं हुई। अब वे मजबूर हैं कि सीधे सरकार को आईना दिखाएं। कर्मियों ने मानदेय वृद्धि, एरियर और लॉयल्टी बोनस की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर अब भी सुनवाई नहीं हुई, तो आंदोलन ही उनका आखिरी सहारा होगा।

हत्यारोपी ने न्यायालय में किया सरेंडर

- 10 अगस्त को हुए नवनीत कोरी हत्याकांड का मामला

अवधनामा संवाददाता

कुड़वार/सुल्तानपुर। बहन के प्रेम प्रसंग के चलते गांव निवासी युवक की गोली मारकर हत्या करने के मुख्य आरोपी ने पुलिस को चकमा देकर न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया।

जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बता दे कि बीते 10 अगस्त को शौच के लिए निकले चेरी मिश्र का पुरवा भंडरा परशुरामपुर गांव निवासी नवनीत कोरी(20) पुत्र शिवलाल की गांव के बाहर खेत में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। क्योंकि हत्या के पूर्व आरोपी रजनीश कोरी की बहन को नवनीत भगा ले गया था। इसी रंजिश को लेकर आरोपी ने घटना को अंजाम दे डाला था। मामले में पुलिस ने मृतक के भाई आनंद की तहरीर पर बाप बेटे के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पूर्व हत्या की धमकी देने व साजिश करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी के पिता शिवलाल को जेल भेज दिया था। जबकि मुख्य आरोपी रजनीश कोरी पुलिस की पकड़ से दूर रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने नात रिश्तेदारो सहित जंगल जंगल छान मारा। लेकिन सफलता नहीं मिली। शुक्रवार को मुख्य आरोपी रजनीश कोरी ने पुलिस को चकमा देते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आत्म समर्पण कर दिया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। हालांकि मामले में मुख्य आरोपी के सरेंडर करने के बाद पुलिस रिमांड का प्रयास करेगी क्योंकि अभी तक पुलिस ने हत्याकांड में उपयोग हुए असलहे को बरामद नहीं कर पाई है।

मतदेयस्थलों की जांच आख्या की बैठक पूर्ण

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सत्यापन संबंधितों से कराकर सत्यापन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की जांच कर जांच आख्या सम्बन्धित उप जिलाधिकायों ने जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करायी गयी है। उक्त मतदेय स्थलों की जांच आख्या के आधार पर जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी अध्यक्षता में एक बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी।

जिला खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त ने दी नोटिस

अवधनामा संवाददाता

खबर का असर

- तीन दिन मे मांगा स्पष्टीकरण
- दोनो पूर्व विभागीय कर्मचारियों द्वारा विभाग की छवि धूमिल करने का आरोप , तीन दिन मे लिखित जवाब अन्यथा पेंशन रोकने के पेशकस

बाँदा। दैनिक समाचार पत्र में 24 सितम्बर 2025 को प्रकाशित खबर ÷डीओ भी पैसा लेते हैं, नये हैं सिस्टम बन जायेगा, दस हजार भेज दीजिये÷ को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया है। विभाग ने इसे प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा विभाग की छवि धूमिल करने का प्रयास करार देते हुए शासन की मंशा के विपरीत बताया। सहायक आयुक्त (खाद्य) जय प्रकाश तिवारी ने स्पष्ट किया कि खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन और पारदर्शी है। कोई भी व्यापारी स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। न तो कार्यालय में आने की आवश्यकता है और न ही विभागीय अधिकारी बुलाते हैं। आवेदन करने पर खाद्य लाइसेंस /पंजीकरण का नवीनीकरण स्वतः जारी हो जाता है। विभाग ने बताया कि प्राप्त शिकायतों को देखते हुए पहले भी तहसील अतर्रा (17 सितम्बर) और तहसील बबेरू (24 सितम्बर) में व्यापार मण्डल एवं व्यापारियों के साथ बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में व्यापारियों को यह अवगत कराया गया कि खाद्य लाइसेंस/पंजीकरण हेतु किसी भी बिचौलिये का सहारा न लें। विभाग ने यह भी जानकारी दी कि खाद्य पंजीकरण शुल्क मात्र 100 रुपये प्रतिवर्ष, लाइसेंस शुल्क 2000 रुपये प्रतिवर्ष है, जबकि हॉकर (ठेला, फेरी, खुमचा) के लिए पंजीकरण निःशुल्क है। यदि कोई व्यक्ति लाइसेंस /पंजीकरण या सैम्पलिंग के नाम पर धनराशि की मांग करता है तो तत्काल विभाग से संपर्क कर लिखित शिकायत दें। विभाग द्वारा दोषी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

दो दिवसीय किसान मेला आयोजित

फिरोजाबाद। विकास भवन स्थित उद्यान विभाग के प्रांगण में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत जनपद स्तरीय मिलिट्स एवं दो दिवसीय किसान मेंले का आयोजन किया जा रहा है, इस मेले का उद्देश्य आमजन के बीच मोटे अनाज को प्रोत्साहित करना, स्वदेशी को बढ़ावा देना, साथ ही साथ माननीय प्रधानमंत्री के वीजन स्वदेशी को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित कर अपने देश में आत्मनिर्भरता का ठोस आधार तैयार करना, प्रधानमंत्री ने स्वदेशी को आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से पुनर्जीवित किया, जिससे स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दी जा सके और विदेशी निर्भरता को कम किया जा सके। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित स्टॉल लगाए गए, इन इन स्टॉलों में उन वस्तुओं को अधिक प्राथमिकता दी गई है, जिन्हें जनपद के किसानों, महिलाओं, मजदूरों ने मिलकर बनाया है, खासकर इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाया गया स्टॉल अत्यंत प्रशंसनीय और चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि इसमें महिलाओं ने हस्तनिर्मित सामानों को बेहतरीन ढंग से अपनी प्रतिभा को एक नए रूप में सजोया है।

भिन्न-भिन्न प्रतियोगितायें की जाएंगी आयोजित

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग (वी.बी.वाई.एल.डी.) 2026 के अन्तर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन के विषय में एक बैठक आयोजित की गयी। उपर्युक्त विषयक महानिदेशालय के पत्र 11-09-2025 द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के कम में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यकम विभाग, भारत सरकार द्वारा 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन जनवरी, 2026 में नई दिल्ली में निम्नवत 04 ट्रैक में में किया जायेगा। कल्चरल एवं इनोवेशन ट्रैक, विकसित भारत चौलेन्ज ट्रैक, डिजाइन फार भारत ट्रैक, हैक फॉर सोशल इश्यूज हैं। युवा कार्यकम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कल्चरल एवं इनोवेशन ट्रैक एवं विकसित भारत चैलेन्ज ट्रैक का विस्तृतविवरण विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग (वी.बी.वाई. एल.डी.), 2026 के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है। तत्कम में सांस्कृतिक एवं इनोवेशन ट्रैक का आयोजन जनपद स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग कराये जाने हेतु जनपद के कलाकारों को आमंत्रित कर एक दिवसीय प्रतियोगिता 01 सितम्बर से 31 अक्टूबर, 2025 के मध्य आयोजित कराई जायेगी, जिसमें 1-डिकलेगेशन, 2 कहानी लेखन, 3-पेटिंग, 4-लोकनृत्य (समूह), 5-लोकगीत (समूह), 6-कविता लेखन 7-इन्वोवेशन (साइंस मेला प्रदर्शनी) कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे। समूह के अन्तर्गत लोकगीत एवं लोकनृत्य में एक टीम में अधिकतम संख्या 10 होगी। साइंस मेला प्रदशनी में एक टीम में अधिकतम संख्या 05 होगी। जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना होगा। प्रतियोगिताओं का आयोजन जनपद स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक कराया जायेगा। जनपद स्तर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 17 अक्टूबर 2025 में कराया जाना प्रस्तावित है। साइंस मेला में न्यूनतम 10 टीमों द्वारा प्रतिभाग कराया जायेगा।

ड्रोन दिखने से फैली दहशत, पुलिस ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

सुल्तानपुर। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बीते पंद्रह दिनों से लगातार ड्रोन दिखने की घटनाओं ने लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। गुरुवार रात शहर के चौक और आसपास के मोहल्लों में उड़ते ड्रोन को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने इस ड्रोन का वीडियो सोशल मीडिया पर भी साझा किया। जानकारी के मुताबिक, कोतवाली नगर क्षेत्र के घने सर्राफा बाजार, रामलीला मैदान, मेजरगंज, चौक और घंटाघर के बीच लाल-हरी लाइटों के साथ ड्रोन उड़ते देखा गया। इससे क्षेत्र के व्यापारी और स्थानीय लोग पूरी तरह सहम गए। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम और 112 पर लगातार ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही किसी तरह की दहशत में आएं। एएसपी सिंह ने स्पष्ट किया कि फिलहाल सरकार विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से कई सर्वेक्षण करा रही है, जिनमें ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। संभवतः यह ड्रोन उन्हीं सर्वेक्षणों का हिस्सा हों।

नगर पालिका बैठक में ईओ साफ-सफाई करने के दिए निर्देश

टूंडला (अवधनामा संवाददाता)। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा इसको लेकर नगर पालिका परिषद टूंडला अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर पालिका परिषद टूंडला अधिशासी अधिकारी ने नगर पालिका के नगर क्षेत्र के समस्त वार्डो में विशेष साफ-सफाई रखने के निर्देश सम्बंधित समस्त सफाई नायकों कर्मचारियों को गली मोहल्ले की नालियां या नालो में कहीं पर भी पानी का भाराव न होने पाए और वार्डो में विशेष साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमती फिरोज वनों, अशोक कुमार शर्मा, प्रीति कुमारी, मुकेश कुमार, जसवंत सिंह जादौन, चरन यादव, सुबोध कुमार, राकेश दिवाकर, आशु चक, राजेश अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंह, अजय राज दीक्षित आदि के अलावा अन्य सभासदगण व समस्त सफाई नायक कर्मचारीगण मौजूद रहे।

श्री अन्न महोत्सव का शुभारम्भ

फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)। उद्यान विभाग प्रांगण में श्री अन्न महोत्सव का शुभारम्भ जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0 उदय प्रताप सिंह द्वारा किया गया। श्री अन्न महोत्सव में शिव शंकर शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, उप कृषि निदेशक, गौरव सिन्हा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, प्रमोद कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम, शैलेन्द्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ, आशीष कुमार पाण्डेय, येसिक शिक्षा अधिकारी, डा0 विश्वजीत सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डा0 उमर खॉन, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डा0 ओमकार सिंह यादव, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, डा0 नौशाद आलम वरिष्ठ वैज्ञानिक, डा0 सुभाष चन्द्र शर्मा, से0नि0 कृषि वैज्ञानिक, शिवकान्त पतिया उपस्थित रहे।

डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई ओटीडी सेल की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। बृहस्पतिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में ओटीडी सेल की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वप्रथम जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा ओटीडी सेल से सम्बन्धित जनपद के घरेलू उत्पाद अनुमान के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश की जी.डी.पी. को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने हेतु सभी सम्बन्धित क्षेत्र-प्राथमिक (फसलें, पशुधन, वानिकी, मत्स्य, जलीय कृषि एवं खनन, आदि), द्वितीयक (विनिर्माण, विद्युत, गैस एवं जल सम्पूर्ति व अन्य सेवायें, निर्माण), तृतीयक (व्यापार परिवहन, वित्तीय सेवाये, लोक प्रशासन, आदि) क्षेत्रों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि जनपद की कुल जिला घरेलू सकल उत्पाद वर्ष 2023-24 में रू. 26913 करोड़ है, जो कि प्रदेश में 32वें स्थान पर है। जनपद की प्रति व्यक्ति आय रू. 48264 है, जो कि उत्तर प्रदेश की औसत प्रति व्यक्ति आय रू0 93422 से अत्यधिक कम है। प्राथमिक, द्वितीयक, तृतीयक क्षेत्र में जनपद में लगातार वृद्धि हो रही है।

जिलाधिकारी द्वारा बैठक में निर्देश दिये गये कि प्राथमिक क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग में मक्का, मूंग, उड़द, तिल, उद्यान विभाग के लहसुन, सूखी मिर्च, सब्जी, आलू आदि के उत्पादन में ऋणात्मक प्रगति पर उपनिदेशक कृषि, जिला उद्यान अधिकारी को पुष्टि कर संशोधित डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बन्धित द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्र के डेटा को पुष्टि करते हुए यथा आवश्यक संशोधन करते हुए जिला घरेलू उत्पाद बढ़ाने हेतु सार्थक प्रयास किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सहकारिता, उद्योग, विद्युत, सोलर ऊर्जा, मण्डी, पर्यटन एवं अन्य महत्वपूर्ण सम्बन्धित विभागों को कार्ययोजना बनाकर विकास करने के निर्देश दिये गये। जिससे कि जनपद का जिला सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाया जा सके।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्रा बनी विद्यालय की एक दिन की प्रधानाचार्य



टूंडला (अवधनामा संवाददाता)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्न हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान अंतर्गत जे.वी इंटर कॉलेज अलीनगर कैंजरा फिरोजाबाद के प्रधानाचार्य डॉ.अजीत सिंह द्वारा विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा खुशी यादव को एक दिन के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य पद का दायित्व सौंपा गया तथा शैक्षिक और प्रशासनिक निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया। छात्रा कु. खुशी यादव के प्रधानाचार्य पद पर कार्य ग्रहण करने पर विद्यालय की शिक्षकाओ कंचन शुक्ला वंदना कुमारी, नीतू कुमारी सबा खान द्वारा माल्यार्पण कर सम्मान किया गया इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र कुमार खेल शिक्षक सूर्यकांत बाजपेई तथा जयप्रकाश राजपूत राजीव राम श्री कृष्णा तिवारी विनोद कुमार सिंह एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य बनी छात्रा खुशी यादव ने शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुधार हेतु कई अहम निर्देश दिए, जैसे कि विद्यालय में अनुपालन का कड़ाई से पालन करना विद्यालय परिसर की साफ सफाई की समूचित व्यवस्था करना, छात्र-छात्राओं को समय से आने के लिए विशेष बल दिया जाए,छात्र-छात्राओं को पढ़ने में अत्यधिक मेहनत पर बल दिया जाए आदि निर्देश एक दिन की प्रधानाचार्य बनी छात्रा ने दिए।

डीएम ने वन्यजीव हमले में घायल महिला का जाना हाल

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के महर्षि बालार्क चिकित्सालय पहुंच कर आज दिनांक 26 सितम्बर 2025 को प्रातःकाल वन्य जीव हमले में घायल हुई सावित्री देवी पत्नी हनुमान नि. बलखानपुरवा दा. मंझारा तौकली आयु लगभग 56 वर्ष का कुशल क्षेम पूछा। डीएम श्री त्रिपाठी ने सावित्री देवी के साथ-साथ चिकित्सालय में पूर्व से भर्ती प्रिंस व अंकेश का कुशल क्षेम पूछा तथा मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम.एम. पाण्डेय को निर्देश दिया कि वन्यजीव हमले में घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाय। डॉ. त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को बताया कि वन्य जीव हमले में घायल तीनों भर्ती मरीज़ स्वस्थ हैं।

उल्लेखनीय है कि आज प्रातःकाल वन्यजीव के हमले में सावित्री देवी के अतिरिक्त दयालपुरवा नि. हरिश्चन्द्र पुत्र दुजई आयु लगभग 45 वर्ष भी मामूली रूप से घायल हुए थे। जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज पर प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

फर्जी डिग्री देने वालों पर कार्यवाही को लेकर धरना शुरू

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। एक पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट पर फर्जी डिग्री और मार्कशीट देकर छात्रों से धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। छात्र प्रसंग सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि इंस्टीट्यूट ने उनसे डेढ़ लाख रुपये ठगे हैं। वे अब आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं और इस संबंध में तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन भी किया जा रहा है। बिरसिंहपुर, मोतिगरपुर निवासी प्रसंग सिंह ने बताया कि उन्होंने राम बरन स्नातकोत्तर महाविद्यालय विभारपुर, जयसिंहपुर स्थित एमएस पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट से श्री धर यूनिवर्सिटी, पिलानी, राजस्थान की मार्कशीट और प्रमाण पत्र प्राप्त किए थे। जब उन्होंने यूपी फार्मेसी काउंसिल, लखनऊ में पंजीकरण के लिए आवेदन किया, तो उन्हें पता चला कि उनके दस्तावेज फर्जी हैं। प्रसंग सिंह को तब यह जानकारी हुई कि एमएस पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एक फर्जी संस्था है और वे धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। उन्होंने संस्था के प्रबंधक अजय कुमार सिंह, प्रशासक संजय सिंह, डायरेक्टर अमर सिंह और बड़े बाबू प्रज्जवल मिश्रा से संपर्क किया। प्रसंग सिंह के अनुसार, संजय सिंह ने उन्हें धमकी दी कि यदि उन्होंने इस मामले में ज्यादा 'उछल-कूद' की तो उनको दिक्कत हो जाएगी। इस धोखाधड़ी के संबंध में, प्रसंग सिंह के सहपाठी स्वपनिल सोनी ने 15 सितंबर 2024 को मोतिगरपुर थाने में एफआईआर (मु0अप0संख्या-237/24) दर्ज कराई थी। यह एफआईआर भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 और 471 के तहत दर्ज की गई थी। हालांकि, शिकायत दर्ज हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे छात्र न्याय से वंचित हैं। प्रसंग सिंह ने जिलाधिकारी से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और नामजद आरोपियों को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो वह अपने परिवार के साथ जिलाधिकारी कार्यालय के सामने अन्न-जल त्यागकर आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना संख्या–या/ 301/इज्जत/25–26/ओ०टी–22

मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए, निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदण्डों के अनुसार ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं. 1; कार्य का संक्षिप्त विवरण:** यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 5460 आईसीएफ, एलएचबी, डेमू/मेमू/स्पार्ट/टीसी और एनएमजीएचएस बोगी घटकों की स्ट्रिपिंग एवं बोगी घटकों की सफाई का कार्य (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार) 02 वर्ष की अवधि के लिए। **अनुमानित मूल्य (₹ में):** ₹59,74,387.20 (उनसठ लाख चौहत्तर हजार तीन सौ सत्तसी रुपये और बीस पैसे मात्र); **जमानत राशि (₹ में):** ₹1,19,500/- (एक लाख उन्नीस हजार पांच सौ मात्र); **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में)** शून्य; **कार्य अवधि:** माह 02 वर्ष; **निविदा खुलने की तिथि व समय:** दिनांक 16.10.2025 को 15:30 बजे। **नोट: 1.** उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 25.09.2025 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 16.10.2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** ई–निविदा हेतु धरोहर राशि ई–भुगतान नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/उत्पादन
मुजाधि/यांत्रिक–70 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम रुस्तम सोहराब अली मंसूरी पुत्र मोहम्मद बशीर से बदल कर सोहराब अली (SOHRAB ALI) पुत्र मोहम्मद बशीर (MOHAMMAD BASHEER) कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। सोहराब अली पुत्र मोहम्मद बशीर, ग्राम- बर्डपुर न0-14 टोला गरीबपुर, पोस्ट- नौगढ़ तहसील नौगढ़ थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

कार्यालय: सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुददस्सिर खान पुत्र श्री अब्दुल रऊफ द्वारा मैनेजर की हैसियत से संस्था मस्जिदे तौहीद फुलपुर राजा समिति, ग्राम–फुलपुर राजा, पो.–बिस्कोहर, तहसील–इटवा, जिला–सिद्धार्थनगर के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार सर्व 01. श्री शाहिद अख्तर–सदर, 02. श्री मुददस्सिर खान–मुतवल्ली/मैनेजर, 03. श्री शहजाद खान–नायब मुतवल्ली/नायब मैनेजर, 04. श्री मोहम्मद उमर–खाजिन, 05. श्री अहमद–मेम्बर 06. श्री मोहम्मद द्राफिक–मेम्बर, 07. श्री मोहम्मद अहमद–मेम्बर दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

आज्ञा से
(बी.के. सिंह)–सहायक रजिस्ट्रार
गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **24.10.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे,** यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा फॉर्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध **ऑनलाईन भुगतान प्रणाली** में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

निविदा सूचना सं.	01022025 दिनांक 25.09.2025		
कार्य का नाम	वरि० मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ०रे०/लख० के अधीन झांसी/कबरई खदान से रेक द्वारा आपूर्ति के माध्यम से (IS/RDSO-CE/000:2023, फरवरी 2023 तथा नवीनतम करेक्शन स्लिप) के अनुसार 65 मिमी गेज मशीन से क्रश की गई कठोर पत्थर की बैलास्ट की आपूर्ति एवं ढेर लगाना, जैसा कि निर्देशित किया गया हो।		
अनुमानित लागत	₹1,55,58,000/-	धरोहर राशि	₹2,27,800/-
कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः (06) माह।		
निविदा डालने का प्रारंभ	10.10.2025	वेबसाइट www.ireps.gov.in	
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	24.10.2025 को 15:00 बजे		

नोटः 1. तकनीकी और बाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नई दिल्ली का पत्र सं० 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनांक 07.04.2015)

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2978/2025

ग्राम शिविर में महिलाओं को मिला सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का पाठ

डीएम ने स्थानीय निस्तारण पर दिया जोर

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आज, 26 सितंबर 2025 को, विकासखंड मुस्करा के ग्राम गहरौली में एक वृहद ग्राम जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, विधायक राठ मनीषा अनुरागी और जिलाधिकारी घनश्याम मीना की उपस्थिति रही। समस्या से समाधान की ओर थीम पर आयोजित इस शिविर में ग्रामीण जनता की समस्याएं सुनने के साथ ही कृषि, स्वास्थ्य, विकास आदि 25 विभागों द्वारा कैंप लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ जन सामान्य तक पहुंचाया गया। विशेष रूप से, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों और ग्रामीण महिलाओं को महिला उत्थान से संबंधित योजनाओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि सरकार महिलाओं को रोजगार/स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और सही मार्गदर्शन मिलने पर वे समाज और परिवार दोनों को सशक्त बना सकती हैं। डीएम ने जनपदवासियों से विकसित भारत @2047 और विकसित उत्तर प्रदेश @2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए समर्थ पोर्टल या क्यूआर कोड के माध्यम से अपने सुझाव प्रेषित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक बेहतर कार्ययोजना बनाने के लिए आपके सुझाव आवश्यक हैं। अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि जन सामान्य की समस्याओं का निपटारा स्थानीय स्तर पर ही सुनिश्चित कराया जाए और कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। विधायक राठ मनीषा अनुरागी ने महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं को कानूनी अधिकारों और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 181, 1090, 1098, 112, 108 एवं 1076 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को निर्भीक होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया और जनपद स्तर पर महिला उत्थान हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सीडीओ अरुण कुमार सिंह, डीसी मनरेगा राघवेंद्र सिंह, डीपीओ राजीव सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी और बड़ी संख्या में महिला शक्ति ने प्रतिभाग किया।

पैथोलॉजी विभाग, यूपीयूएमएस सैफई के रेज़िडेंट्स की यूपीपैथकॉन 2025 में उल्लेखनीय उपलब्धि

सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), सैफई के पैथोलॉजी विभाग के रेज़िडेंट्स ने 20-21 सितम्बर 2025 को बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में आयोजित यूपीपैथकॉन 2025, इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स एंड माइक्रो बायोलॉजिस्ट्स (IAPM) के यूपी चैप्टर के 32वें वार्षिक सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी की। रेज़िडेंट्स ने ओरल प्रेज़ेंटेशन, पोस्टर प्रेज़ेंटेशन और पीजी क्विज़ प्रतियोगिता में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। द्वितीय वर्ष की रेज़िडेंट डॉ.नीलशी पांडे ने अपने उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए ओरल पेपर प्रेज़ेंटेशन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पीजी क्विज़ प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की रेज़िडेंट्स डॉ.पारुल, डॉ.जसदीप और डॉ.एकता की टीम ने पांच चुनौतीपूर्ण राउंड्स वैकल्पिक प्रश्न (MCQ) -आधारित स्क्रीनिंग, क्वालीफ़ायर राउंड, इमेज-बेस्ड राउंड, गैम्बलिंग राउंड और रैपिड-फायर राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 12 टीमों में से द्वितीय स्थान हासिल किया।

शिक्षक महासंघ के प्रत्याशी होंगे सुरेश कुमार त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता

स्नातक एमएलसी चुनाव

हमीरपुर। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी का हमीरपुर दौरे के दौरान शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन शिक्षकों को समर्पित रहा है और आगे भी रहेगा। उनकी उपस्थिति से उन्हें भारी ऊर्जा मिली है। अपने निर्वाचन क्षेत्र के तूफानी दौरे पर आए सुरेश कुमार त्रिपाठी का स्वागत प्राथमिक शिक्षक संघ एवं शिक्षक महासंघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह चंदेल के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों ने किया। माध्यमिक शिक्षक संघ हमीरपुर के जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार श्रीवास एवं जिला मंत्री राहुल कुमार नगायच ने फूल-मालाओं से प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया। श्री विद्यामंदिर इंटर कॉलेज, हमीरपुर में आयोजित कार्यक्रम की व्यवस्था पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव एवं जिला उपाध्यक्ष सतानंद मिश्र ने संभाली। सभा को संबोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने दोनों संगठनों के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को रणविजय सिंह गौर, गजोधर प्रसाद यादव, जगपाल सिंह राजपूत, अरविन्द भदौरिया आदि ने भी संबोधित किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के रघुराज कुटार (कुरारा ब्लाक अध्यक्ष), लक्ष्मीशंकर (सुमेरपुर ब्लाक अध्यक्ष), जिला उपाध्यक्ष रावेन्द्र सिंह गौर सहित दो दर्जन से अधिक पदाधिकारियों और शिक्षकों ने भी अपने विचार रखे।

विश्व पर्यटन दिवस: हमीरपुर में ग्रामीण पर्यटन की नई राह

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। विश्व पर्यटन दिवस (27 सितंबर) के अवसर पर उत्तर प्रदेश का हमीरपुर जिला ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देकर सतत विकास और समुदाय आधारित आजीविका की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यमुना और बेतवा नदियों के बीच बसा यह जिला अपने प्राचीन मंदिरों, नदी किनारे के वनक्षेत्रों और बुंदेली संस्कृति की जीवंतता के लिए जाना जाता है। पर्यटन को भीड़-भाड़ वाले गंतव्यों से हटकर ग्रामीण और जन-केंद्रित अनुभव के रूप में पुनः परिभाषित करने की दिशा में हमीरपुर नई संभावनाएँ तलाश रहा है।

जिले के महेश्वरी माता, चौरादेवी, गौरा देवी, मरही माता, भुवनेश्वरी माता और शेर माता जैसे विरासत मंदिर, यमुना पाथवे पर सूर्योदय भ्रमण और सामुदायिक हस्तशिल्प पथ पर्यटकों को ग्रामीण अनुभव प्रदान करते हैं। बुंदेलखंड की समृद्ध संस्कृति–राइ नृत्य, रसिया गीत, लोककथाएँ और ग्राम्य उत्सव–हमीरपुर महोत्सव और तीज महोत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से जीवंत होती है। स्थानीय व्यंजन, जैसे मोटे अनाज, दालें, मौसमी सब्जियाँ और पारंपरिक मिठाइयाँ, होमस्टे और पाक कला कार्यशालाओं के जरिए पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं।पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि हमीरपुर की भौगोलिक सघनता छोटे सर्किटों के माध्यम से स्थानीय पंचायतों, होटल संचालकों, शिल्पकारों और कलाकारों के सहयोग को बढ़ावा देती है। ग्रामीण पर्यटन से होमस्टे, गाइड सेवाओं और हस्तशिल्प में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, साथ ही कृषि पर निर्भरता कम होगी। हालांकि, इसके लिए स्वच्छ शौचालय, संकेतक, कचरा प्रबंधन, मेजबानों का प्रशिक्षण और प्रभावी विपणन रणनीति जैसी बुनियादी सुविधाएँ आवश्यक हैं।

जिला प्रशासन, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और स्थानीय समुदायों के सहयोग से हमीरपुर पर्यटन को ग्रामीण समृद्धि और सांस्कृतिक गर्व का साधन बना सकता है। यहाँ की कहानी भव्य रिसॉर्ट्स की नहीं, बल्कि दीयों की रोशनी में सजे होमस्टे, नदी किनारे की सैर और लोकगीतों की स्मृतियों की है। हमीरपुर यह साबित कर सकता है कि छोटे जिले भी पर्यटन के जरिए बड़ी उपलब्धियाँ हासिल कर सकते हैं।

शब्दों के तीर और मर्यादा का सम्मान: जीवंत हुआ परशुराम-लक्ष्मण संवाद

सोनभद्र/रेणुकूट। हिंडाल्को रामलीला परिषद के तत्वावधान में रामलीला के तीसरे दिन की लीला का शुभारंभ हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक, मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह, एल्युमिना प्लांट हेड रोहित चौरसिया, पब्लिसिटी हेड- यशवंत कुमार व अन्य द्वारा श्री गणेश जी की आरती, श्री रामचरित् मानस का पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।

सीताजी द्वारा गौरी पूजन, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण-परशुराम संवाद व राम-सीता विवाह आदि का मंचन सजीवता से किया गया जिसने सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया । धनुष यज्ञ के प्रसंग में मिथिला नरेश राजा जनक की घोषणा पर शिव धनुष को भंग करने के लिए कई देश के राजकुमार मिथिला पहुंचते हैं। रावण भी स्वयंवर में पहुंचता है, परन्तु अपने आराध्य शिवजी की धनुष तोड़ने की बात पर वह स्वयंवर से हट जाता है। श्रीराम शिव धनुष को उठा प्रत्यंचा चढ़ाकर भंग कर देते हैं।

इस पर शिव भक्त परशुराम अपने आराध्य के धनुष को भंग होता देखकर अत्यन्त क्रोधित हो जाते हैं । जिसके बाद परशुराम और लक्ष्मण में तीखे संवाद होते हैं।

वेतन कटौती से नाराज श्रमिकों ने डीएलसी को सौंपा पत्रक

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ओबरा। ओबरा तापीय परियोजना के ईएमडी तृतीय में मेसर्स नीरज कंस्ट्रक्शन एवं अवर अभियन्ता के द्वारा कार्यरत संविदा कर्मचारियों के तीन महीने मई, जून और जुलाई के वेतन में से प्रत्येक मजदूर 2500 रुपये हर महीने की गई अवैधानिक कटौती के संबंध में श्रमिकों ने उपश्रमायुक्त पिपरी को कार्रवाई के लिए पत्रक सौंपा है, जिसमें वेतन कटौती और छटनी पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस बाबत ठेका मजदूर यूनियन के जिला उपाध्यक्ष तीरथराज यादव ने बताया कि ईएमडी तृतीय में कार्य करा रही कम्पनी द्वारा कार्यरत प्रत्येक मजदूर से 2500 रूपए प्रति माह कटौती की जा रही है। दरअसल अवर अभियन्ता और परियोजना प्रबंधन द्वारा संविदाकार के बिल से प्रत्येक महीना 20 हजार रुपया कटौती किया जा रहा है। इस कारण संविदाकार हर मजदूर से मई, जून और जुलाई के वेतन से 2500 रूपया काट ले रहा है। अगस्त माह के वेतन से भी 2500 रूपए की कटौती कर ली गई है, जो अवैधानिक है। जबकि मजदूर 26 दिन 8 घंटे की ड्यूटी कर रहा है। हालत इतनी बुरी है कि संविदाकार ने मजदूर क्रमशः राम आशीष यादव, राजकुमार यादव और रामनिवास को बिना कोई नोटिस और सूचना दिए काम से ही निकाल दिया है। ऐसी स्थिति में मजदूरों ने निवेदन किया कि प्रकरण को संज्ञान में लेकर ओबरा तापीय परियोजना के संविदाकार मेसर्स नीरज कंस्ट्रक्शन की अवैधानिक कार्रवाई पर रोक लगाकर कटौती की धनराशि को वापस कराने और काम से की गई अवैधानिक छंटनी को समाप्त कर काम पर बहाल करने के लिए उचित आदेश देने का कष्ट करें।

नवरात्रि और जुमे की नमाज़ को लेकर प्रशासन सख्त

हमीरपुर। नवरात्रि पर्व और जुमे की नमाज़ को देखते हुए, आज दिनांक 26 सितंबर 2025 को जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हमीरपुर और राठ कस्बों में ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल का सघन निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राठ कस्बे में अपर जिलाधिकारी हमीरपुर और अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर ने पुलिस बल को चेक किया। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने स्वयं कस्बा हमीरपुर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने सभी पुलिसकर्मियों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, बाजारों, धार्मिक स्थलों और संवेदनशील स्थानों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों ही कस्बों में पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च भी निकाला गया, जिसका उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखना है। इसके अलावा, सभी थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त एवं चेकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

नगर पंचायत सभागार में लोक कल्याण मेला व खाद्य सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/चोपन। नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पुनर्गठन लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया। इसी क्रम में खाद्य कारोबार कर्ताओं हेतु प्रशिक्षण एवं खाद्य सुरक्षा जागरूकता पंजीकरण कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस योजना के माध्यम से लाभार्थियों को न केवल वित्तीय सहायता मिल रही है बल्कि उनके कारोबार को और सुरक्षित व सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को नई ऊँचाई देंगे।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चीफ रामसुंदर पटेल ने उपस्थित लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन न केवल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि कारोबार की साख बनाए रखने में भी सहायक है। उन्होंने खाद्य कारोबारियों को पंजीकरण की अनिवार्यता, स्वच्छता के मानक तथा खाद्य पदार्थों के संरक्षण और तैयारी में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में सभासद नागेंद्र यादव, सुशील साहनी, लिपिक अंकित पांडे, मनोज शुक्ला, पंकज चौधरी, दीपक कुमार सहित नगर के कई लाभार्थी उपस्थित रहे।

बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक रावण दहन की भव्य तैयारी रेनुसागर में जोरो पर

हिंडालको रेनुसागर में विशाल रावण के पुतले की लंबाई 65 फ़ीट

अवधनामा संवाददाता

अनपरा/सोनभद्र। हिंडालको इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, रेनुसागर में यूनिट हेड आर पी सिंह के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व की भव्य तैयारियाँ पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ चल रही हैं। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।उक्त आशय की जानकारी श्री रेनुसागर रामलीला समिति के अध्ययन नवींद्र पाठक ने बताया कि आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कालेज रेनुसागर के मैदान में विशाल रावण के पुतले का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी ऊँचाई लगभग 65 फीट होगी। जिसको बनाने में दो दर्जन से अधिक कर्मचारी लगे है। आयोजन समाज को यह संदेश देता है कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंततः अच्छाई की ही विजय होती है। स्थानीय कलाकारों की भागीदारी से मुख्य आकर्षण रामलीला मंचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम में रहेगा लक्ष्मण-मेघनाद संबाद ,राम -रावण युद्ध,मेघनाद बध, रावण बध ,जब रावण मृत्युशय्या पर होता है, तब भगवान श्रीराम लक्ष्मण को यह आदेश देते हैं कि वे रावण से नीति और ज्ञान की शिक्षा लें। लक्ष्मण पहले रावण के सिर की ओर खड़े होकर उपदेश माँगते हैं, लेकिन रावण कुछ नहीं कहता। जब श्रीराम पुनः लक्ष्मण को निर्देश देते हैं कि वे रावण के चरणों की ओर खड़े होकर विनम्रता से ज्ञान प्राप्त करें, तब रावण अपने अंतिम समय में अमूल्य जीवन दर्शन और राजनीति की बातें बताता है।तत पश्चात रावण दहन आतिशबाज़ी का कार्यक्रम होगा।हिंडालको प्रबंधन की ओर से बताया गया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को प्रबल करता है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सशक्त बनाता है। सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं और आगंतुकों की सुविधा हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। सभी रेनुसागर वासियों एवं समीपवर्ती क्षेत्रों के नागरिकों से आग्रह किया जाता है कि वे सपरिवार इस आयोजन में पधारें और बुराई पर अच्छाई की जीत के इस पर्व का हिस्सा बनें।इस अवसर पर रोहित सक्सेना,संजीव श्रीवास्तव एवं सदानन्द पांडेय ने रावण के पुतले से सम्बंधित जानकारी साझा की।

मुख्यमंत्री द्वारा छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। मुख्यमंत्री द्वारा छात्रवृत्ति वितरण समारोह कार्यक्रम के आयोजन का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया, इस दौरान मुख्यमंत्री जी द्वारा छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र का वितरण लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या, विधायक सदर भूपेश चैबे, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राबर्ट्सगज रूबी प्रसाद, क्षेत्र पंचायत सदस्य चुर्क मोहन कुशवाहा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह भदौरिया, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र देव पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री जी के सम्बोधन का सजीव प्रसारण को देखा। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र का वितरण माव विधायकगण व जिलाधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा किया गया, इस अवसर पर विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आज बच्चों को छात्रवृत्ति की धनराशि उनके खाते में

हस्तान्तरित की गयी है, जिससे पुस्तक व शैक्षणिक सामग्री आदि की खरीदारी करते हुए पठन-पाठन के कार्य को करने में सहायता मिल सकेगी। जनपद में बेहतर शिक्षा ग्रहण करने से ही छात्र-छात्रा अच्छे अंक से उत्तीर्ण होंगें और जनपद का नाम रोशन करेंगें। इस दौरान विधायक सदर भूपेश चैबे ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा आज त्यौहार के पूर्व ही छात्र-छात्राओं के खाते में धनराशि हस्तान्तारित करने का कार्य किया गया है, छात्रवृत्ति योजना छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती है ताकि छात्र-छात्रा अपनी शिक्षा जारी रख सकें। यह योजना एस0सी0/ एस0टी0/ ओ0बी0सी0/सामान्य और अल्पसंख्यक श्रेणियों के छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान करती है, योग्य छात्र समाज कल्याण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एन0एस0पी0) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के छात्र-छात्रा बेहतर शिक्षा प्राप्त कर समाज में बेहतर प्रमुख स्थान प्राप्त कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय के माध्यम से श्रमिक के बच्चों को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है, जिससे कि उनके जीवन में बेहतर सुधार होगा, प्रदेश सरकार बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु संकल्पित है। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराती है, उसी प्रकार से प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति 5.0 अभियान प्रारंभ की है, जिससे कि बालिकाओं को समाज सुरक्षा के साथ ही बेहतर शिक्षा ग्रहण करने में किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए थानों में महिला हेल्पलाईन डेस्क की भी स्थापना की गयी है।

संक्षिप्त समाचार

ऑनलाइन शॉपिंग पर जताई चिंता

हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)। उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा आज हमीरपुर पहुंचे, जहां व्यापारियों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। आगमन के बाद, उन्होंने हमीरपुर मुख्यालय के सुभाष बाजार का भ्रमण किया और स्थानीय व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित किया। अपने दौरे के दौरान, प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने तेजी से बढ़ रही ऑनलाइन शॉपिंग के चलन पर गहन चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती पहुँच से स्थानीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। श्री मिश्रा ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए और आमजन से अपील करते हुए स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए यह आवश्यक है कि हम स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें और स्थानीय दुकानों से खरीदारी करें। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों के हितों और समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की।

एसएसपी ने परेड की ली सलामी

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों सहित प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। तत्पश्चात उन्होंने यूपी 112 पीआरवी का निरीक्षण कर पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन के लिए निर्देश दिए। एस एस पी ने आरटीसी कार्यालय, आरटीसी बैरक, मेस आदि का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, गुणवत्ता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदि पर उल्लेखनीय रुप से आदेश-निर्देश प्रदान किया। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति 5.0: छात्राओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के विभिन्न अवसरों की जानकारी विस्तार से दी

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी ने छात्राओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के विभिन्न अवसरों की जानकारी विस्तार से प्रदान की। उन्होंने कहा कि आज छात्राएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, और यदि उन्हें सही मार्गदर्शन व अवसर मिले तो वे समाज और परिवार दोनों को सशक्त बना सकती हैं। जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत जो यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसमें बालिकाएं शक्ति की कुंज है उनमें क्षमता है मातृशक्ति बच्चियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महसूस कराया जा सकता है वह अवला नहीं सबला है। कार्यक्रम के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार, जिला पूर्ति निरीक्षक आरफा व अध्यापकों सहित छात्राएं उपस्थित रही।

डीएम, एसएसपी ने शहर का भ्रमण किया, मस्जिदों व ईदगाह के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं जुम्मे की नामाज के अंतर्गत जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा शहर क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्थ किया गया एवं मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता के प्रति प्रेरित किया, साथ ही मिशन शक्ति अभियान की महत्ता बताते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान जनता को आश्वस्त किया गया कि कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु पुलिस-प्रशासन निरंतर तत्पर है। नमाज़ स्थल पर आने-जाने वाले मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त, ड्रोन कैमरा/सीसीटीवी निगरानी एवं एंटी-रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता सुनिश्चित की गई। इस दौरान एसडीएम विक्रम राघव, क्षेत्राधिकारी नगर अभय नरायण राय, महिला थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

नगर पंचायत डाला में चला स्वच्छता अभियान, अधिशासी अधिकारी व सभासदों ने किया श्रमदान

सोनभद्र/डाला। नगर पंचायत डाला क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत गुरुवार को विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डाला सहित सभी वार्डो के सभासदों ने 2 घंटे तक श्रमदान कर क्षेत्र में झाड़ू लगाकर एवं कचरा हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। सभी लोग यदि मिलकर प्रयास करें तो नगर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और गंदगी फैलाने से बचें। सभी वार्ड के सभासदो ने भी नगरवासियों से अपील की कि वे इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दें और अपने घरों एवं आसपास के इलाकों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। इस मौके सभी सभासद और नगर पंचायत कर्मियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे और सभी ने मिलकर साफ-सफाई में हिस्सा लिया।

हुसैनाबाद ट्रस्ट में भ्रष्टाचार खिलाफ मौलाना कल्बे जव्वाद का प्रदर्शन

- सड़क निर्माण बंद होने तक प्रशासन से वार्ता नहीं
- वक्फ संपत्तियों पर कब्ज़े बर्दाश्त नहीं होंगे, रोज़ाना होगी एक अंजुमन की रैली
- ट्रस्ट की आय शिया समाज की भलाई पर खर्च हो, शियों के हवाले किया जाए
- डीएम ट्रस्ट के मालिक नहीं, सिर्फ़ केयरटेकर हैं: कल्बे जव्वाद

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हुसैनाबाद एण्ड एलाइड ट्रस्ट में भ्रष्टाचार और वक्फ सम्पत्तियों पर अवैध कब्जों को लेकर मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी के नेतृत्व में जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शन किया गया। मौलाना कल्बे जव्वाद के नेतृत्व में नमाजी आसिफी मस्जिद के बाहर फूल मण्डी सड़क तक आए, जहां मौलाना कल्बे जव्वाद ने ट्रस्ट की जमीन को अवैध रूप से सड़क में शामिल करने का विरोध जताया। मौलाना ने कहा कि जब तक सड़क निर्माण कार्य बंद नहीं होगा जिला प्रशासन से कोई वार्ता नहीं होगी। मौलाना ने कहा कि रविवार को अंजुमनों के साथ बैठक के बाद जनसभा या अगली रणनीति का ऐलान किया जाएगा। मौलाना ने कहा कि जिलाधिकारी को समझ लेना चाहिए कि यह पहला और आखिरी प्रदर्शन नहीं बल्कि ट्रस्ट में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार आवाज उठा विरोध करेंगे।

हमारा सब्र अब जवाब दे चुका है। वक्फ सम्पत्तियों पर अवैध कब्जे बर्दाश्त नहीं होंगे। प्रतिदिन एक अंजुमन प्रदर्शन करेगी और जब तक सड़क निर्माण का काम बंद नहीं होगा जिला प्रशासन से कोई बातचीत नहीं होगी। उन्होंने शुक्रवार सुबह जिलाधिकारी की ओर से एडीएम व संबंधित अधिकारियों के वार्ता के लिए आने और प्रदर्शन स्थगित करने की बात का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने किस अधिकार से ट्रस्ट की जमीन अपनी मर्जी से दी और कहा कि ट्रस्ट को उसका मुआवजा भी न दिया जाए। नेक काम के लिए जमीन चाहिए तो सरकारी जमीनें आवंटित करें और जिलाधिकारी का बंगला बहुत बड़ा है उसमें गरीबों को बसाया जाए। वक्फ की जमीनों पर ही नेक काम करने की याद क्यों आती है। जिलाधिकारी केवल ट्रस्ट का केयरटेकर है मालिक नहीं। इसलिए वह किसी को जमीन आवंटित नहीं कर सकते। हुसैनाबाद ट्रस्ट शियों का ट्रस्ट है लेकिन इससे होने वाली आय से शियों की भलाई का कोई काम नहीं होता। ट्रस्ट डीड के अनुसार न तो छात्रों को छात्रवृत्ति मिलती है और न ही गरीबों की मदद होती है। मौलाना ने कहा कि ट्रस्ट की आमदनी डीड के अनुसार खर्च हो। ट्रस्ट सरकार या डीएम की मिल्कियत नहीं बल्कि शियों की है।

इसलिए शियों के हवाले की जाए। प्रदर्शन के दौरान मौलाना सरताज हैदर, मौलाना रजा हुसैन रिजवी, मौलाना शबाहत हुसैन, मौलाना फिरोज हुसैन, मौलाना तसनीम मेहदी, मौलाना तफसीर हुसैन, मौलाना आदिल फराज, मौलाना नजर अब्बास सहित अन्य उलमा व बड़ी संख्या में नमाजी शामिल थे।

पेरिस एक्सपो में छाया उत्तर प्रदेश पर्यटन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन ने इंटरनेशनल एंड फ्रेंच ट्रैवल मार्केट (आईएफटीएम टॉप रेसा 2025) में शानदार भागीदारी कर राज्य की संस्कृति, विरासत और पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। पेरिस एक्सपो पोर्टे डे वर्साइलीज़ में लगे पर्यटन विभाग के स्टॉल को दर्शकों ने आकर्षक बताया। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस आयोजन में कन्नौज की पारंपरिक इत्र निर्माण कला और यूपी के इको-टूरिज्म आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने बताया कि यह उत्तर प्रदेश की संस्कृतिक, विरासत और पर्यटन क्षेत्र की वैश्विक पहचान दिलाने में सफलता मिलेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पेरिस में लगे उत्तर प्रदेश पवेलियन में कानपुर का परफ्यूम टूरिज्म सबसे बड़ा आकर्षण रहा। अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों ने इस पारंपरिक कला को बड़े उत्साह के साथ देखा और सराहा।

मिशन शक्ति 5.0 : काकोरी पुलिस ने लगाई ग्राम चौपाल

- पुलिस ने साइबर जागरूकता और सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

अवधनामा ब्यूरो

काकोरी, लखनऊ। शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर मिशन शक्ति 5.0 के तहत, काकोरी पुलिस ने गुरुवार को ग्राम सकरा, चौकी घुरघुरी तालाब क्षेत्र में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया और ग्राम चौपाल का आयोजन किया। प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र राठौर के नेतृत्व में, उप-निरीक्षक छत्रजीत सिंह, महिला उप-निरीक्षक दिनेश कुमारी और महिला उप-निरीक्षक आकांक्षा सिंह सहित पूरी मिशन शक्ति टीम ने ग्राम सकरा का दौरा किया। इस दौरान टीम ने ग्राम प्रधान राजकुमारी मौर्या के साथ मिलकर चौपाल लगाई, जिसमें क्षेत्र की आशा बहुएं और आंगनबाड़ी कार्यकत्री भी मौजूद रहीं।पुलिस टीम ने मिशन शक्ति 5.0 के लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि यह मिशन हमारी बहनों और बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का एक बड़ा संकल्प है। उन्होंने समाज से मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाने का आह्वान किया, जहां हर बालिका सम्मान के साथ अपना जीवन जी सके और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।मीटिंग के दौरान महिलाओं को सुरक्षा, नारी स्वावलंबन और साइबर जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। इसके साथ ही, महिलाओं के लिए समर्पित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। टीम ने संकट के समय उपयोग के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्प लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्प लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) और यूपी कॉप ऐप के बारे में जागरूक किया।

पीएम मोदी और भाजपा की मानसिकता महिला व दलित विरोधी : अजय राय

लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के मथुरा दौरे के दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री की गैरमौजूदगी को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर देश की पहली आदिवासी महिला और लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान बताया है। श्री राय ने कहा कि यह पहला मौका नहीं है जब सत्तारूढ़ दल भाजपा ने महामहिम राष्ट्रपति का अपमान किया है। जब नई संसद का उद्घाटन हुआ तब उन्हें बुलाया नहीं गया और राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में भी राष्ट्रपति जी नहीं दिखीं। यह घटनाएं बताती हैं कि पीएम मोदी और भाजपा की मानसिकता महिला और दलित विरोधी है। श्री राय ने कहा कि मोदी जी ने सारी शक्तियां खुद में समाहित कर देश में एक अघोषित आपातकाल लगा दिया है। हालात इतने बदतर हैं कि भारत गणराज्य की महामहिम राष्ट्रपति को भी यह लोग कुछ नहीं समझते और हर दिन लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार करने से बाज नहीं आते।

विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति ने निजीकरण की प्रक्रिया तेज होने पर जारी किया एलर्ट

अवधनामा ब्यूरो

- नियामक आयोग से आरएफपी डॉक्यूमेंट को मंजूरी न देने और संघर्ष समिति से वार्ता करने का अनुरोध

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण की प्रक्रिया तेज होने की आशंका के बीच बड़ा एलर्ट जारी किया है। संघर्ष समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का टेंडर होते ही प्रदेश के सभी बिजली कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार और सामूहिक जेल भरो आंदोलन शुरू कर देंगे। संघर्ष समिति ने विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। केंद्रीय पदाधिकारियों ने चेयरमैन को पत्र भेजकर अनुरोध किया है कि पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए निजीकरण के आर.एफ.पी. डॉक्यूमेंट को आयोग किसी भी हाल में मंजूरी न दे। समिति ने अपना पक्ष विस्तार से रखने के लिए नियामक आयोग से वार्ता का समय भी मांगा है।

संघर्ष समिति का कहना है कि निजीकरण होने के बाद लगभग 50 हजार संविदा कर्मियों की छंटनी हो जाएगी, जबकि 16 हजार 500 नियमित कर्मचारियों की नौकरी खतरे में पड़ जाएगी। कॉमन कैडर के अभियंताओं और जूनियर इंजीनियरों पर भी नौकरी जाने और पदावनति का खतरा उत्पन्न होगा। समिति ने कहा कि निजीकरण का सबसे अधिक दुष्प्रभाव बिजली कर्मियों पर पड़ेगा, इसलिए बिना उनका पक्ष सुने कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए, बल्कि आर.एफ.पी. डॉक्यूमेंट को सीधे निरस्त कर देना चाहिए। पदाधिकारियों ने पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा जोर-जबरदस्ती से निजीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

संस्कृत विषय से सिविल सेवा योगी सरकार की अनोखी पहल

- संस्कृत संस्थान द्वारा आयोजित सिविल सेवा योजना की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न
- निःशुल्क शिक्षा और छात्रवृत्ति से मिलेगी अभ्यर्थियों को सफलता
- 69 छात्र अब तक सफल, बढ़ रही संस्कृत की लोकप्रियता

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भाषा विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा सिविल सेवा परीक्षा योजना की प्रवेश परीक्षा रविवार को बाबूगंज स्थित रामाधीन इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में लगभग 450 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 850 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया था। योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उन छात्रों को मिलता है जो सिविल सेवा परीक्षा में संस्कृत साहित्य को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनते हैं। उन्हें निःशुल्क शिक्षा, अध्ययन सामग्री के साथ तीन हजार रुपये मासिक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाती है। छात्रों का चयन प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाता है तथा इस योजना की कक्षाएँ हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों माध्यमों में संचालित होती हैं। ऑनलाइन क्लास और टेस्ट सीरीज की सुविधा भी छात्रों को प्रदान की जाती है। 2019 से संचालित इस योजना के अंतर्गत अब तक छह सत्र पूरे हो चुके हैं और सातवें सत्र के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई। योजना के संयोजक डॉ. शीलवन्त सिंह ने जानकारी दी कि अब तक इस योजना से लाभान्वित होकर 4 छात्र आईएएस, 22 छात्र पीसीएस और 43 छात्र विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं में चयनित हो चुके हैं। कुल मिलाकर 69 छात्र इस योजना के माध्यम से सफल हुए हैं।

जीएसटी दरों में कमी पर व्यापारियों ने सरकार का जताया आभार

लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)। हज़रतगंज के व्यापारिक क्षेत्र में विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी, राष्ट्रीय लोक दल की राष्ट्रीय सचिव नम्रता शुक्ला, आदित्य शुक्ला तथा व्यापारी इमरान ख़ान ने व्यापारियों से मुलाक़ात की। इस दौरान प्रमुख मुद्दा जीएसटी की घटी हुई दरें रहीं, जिन पर व्यापारियों ने खुलकर अपनी राय रखी। व्यापारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी संरचना को सरल और दरों को कम करने का निर्णय ऐतिहासिक है। यह कदम छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए बड़ी राहत है।मुलाक़ात के दौरान यह भी चर्चा हुई कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सक्रिय नीतियों और केंद्र सरकार की पहल से व्यापार जगत को नई दिशा मिल रही है। व्यापारियों ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से न केवल कारोबार को गति मिलेगी बल्कि उपभोक्ताओं को भी सीधा लाभ होगा। व्यापारियों ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि यह कदम देश की अर्थव्यवस्था और उत्तर प्रदेश के व्यापारिक माहौल को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

36 चालू कार्यों हेतु धनराशि अवमुक्त

लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)। उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्ग योजनान्तर्गत विभिन्न जनपदों के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण के 36 चालू कार्यों हेतु रू0 01 अरब 16 करोड़ 11 लाख 06 हजार की धनराशि का आवंटन किया गया है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उ0प्र0 शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र निर्धारित समयावधि में महालेखाकार एवं शासन को उपलब्ध कराया जाय। जारी शासनादेशों में यह भी उल्लिखित किया गया है कि कार्य को हर हाल में ससमय पूर्ण करना और समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाय।

71 चालू कार्यों हेतु 07 करोड़ अवमुक्त

लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)। उ0प्र0 सरकार द्वारा चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण /नवनिर्माण/पुनर्निर्माण कार्यों हेतु एकमुश्त व्यवस्था योजनान्तर्गत 71 चालू कार्यों हेतु रू0 07 करोड़ 81 लाख 68 हजार की धनराशि का आवंटन किया गया है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उ0प्र0 शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में निर्देश दिये गये हैं कि सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा आवंटित धनराशि का व्यय अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप किया जाय तथा अन्य किसी मद में न किया जाय। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये हैं कि निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापरक पूर्ण कराते हुये उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं फोटोग्राफ्स शासन को उपलब्ध कराया जाय।

जेडी विमेंस कॉलेज में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो

पटना/लखनऊ। स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा शहर के जेडी विमेंस कॉलेज में स्वच्छता टॉक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का संचालन एवं लोकगीतों की प्रस्तुति नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम की संकल्पना कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. मीरा कुमार ने तैयार की और कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. हिना रानी और डॉ. मंजरी नाथ तथा तान्या शर्मा ने उसे संपादित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वच्छता टॉक में कॉलेज की छात्राओं ने स्वच्छता के लिए जन भागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि जब तक हर व्यक्ति स्वच्छता के प्रति जागरूक नहीं रहेगा, शहर को स्वच्छ बनाना मुश्किल रहेगा। विश्व का जो भी शहर स्वच्छ और सुंदर हुआ है, उसमें हर जन की भागीदारी रही है। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि अपने शहर और देश की स्वच्छता के प्रति समर्पित भाव से काम करेंगे और इधर-उधर कूड़ा-कचरा नहीं फैलाएंगे। पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा दैनिक आधार पर काम किया जाता है। और प्रतिदिन सैंकड़ों कर्मचारी और गाड़ियां कूड़े को इकट्ठा करने के लिए घर-घर जाती हैं।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती

लखनऊ। देश के पूर्व प्रधानमंत्री महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। पूर्व मंत्री राजबहादुर ने डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजबहादुर ने डॉ. मनमोहन सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि डॉ. सिंह के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदार छवि और दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, गरीबों और वंचितों के लिए उनके साहसिक निर्णय और मजबूत अर्थव्यवस्था के निर्माण में उनका ऐतिहासिक योगदान हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। उनकी सादगी, विनम्रता और ईमानदारी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कण्ट्रोल रूम प्रभारी विजय बहादुर, चिकित्सा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. पी.के. त्यागी, अनस रहमान, अमानुर्रहमान सहित अन्य ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

भाषा विश्वविद्यालय में नाट्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव का रंगारंग आयोजन

- एड मैड, माइम और नुक्कड़ नाटक में छात्रों ने दिखवाई असाधारण प्रतिभा
- खुशबूदार चप्पल प्रस्तुति ने जीता सबका दिल, टीम बनी प्रथम विजेता
- माइम और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं ने बाँधा समां, दर्शकों ने की खूब सराहना

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के ड्रामेटिक्स क्लब ने कुलपति प्रो. अजय तनेजा के प्रेरणास्रोत नेतृत्व में एक भव्य नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का संयोजन आफरीन फातिमा ने अपने दल के सहयोग से किया। मार्गदर्शन में संयोजक डॉ. मूसी रज़ा, डॉ. जिया जाफरी, डॉ. हिनादी अकबर तथा छात्र समन्वयक श्री वंश गुप्ता एवं श्री जशनदीप सिंह शामिल रहे। आयोजित कार्यक्रमों में एड मैड, माइम और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताएं सम्मिलित रहीं। विद्यार्थियों ने असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया और कार्यक्रम एक सच्चे नाट्य महोत्सव का रूप ले लिया, जहां छात्रों ने मिमिक्री, शायरी, कविता, गायन और नृत्य भी प्रस्तुत किया। एड मैड प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. अभय कृष्ण एवं डॉ. सैयद असगर हुसैन रिज़्वी ने किया।

प्रथम स्थान सागर श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला, अनुराधा, प्रवीण, निकित और प्रिंस ने खुशबूदार चप्पल पर प्रस्तुति देकर प्राप्त किया। द्वितीय स्थान समीक्षा, तनु, राधिका, अंशिका, रोमा और अरिशा की टीम ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान वंशिका, अर्पिता, मोहम्मद फर्दीन, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद काशिफ और जया रावत ने हासिल किया।

माइम प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. मुनव्वर हुसैन और डॉ. काज़िम असगर रिज़्वी रहे।

लखनऊ में भव्य उद्घाटन के साथ आएगा पीएनजी ज्वेलर्स का नया शोरूम

PNG JEWELLERS

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मराठा साम्राज्य की धरती से लखनऊ में ज़ेवर की दुनिया में शुद्धता और अनेकों आकर्षक स्कीमों के साथ पीएनजी ज्वेलर्स 27 सितम्बर को भव्य उद्घाटन के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को तैयार है। पत्रकारपुरम के पास विवेक खंड गोमती नगर में पीएनजी ज्वेलर के शोरूम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन करेंगी उद्घाटन के साथ ही पीएनजी अपनी स्कीमों की धमाकेदार शुरूआत करेगा जो नवरात्री के शुभ अवसर पर ग्राहकों को अपनी तरफ खीचेगा।

ऐरा कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में राष्ट्रीय फ़ार्माकोविजिलेंस सप्ताह का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। ऐरा यूनिवर्सिटी के अंतर्गत ऐरा कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में पाँचवाँ राष्ट्रीय फ़ार्माकोविजिलेंस सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस वर्ष का विषय था आपकी सुरक्षा, बस एक क्लिक दूर रिपोर्ट करें PvPI को। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. (डॉ.) मोहम्मद आसिफ़ के करकमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर डॉ. मोहिनी चौरसिया तथा डॉ. राजकुमार तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. मोहिनी चौरसिया ने प्राचार्य महोदय का स्वागत पौधा भेंट कर किया। अपने स्वागत भाषण में प्रो. (डॉ.) मोहम्मद आसिफ़ ने विद्यार्थियों को फ़ार्माकोविजिलेंस के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार दवाओं के प्रतिकूल प्रभावों की सही पहचान और समय पर रिपोर्टिंग रोगी सुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत आवश्यक है। सप्ताह के अंतर्गत अनेक शैक्षणिक व जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

फ़ार्माकोविजिलेंस विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें बी.फार्मा एवं डी.फार्मा के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बी.फार्मा अंतिम वर्ष की टीम विजेता रही। इसके अतिरिक्त बी.फार्मा प्रथम एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज को दवाओं के प्रतिकूल प्रभाव, औषधि सुरक्षा तथा P1PI को रिपोर्टिंग की अनिवार्यता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. आलोक शियोमूर्ति त्रिपाठी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। उन्होंने समस्त संकाय एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों में विषयगत समझ विकसित करते हैं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति ज़िम्मेदार भी बनाते हैं। यह आयोजन निस्संदेह विद्यार्थियों में फ़ार्माकोविजिलेंस के महत्व को रेखांकित करने तथा उन्हें सुरक्षित औषधि प्रयोग की दिशा में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करने में सफल रहा।

यूपी में निवेश की अपार संभावनाएं: राकेश सचान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहालखनऊ उत्तर प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव मदद करेगी।÷ यह कहना है उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम , खादी, हथकरघा और वस्त्र मंत्री राकेश सचान का। उक्त बातें उन्होंने शुक्रवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन आयोजित भारत-रूस बिजनेस डायलॉग को संबोधित करते हुए कहीं। मंत्री राकेश सचान ने रूस के अधिकारियों और कारोबारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन दोनों देशों के कारोबारी रिश्तों को नई ऊंचाई देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन से भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। राकेश सचान ने कहा कि भारत के औद्योगिकीकरण के समर्थन करने के दिनों से आज रणनीतिक साझेदारी तक हमारा सहयोग रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और अब विभिन्न सेक्टरों तक विकसित हुआ है।

नवरात्री दुर्गा पूजा समिति बाल्दा कालोनी निशातगंज के सदस्यों ने 24वां दुर्गा पूजा उत्सव का किया आयोजन